

नामांकन दाखिल करते समय सतर्क रहें तृणमूल प्रत्याशी अफसर कर सकते हैं खारिजः ममता - 12




मार्च में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ जीएसटी संग्रह - 12



क्रीमिया में रूसी सेना का विमान क्रैश, 29 की मौत - 13



केकेआर के स्पिनरों को सनराइजर्स के खिलाफ दिखाना होगा दम- 14

आज का मौसम
36.0° अधिकतम तापमान
22.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.04
सूर्यास्त 06.33

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 07:41 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 2 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 364, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

## झटका : दोगुनी हुईं एटीएफ की कीमतें, घरेलू एयरलाइंस के लिए 8.5% वृद्धि

- पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच कच्चा तेल 100 डॉलर के पार चले जाने के बाद विमान ईंधन की कीमतों में किया गया बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक स्तर पर तेल कीमतों में आए उछाल के कारण एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) यानी विमान ईंधन की कीमत बुधवार को बढ़ाकर रिकॉर्ड 2.07 लाख रुपये प्रति किलोलीटर से अधिक कर दी गई। हालांकि, घरेलू विमानन कंपनियों को अन्य संचालकों की तुलना में करीब आधी कीमत चुकानी होगी।

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने उनके लिए इसे 8.5 प्रतिशत तक सीमित रखा है। इसके साथ वाणिज्यिक एलपीजी और प्रीमियम व ब्रांडेड पेट्रोल-डीजल की दरों में भी वृद्धि की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के अनुसार, घरेलू एयरलाइन कंपनियों के लिए एटीएफ की कीमत में 8,289.04 रुपये प्रति किलोलीटर या 8.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। उन्हें विमान ईंधन 104,927.18 रुपये प्रति किलोलीटर की कीमत पर मिलेगा। पिछले महीने यह 96,638.14 रुपये प्रति किलोलीटर थी। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतें एक महीने में 100 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो जाने के बावजूद केवल 25 प्रतिशत की आंशिक एवं चरणबद्ध बढ़ोतरी का भार ही विमानन कंपनियों पर डाला जा रहा है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दोनों आंकड़ों के बीच अंतर को यह कहते हुए स्पष्ट किया कि एक आंकड़ा सभी उपकर व करों सहित अंतिम दर को दर्शाता है, जबकि 25 प्रतिशत का आंकड़ा एटीएफ के आधार मूल्य पर की गई बढ़ोतरी को बताता है। उन्होंने कहा कि एटीएफ कीमतों में संशोधन के मामले में संतुलित दृष्टिकोण अपनाया गया है, ताकि इसका प्रभाव न्यूनतम रहे।

### एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल, ऑक्टेन पेट्रोल भी महंगा

- व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर का 195.50 रुपये बढ़ाया गया है मूल्य

व्यावसायिक एलपीजी की कीमत में मंगलवार को 195.50 रुपये प्रति सिलेंडर की वृद्धि की घोषणा की गई थी। अब देश में बिकने वाले चुनिंदा प्रीमियम या ब्रांडेड पेट्रोल और डीजल के दाम भी बढ़ाए गए हैं। मूल्यवृद्धि के बाद देश में एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल की कीमत 1.50 रुपये बढ़कर 92.99 रुपये प्रति लीटर हो गई है। वहीं 100 ऑक्टेन पेट्रोल (एक्सपी100) की कीमत 11 रुपये प्रति लीटर बढ़कर 160 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। इस प्रकार के ईंधन का इस्तेमाल दो से पांच प्रतिशत तक है। सामान्य या बिना ब्रांड वाले पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित हैं। साथ ही घरेलू खाना पकाने वाली गैस एलपीजी की दरें भी यथावत हैं।

### पहली बार एटीएफ दो लाख के पार

यह पहला मौका है जब एटीएफ की कीमत दो लाख रुपये किलोलीटर के स्तर को पार कर गई है। इससे पहले 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद कीमतें बढ़कर करीब 1.1 लाख रुपये प्रति किलोलीटर के स्तर पर पहुंची थीं। एटीएफ कीमतों में एक मार्च को 5.7% /यानी 5,244.75 रुपये किलोलीटर की बढ़ोतरी की गई थी।

### पहले ही बढ़ी ईंधन खपत से जूझ रही एयरलाइन कंपनियों पर बढ़ेगा दबाव

**नई दिल्ली।** ईंधन की कीमतों में यह उछाल एयरलाइन कंपनियों पर अतिरिक्त दबाव डालेगा क्योंकि परिचालन लागत में ईंधन की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत रहती है। साथ ही पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण कई हवाई मार्ग बंद होने से विमानों को लंबे रास्तों से उड़ान भरनी पड़ रही है जिससे ईंधन की खपत भी बढ़ रही है। इस कारण अब हवाई यात्रा महंगी होने की आशंका है। गौरतलब है कि नॉन शेड्यूल्ड, एडहॉक और चार्टर जैसी उड़ानों के लिए एटीएफ की कीमत 1,10,703.08 रुपये किलोलीटर से 114.5 प्रतिशत बढ़ाकर 2,07,341.22 रुपये किलोलीटर की गई है।

## इंडिगो ने 275 से 10,000 रुपये तक ईंधन शुल्क की घोषणा की

- एटीएफ महंगा होते ही घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए बढ़ाईं दरें

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने विमान ईंधन की कीमतों में वृद्धि के बाद दो अप्रैल से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 275 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक का संशोधित ईंधन शुल्क लगाने की घोषणा की है। ईंधन शुल्क में इस बढ़ोतरी से विभिन्न घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का हवाई किराया बढ़ना तय है।

पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन की कीमतों में आए उछाल के मद्देनजर एयरलाइन 14 मार्च से ही घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के टिकटों पर 425 रुपये से 2,300 रुपये तक का ईंधन शुल्क वसूल रही है। अब घरेलू उड़ानों के लिए दूरी के आधार पर ईंधन शुल्क 275 रुपये से 950 रुपये के बीच होगा। इंडिगो ने एक बयान में कहा, इंडिगो ने अलग-अलग यात्रा दूरियों के हिसाब से घरेलू ईंधन शुल्क को फिर से निर्धारित किया है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में दूरी के आधार पर ईंधन शुल्क 900 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक होगा।

## ब्रीफ न्यूज

### गांदरबल में हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के गांदरबल जिले में मंगलवार रातभर जारी रही मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। सुरक्षा बलों ने गांदरबल जिले के अरहामा इलाके में संदिग्ध गतिविधि की सूचना के आधार पर मंगलवार रात घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था। श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक बयान में बताया कि सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस ने गांदरबल के अरहामा में संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया। सतर्क जवानों ने कुछ लोगों की संदिग्ध गतिविधि देखी, जब उन लोगों को रुकने को कहा गया तो उन्होंने जवानों पर गोलीबारी कर दी जिसके बाद सैन्य बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

### पश्चिम बंगाल में हिंसा के बाद बीडीओ निलंबित

**कृष्णानगर।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में एक प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) को निलंबित कर दिया है। चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान एक शिक्षक पर हमले के बाद उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी शुरू करने का निर्देश दिया है। यह हमला 27 मार्च को हंसखाली ब्लॉक के देबनाथ बॉयज़ इंस्टीट्यूशन में पीठासीन और मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण के दौरान हुआ। चुनाव ड्यूटी पर तैनात शिक्षक सैकत चट्टोपाध्याय को कार्यक्रम स्थल पर सरकारी प्रचार वीडियो दिखाने पर आपत्ति दर्ज करने के बाद सिर में चोटें आईं।

# दो-तीन सप्ताह में खत्म हो सकता है युद्ध होर्मुज संकट से मेरा लेना-देना नहीं: ट्रंप

### ईरान के राष्ट्रपति की ओर से युद्धविराम का अनुरोध करने का किया दावा, तेहरान ने बताया झूठ

- बोले- होर्मुज संकट से युद्ध में साथ न देने वाले देश अब खुद निपटें

दुबई, एजेंसी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को संकेत दिया कि अमेरिकी सेना ईरान के खिलाफ युद्ध दो-तीन सप्ताह में खत्म कर देगी। इस दौरान होर्मुज संकट से पल्ला झाड़ते हुए ट्रंप ने कहा कि उसे सुरक्षित रखना अमेरिका की जिम्मेदारी नहीं है। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ईरान के राष्ट्रपति युद्ध विराम चाहते हैं, लेकिन ईरान ने उनके इस दावे को खारिज कर दिया।

ट्रंप ने बुधवार को भी कुछ हद तक विरोधाभासी बयान दिए। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने अनुमान जताया कि युद्ध दो से तीन सप्ताह में खत्म कर दिया जाएगा। ईरान के खिलाफ युद्ध में सहयोग न करने वाले मित्र देशों पर होर्मुज जलडमरूमध्य को खुलवाने की जिम्मेदारी छोड़ते हुए उन्होंने कहा, यह हमारा काम नहीं है। यह फ्रांस का काम होगा। यह उनका काम होगा, जो इस जलडमरूमध्य का इस्तेमाल कर रहे हैं। ट्रंप ने यह टिप्पणी ऐसे वक्त में की, जब होर्मुज के बंद होने से अमेरिका में पेट्रोल की कीमत चार अमेरिकी डॉलर प्रति गैलन से अधिक हो गई। साथ ही गैस की भी औसत कीमत चार अमेरिकी डॉलर प्रति गैलन के पार चली गई।

बुधवार को ही अपने सोशल मीडिया अकाउंट ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने दावा किया कि उनके अमेरिकी जनता को संबोधित करने से पहले ईरान के राष्ट्रपति युद्धविराम चाहते हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि युद्धविराम तभी होगा जब होर्मुज जलडमरूमध्य खुला, सुरक्षित और बाधारहित होगा। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघेई ने ट्रंप के इस दावे को झूठा और निराधार करार दिया है।

### होर्मुज खुलवाने के लिए ब्रिटेन ने की पहल अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 35 देश लेंगे हिस्सा

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने बुधवार को कहा कि उनका देश इस सप्ताह होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के तौर-तरीकों पर चर्चा करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय राजनयिक सम्मेलन की मेजबानी करेगा। स्टार्मर ने कहा कि 35 देशों ने एक बयान पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें इस महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्ग की समुद्री सुरक्षा बहाल करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई गई है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री यवेट कूपर इस मुद्दे पर एक सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगी और सैन्य योजनाकार ईरान युद्ध समाप्त होने के बाद सुरक्षा के लिए योजनाओं पर भी काम कर रहे हैं। स्टार्मर ने कहा कि स्थिरता बहाली के लिए सैन्य शक्ति और कूटनीतिक गतिविधियों का एक संयुक्त मोर्चा आवश्यक है।

### चीन-पाकिस्तान ने पांच सूत्री फार्मूला पेश किया

**बीजिंग/इस्लामाबाद।** एक दिवसीय बीजिंग दौरे पर आए पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार के साथ चीन के विदेश मंत्री वांग यी की वार्ता के बाद मंगलवार को पांच सूत्री शांति प्रस्ताव पेश किया गया। इसमें शत्रुता तुरंत समाप्त करने, जल्द शांति वार्ता शुरू करने, गैर-सैन्य लक्ष्यों की सुरक्षा और नौवहन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर की सर्वोच्चता बनाए रखने जैसे प्रावधान शामिल हैं।

### पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेतों से 1,187 अंक उछला सेंसेक्स



**मुंबई।** पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ घरेलू बाजार में मजबूती आई। बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 1,186.77 अंक बढ़कर 73,134.32 अंक पर बंद हुआ। एक समय इसमें 2,017.03 अंक की तेजी दर्ज की गई। एनएसई निफ्टी 348 अंक यानी 1.56 प्रतिशत चढ़कर 22,679.40 अंक पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भी बाजार को मजबूती मिली।

## अदालतों में मुकदमों के बोझ के लिए सरकार जिम्मेदार

- सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार पर ठोंका 25,000 रुपये का जुर्माना
- हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में की थी अपील

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई और बार-बार मुकदमा दायर करने को लेकर उस पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगा दिया। शीर्ष कोर्ट ने सरकार को अदालतों में बढ़ते मुकदमों के बोझ के लिए एक बड़ा जिम्मेदार कारक बताते हुए कहा कि इस तरह की अनावश्यक अपीलें न्यायपालिका पर बोझ बढ़ाती हैं।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ केंद्र की अपील को खारिज कर दिया, जिसमें एक सीआईएसएफ कांस्टेबल को राहत दी गई थी। मामला एक सीआईएसएफ कांस्टेबल के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई से जुड़ा था, जिसे अनधिकृत अनुपस्थिति और व्यक्तिगत विवाद के आरोपों में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने पाया कि कांस्टेबल की अनुपस्थिति स्वीकृत चिकित्सा अवकाश के दौरान थी और अन्य आरोप कदाचार की श्रेणी में नहीं आते, जिसके बाद उसकी सजा रद्द कर दी गई थी। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति नागरत्ना ने तंज कसते हुए कहा, एक तरफ हम मुकदमों में देरी पर चिंता जताते हैं, लेकिन दूसरी तरफ सरकार खुद सबसे बड़ी वादी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट आने के बजाय संयम बरतना चाहिए था।

### बंगाल: मतदाता सूची के दावों का निपटारा 7 तक

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची संशोधन और तार्किक विसंगति के कारण हटाए गए नामों के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि लगभग 60 लाख दावों और आपत्तियों में से 47 लाख का निपटारा 31 मार्च की शाम तक कर लिया गया है, और शेष 13 लाख मामलों का फैसला सात अप्रैल तक कर दिया जाएगा।

## सीएपीएफ विधेयक विरोध के बीच राज्यसभा में पारित

- विपक्ष ने लगाया सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने का आरोप बहिर्गमन किया

नई दिल्ली, एजेंसी



राज्यसभा ने बुधवार को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के अधिकारियों की सेवा शर्तों एवं पदोन्नति से जुड़े सीएपीएफ विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस बीच कांग्रेस समेत विपक्ष ने यह आरोप लगाते हुए बहिर्गमन किया कि यह विधेयक सशस्त्र बलों के मनोबल को गिराएगा और इसे सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने के लिए लाया गया है। सरकार ने भरोसा दिलाया कि कानून बनने के बाद बलों का बेहतर प्रबंधन होगा और कार्यकुशलता बढ़ेगी।

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक इसलिए लाया गया है ताकि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में काडर का बेहतर प्रबंधन कर इसकी कार्यकुशलता को बढ़ाया जा सके। मंत्री के जवाब के बाद उच्च सदन ने इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। सीएपीएफ के अधिकारी काफी समय से प्रस्तावित विधेयक का विरोध कर रहे थे। सबसे ज्यादा आपत्ति सशस्त्र बलों में आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति को लेकर थी। उनका कहना था कि इससे कैडर अधिकारियों के पदोन्नति के अवसर खत्म हो जाएंगे।

### अमरावती होगी आंध्र की स्थायी राजधानी

लोकसभा ने अमरावती को आंध्र प्रदेश की एकमात्र और स्थायी राजधानी के रूप में मान्यता देने संबंधी विधेयक को बुधवार को मंजूरी दे दी। राज्य के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को साकार करने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भाजपा, तेदेपा और कांग्रेस ने विधेयक का समर्थन किया, लेकिन आंध्र के मुख्य विपक्षी दल वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सदस्यों ने विरोध में सदन से बहिर्गमन किया।

### ट्रांसजेंडर विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी

ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को शारीरिक क्षति पहुंचाने पर क्रमिक दंड का प्रावधान करने वाले संशोधन विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। कानून मंत्रालय के अनुसार, संशोधित कानून केंद्र की ओर से निर्धारित तिथि से लागू होगा। विपक्षी सांसदों ने विधेयक की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें समलैंगिक पुरुषों और महिलाओं को इसके दायरे से बाहर रखा गया है।

## अनिल अंबानी और आरकॉम पर धोखाधड़ी का एक और केस दर्ज

- एलआईसी को 3,750 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप

**नई दिल्ली।** एलआईसी की ओर से उसे 3,750 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने की शिकायत पर सीबीआई ने उद्योगपति अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी के आरोप में नया मामला दर्ज किया है।

यह आरकॉम और अनिल अंबानी के खिलाफ दर्ज हुआ चौथा मामला है। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि एलआईसी को 2009 से 2012 के बीच 4,500 करोड़ रुपये के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) में निवेश करने के लिए कंपनी ने भ्रामक जानकारी देकर प्रेरित किया। प्रबंधन ने कंपनी की वित्तीय स्थिति, सुरक्षा और निवेश के बदले उपलब्ध संपत्तियों की सुरक्षा के बारे में गलत जानकारी दी।

## डिजिटल भुगतान के लिए अब दो सत्यापन

नई दिल्ली, एजेंसी



- धोखाधड़ी रोकने के लिए रिजर्व बैंक ने लागू की व्यवस्था

भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के तहत ऑनलाइन भुगतान में धोखाधड़ी पर रोक लगाने के लिए यूपीआई समेत सभी डिजिटल मंचों से होने वाले लेनदेन के लिए दो-स्तरीय प्रमाणीकरण को बुधवार से अनिवार्य कर दिया गया है।

अब केवल यूपीआई पिन डालने से भुगतान नहीं होगा बल्कि ओटीपी, अंगुली के निशान या चेहरे का सत्यापन जैसे कदम भी जरूरी होंगे। इस तरह यूपीआई पिन लीक होने पर भी अनधिकृत भुगतान को रोका जा सकेगा। अधिकांश मामलों में एसएमएस से आने वाले ओटीपी का अतिरिक्त सुरक्षा के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। केंद्रीय बैंक ने कहा था कि बैंक और गैर-बैंकिंग संस्थाओं समेत सभी भुगतान प्रणाली प्रदाताओं और प्रतिभागियों को एक अप्रैल तक निर्देशों का पालन सुनिश्चित करना है।

### स्क्रीनशॉट, स्क्रीन रिकॉर्डिंग भी नहीं

नए प्रावधानों के तहत बैंकिंग एप में स्क्रीनशॉट लेने और स्क्रीन रिकॉर्डिंग की सुविधा भी सुरक्षा कारणों से प्रतिबंधित कर दी गई है। यह कदम उपयोगकर्ता को किसी भी तरह की धोखाधड़ी से बचाने के मकसद से उठाया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि अतिरिक्त सत्यापन व्यवस्था से डिजिटल लेनदेन में कुछ सेकंड की देरी हो सकती है, लेकिन इससे डिजिटल भुगतान प्रणाली में सुरक्षा और भरोसा बढ़ने की उम्मीद है।

## श्रीनगर में रिश्वत लेते हुए दो ईपीएफओ अधिकारी गिरफ्तार

- स्कूल संचालक से मांगी थी डेढ़ लाख की रिश्वत

**श्रीनगर।** सीबीआई ने श्रीनगर में रिश्वतखोरी के एक मामले में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के दो अधिकारियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक क्षेत्रीय आयुक्त भी शामिल हैं।

अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार अधिकारियों में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त विनय कुमार और वरिष्ठ सुरक्षा सहायक अमीन सोफी शामिल हैं। सीबीआई के अनुसार, मंगलवार को एक मामला दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप था कि आयुक्त ने एक स्कूल संचालक से 1.50 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। मामला स्कूल के एक कर्मचारी की शिकायत का था। एजेंसी ने उसी दिन वरिष्ठ सुरक्षा सहायक को अधिकारी की ओर से शिकायतकर्ता से 50,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।

## पुडुचेरी : वोटरों को कैश बांट रहे आठ गिरफ्तार

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को नकदी बांटने के आरोप में ड्रोन निगरानी के जरिए तीन अलग-अलग मामलों में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

चुनाव विभाग ने पहली बार नकदी वितरण पर नजर रखने के लिए ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल किया है। अधिकारियों के अनुसार, मन्नाडीपेट क्षेत्र के तिरुक्कनूर गांव में कुछ लोगों द्वारा घर-घर जाकर नकदी बांटने की गतिविधि ड्रोन से पकड़ी गई। सूचना पर उड़नदस्ता दल मौके पर पहुंचा और तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा मन्नाडीपेट में दो और लॉस्पेट क्षेत्र में तीन लोगों को पकड़ा गया।

**प्रदूषण मुक्त** — मुख्यमंत्री योगी ने लखनऊ में 250 इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को दिखाई हरी झंडी

# जनता ने राजनीतिक कचरा हटाया तो स्वच्छ हुआ उत्तर प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ नगर निगम के कूड़ा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए 250 इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को हरी झंडी दिखाई, साथ ही विपक्ष पर तीखा हमला भी बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने जब राजनीतिक कचरे को हटाया, तभी बदलाव की नींव पड़ी और इसी कारण आज उत्तर प्रदेश स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है।

कालीदास मार्ग पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में अंधेरा, असुरक्षा और गंदगी का माहौल था। तत्कालीन सत्ताधारियों को अंधेरा पसंद था, हमारी सरकार ने 24 घंटे बिजली, एलईडी स्ट्रीट लाइट और आधुनिक शहरी व्यवस्था देकर हालात बदले। योगी ने जोड़ा कि हम सूर्य के उपासक हैं और लक्ष्मणपुरी में सभ्यता व विकास को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीते नौ वर्ष में लखनऊ स्वच्छता रैंकिंग में देश के शीर्ष तीन शहरों में शामिल हुआ है और अब नेट जीरो लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग और हरित ऊर्जा आधारित पहलें इस परिवर्तन की आधारशिला हैं।




लखनऊ में इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को हरी झंडी दिखाते मुख्यमंत्री योगी।

### ईवी निर्माण का उभरता केंद्र बन रहा है लखनऊ

शहरी विकास के साथ औद्योगिक निवेश का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि लखनऊ ईवी मैन्युफैक्चरिंग का उभरता केंद्र बन रहा है। अशोक लेलैंड की इलेक्ट्रिक बस यूनिट के बाद अब टाटा मोटर्स की लखनऊ इकाई में भी 15 अप्रैल से इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माण शुरू होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सात शहरों में मेट्रो सेवा और 18 नगर निकायों में सेफ सिटी व सोलर सिटी जैसी योजनाएं लागू की गई हैं। अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया गया है, जबकि लखनऊ में भी सोलर पैनल आधारित ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां स्वच्छता होती है, वहीं समृद्धि आती है। नए वाहनों से कूड़ा संग्रहण व्यवस्था और मजबूत होगी और लखनऊ को क्लीन व ग्रीन सिटी बनाने में मदद मिलेगी।

न्यूज ब्रीफ

### कई पुलिस क्षेत्राधिकारियों के कार्य क्षेत्र में परिवर्तन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कई पुलिस अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल कर दिया है। क्षेत्राधिकारी कांठ अभिनय द्विवेदी को अब क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन बनाया है। उनके चार्ज में सिविल लाइन, मझोला तथा महिला थाना रहेगा। वहीं पटेल को पुलिस अधीक्षक मुख्यालय (जन शिकायत) से हटाकर क्षेत्राधिकारी कांठ नियुक्त किया है। उनके क्षेत्राधिकारी में कांठ और छजलैट रहेगा। कुलदीप कुमार गुप्ता को क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन से हटाकर क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय की जिम्मेदारी मिली है। वरुण कुमार को क्षेत्राधिकारी कटघर (अपराध) से सीओ मुख्यालय (जन शिकायत) नगर मुरादाबाद बनाया है। गौरव कुमार त्रिपाठी को क्षेत्राधिकारी कार्यालय से क्षेत्राधिकारी कटघर (अपराध) नियुक्त किया है। कटघर, गलशहीद, एएचटी और साइबर शाखा जिम्मेदारी मिली है।

### शोध छात्र ने उत्तीर्ण की पीसीएस परीक्षा



**चंदौसी, अमृत विचार :** एनकेबीएमजी पीजी कॉलेज कॉलेज चन्दौसी के राजनीति विज्ञान विभाग के शोध छात्र सतीश चन्द्र का चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा - 2024 में हुआ है। उनकी नियुक्ति नायब तहसीलदार के पद पर की होगी। यूजीसी नेट उत्तीर्ण सतीश चन्द्र महाविद्यालय की राजनीति विज्ञान विभाग की प्रभारी/असिस्टेंट प्रोफेसर व शोध पर्यवेक्षक डॉ. रीता के निर्देशन में जान राल्स का सामाजिक न्याय सिद्धान्त एवं भारत में आरक्षण द्वारा स्थापित सामाजिक न्याय का तुलनात्मक अध्ययन विषय पर शोध कार्य कर रहे हैं। पीलीभीत निवासी सतीश चन्द्र का चयन नायब तहसीलदार के पद पर हुआ है।

### 55 स्कूलों में जांच के लिए समिति गठित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की ओर से जिले के 55 निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों के अनुपालन की जांच के आदेश जारी किए गए हैं। इस संबंध में शासन स्तर से दिए गए निर्देशों की स्थिति का आकलन करने के लिए समिति गठित की गई है, जो संबंधित स्कूलों का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

# ऊधम सिंह गैंग का शॉर्प शूटर आशु उर्फ मोंटी एसटीएफ की मुठभेड़ में ढेर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एसटीएफ की मेरठ यूनिट और मुरादाबाद पुलिस की संयुक्त कार्रवाई
- मुरादाबाद के व्यवसायी से पांच करोड़ की रंगदारी मांगने में था वांछित
- मोंटी पर घोषित था 50 हजार का इनाम, जिला अस्पताल में भर्ती

**अमृत विचार :** एसटीएफ और मुरादाबाद पुलिस के साथ संयुक्त मुठभेड़ में बुधवार को ऊधम सिंह गैंग का शॉर्प शूटर आशु चड्ढा उर्फ मोंटी गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया है। मोंटी मुरादाबाद के व्यवसायी से पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में वांछित चल रहा था। उस पर पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।



एसटीएफ की फील्ड यूनिट मेरठ को सूचना मिली कि ऊधम सिंह गैंग का शॉर्प शूटर आशू चड्ढा उर्फ मोंटी इन दिनों मुरादाबाद में सक्रिय है और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। मोंटी ने पिछले दिनों सिविल लाइन्स क्षेत्र के प्रतिष्ठित कारोबारी से पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। एसटीएफ टीम का अनुमान था कि मोंटी कारोबारी को धमकाकर रंगदारी की रकम वसूलने की फिराक में है। इसके बाद एसटीएफ की टीम ने मुरादाबाद की सिविल लाइन्स पुलिस से संपर्क करके संयुक्त ऑपरेशन की चलाया। सिविल लाइन्स क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई के दौरान हुई मुठभेड़ में उधम सिंह गैंग के शॉर्प शूटर आशु उर्फ मोंटी पुत्र भरत सिंह निवासी मीरापुर कलां थाना हाफिजपुर गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया है ।



जिला अस्पताल पहुंचे एसएसपी ● अमृत विचार

#### जेल में ऊधम सिंह गैंग से मोंटी का हुआ संपर्क

एसटीएफ के अनुसार आशु चड्ढा उर्फ मोंटी पुत्र भरत सिंह निवासी मीरापुर कला थाना हाफिजपुर जनपद हापुड वर्ष 2010 में हत्या के मामले में जेल गया था। वहां पर ऊधम सिंह गैंग से उसका संपर्क हुआ और जमानत होने के बाद वह उधम गैंग के लिए काम करने लगा। इसके बाद अपराध को ही अपना व्यवसाय बनाकर लूट हत्या करने लगा जिस पर अलग-अलग धाराओं में 36 मुकदमे पंजीकृत हैं।

घायल को तत्काल अस्पताल भेजा गया है। जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शूटर का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मुठभेड़ में 50 हजार के इनामी मोंटी के मारे जाने की सूचना मिलते ही आला पुलिस अफसर मौके पर पहुंच गए। सिविल लाइन्स पुलिस के अनुसार मोंटी पर हत्या, हत्या के प्रयास और डकैती जैसे जघन्य अपराधों के लगभग 36 मुकदमे दर्ज हैं। मोंटी थाना सिविल लाइंस निवासी व्यवसायी से पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने और हत्या के प्रयास के अपराध में वांछित चल रहा था और उस पर पचास हजार रुपये का इनाम घोषित गया था। पुलिस ने आरोपी के पास स्विफ्ट कार के साथ ही पिस्टल, रिवॉल्वर, बंदूक और भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए हैं।

### विवादित टिप्पणियों के मामलों में अगली सुनवाई 13 को

**चंदौसी, अमृत विचार :** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी/एमएलए कोर्ट में दायर दो अलग-अलग मामलों में अगली सुनवाई 13 अप्रैल को निर्धारित की गई है। इन मामलों में एक याचिका सपा विधायक नवाब इकबाल महमूद और पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ है,जबकि दूसरा मामला कांग्रेस सांसद इमरान मसूद से संबंधित विचाराधीन है। दिल्ली निवासी हिंदू शक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिमरन गुप्ता ने 21 अगस्त को अदालत में याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि कांवड़ यात्रा के दौरान शिव भक्तों और कांवड़ियों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। बुधवार को गवाह आशीष गुप्ता के बयान दर्ज हुए। वहीं दूसरे मामले में कांग्रेस सांसद इमरान मसूद के खिलाफ दायर परिवाद में भी सिमरन गुप्ता के बयान दर्ज किए गए।

# नगर निगम की पांच एकड़ भूमि पर बनेगा मल्टी स्पेशियलिटी हास्पिटल

## गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए दिल्ली, मेरठ, लखनऊ, नोयडा की नहीं लगानी होगी दौड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पीपीपी मॉडल पर होगा कार्य, मैक्स व अन्य कई प्रमुख चिकित्सा संस्थानों से बातचीत
- 1000 सीटर आडिटोरियम भी बनेगा, कला केंद्र के लिए तीन कमरों का किया गया प्रस्ताव

**अमृत विचार :** बदलता मुरादाबाद की संकल्पना को साकार करते हुए नगर निगम प्रशासन ने कई और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। नगर निगम की पांच एकड़ भूमि पर मल्टी स्पेशियलिटी हास्पिटल बनाया जाएगा। जिसके लिए मैक्स व अन्य कई प्रमुख चिकित्सा संस्थाओं से बातचीत अंतिम दौर में है। मुख्यमंत्री के सामने इस प्रोजेक्ट का प्रजेंटेशन भी हो चुका है। उनकी सैद्धांतिक सहमति भी मिल चुकी है।

योगी सरकार में विकास के बढ़ते कदम के साथ कई मुरादाबाद में कई अन्य अध्याय भी जल्द जुड़ेंगे। मुरादाबाद में नगर निगम की पांच एकड़ भूमि पर जल्द ही पीपीपी मॉडल पर मल्टी स्पेशियलिटी हास्पिटल बनाया जाएगा। मैक्स व अन्य कई प्रमुख चिकित्सा संस्थानों से बातचीत अंतिम दौर में है। इसके बनने से मुरादाबाद जिले ही नहीं बल्कि मंडल के अन्य जिलों संभल, अमरोहा, रामपुर, बिजनौर के मरीजों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए दिल्ली, मेरठ, लखनऊ, नोयडा, देहरादून की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि पीपीपी मॉडल पर प्रस्तावित मल्टी स्पेशियलिटी हास्पिटल का प्रजेंटेशन मुख्यमंत्री के सामने भी किया जा चुका है। इसकी सैद्धांतिक सहमति मिल चुकी है। इसके बनने से मुरादाबाद व मंडल के अन्य जिले के मरीजों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए दिल्ली, मेरठ, लखनऊ, नोयडा, देहरादून की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। उन्होंने बताया कि बहुत जल्द इसको अंतिम रूप दे दिया जाएगा। इसके बनने से पूरे मंडल के मरीजों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। नगर आयुक्त ने बताया कि इसके साथ ही 1000 सीटर क्षमता का आडिटोरियम भी बनेगा। इसी में कला केंद्र के लिए भी तीन कमरों का प्रस्ताव किया गया है। इसके बनने से शहर के लोगों चिकित्सा की अच्छी सुविधा मिलेगी। मरीजों की जान बचाने में कारगर साबित होगी।

#### सीएम ग्रिड के दो और फेज का लाभ

उन्होंने बताया कि मुरादाबाद में सीएम ग्रिड के अन्तर्गत चौधरी चरण सिंह चौक से केल्टन स्कूल तक पहले चरण में 1.5 किलोमीटर अत्याधुनिक सुविधायुक्त, ड्रेनेज मुक्त सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसमें कई अन्य नागरिक सुविधाएं भी शामिल है। सीएम ग्रिड के अन्तर्गत दो फेज और कार्य में कुछ अन्य क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण भी कराया जाएगा।

#### सिविल लाइंस थाने के सामने बनेगी डिजिटल लाइब्रेरी

नगर आयुक्त ने बताया कि 8.5 करोड़ रुपये की लागत से नगर निगम के द्वारा सिविल लाइंस थाने के सामने डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जाएगी। इससे युवा पीढ़ी को अध्ययन की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के सहयोग से आडिटोरियम और इनडोर स्टेडियम सोनकपुर परियोजना में प्रस्तावित है। जिसकी स्वीकृति मिल चुकी है।

### दो चौकी इंचार्जों को एसएसपी ने किया निलंबित

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** पाकबड़ा थाना क्षेत्र की हकीमपुर चौकी पर तैनात चौकी इंचार्ज अंकित कुमार प्रजापति को कार्य में लापरवाही बरतने के चलते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बुधवार को निलंबित कर दिया। मझोला चौकी के लाइनपार चौकी इंचार्च शिवम वशिष्ठ पर भी निलंबन की गाज गिरी है। बताया जाता है कि गुरहेट गांव निवासी उपेंद्र ने जमीन से जुड़े एक मामले में पाकबड़ा चौकी इंचार्ज को शिकायती पत्र दिया था, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। शिकायत में उपेंद्र ने आरोप लगाया था कि उनके चाचा द्वारा वर्ष 2022 में बेची गई जमीन के बदले खरीददार अमित कुमार ने भुगतान नहीं किया। कार्रवाई न होने से नाराज उपेंद्र ने इसकी शिकायत पुलिस अधिकारियों से की। जिस पर एसएसपी ने मामले की जांच सीओ हाईवे राजेश यादव को सौंपी। जांच में चौकी इंचार्ज पर लगाए गए आरोप सही पाए गए। इस पर एसएसपी ने तत्काल प्रभाव से अंकित कुमार प्रजापति को निलंबित कर दिया।वहीं मझोला थाने के लाइनपार चौकी इंचार्ज शिवम वशिष्ठ के क्षेत्र में काफी लंबे समय से देह व्यापार का धंधा संचालित था।

# जज के पिता की हत्या में एक और वांछित गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद



नागफनी पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

- आसिफ ने मुख्य आरोपी जफर के जम्मू कश्मीर में होने की दी जानकारी

**अमृत विचार :** थाना नागफनी पुलिस ने जिगर कॉलोनी निवासी जज के पिता की हत्या में वांछित चल रहे चार आरोपियों में से पुलिस ने आसिफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आसिफ के घर पर मृतक असद की हत्या की साजिश रची गई थी। पकड़े गए आसिफ ने मुख्य आरोपी जफर और उसके बेटों के जम्मू कश्मीर में होने की जानकारी पुलिस को दी है।

बुधवार को थाना नागफनी के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि 28 फरवरी को वादी मजाहिर हुसैन उर्फ डेनियल निवासी जिगर कॉलोनी ने अपने बहनोई मोहम्मद असद की गोली मारकर हत्या करने के मामले में थाना नागफनी में मुकदमा दर्ज कराया था। घटना बंगलागांव चौराहे के पास की बताई गई थी। इस मामले में कई नामजद और एक अज्ञात अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आसिफ पुत्र जरीफ निवासी विशनपुर भीमाठेर थाना सिविल लाइन बुधवार सुबह साढ़े दस बजे जिगर कॉलोनी स्थित जिगर एक बिल्डिंग के पास मुकदमे से संबंधित मामले में अपने वकील के पास जा रहा था। जिसको पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। थाना के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में जफर और उसके बेटे के जम्मू कश्मीर में जफर की ससुराल में होने की जानकारी दी है। उसने बताया कि मोहम्मद असद की हत्या की साजिश आरोपी आसिफ के घर पर बैठकर की गई थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया पकड़े गए आसिफ पर दिल्ली के विभिन्न थाना क्षेत्र में वाहन चोरी और 307 जैसे गंभीर मुकदमे दर्ज हैं।

# एसपी संभल की शादी में शामिल होने पर सपा विधायकों को हिदायत

भीष्म सिंह देवल, संभल

**अमृत विचार :** जनपद संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई व बरेली की एएसपी आईपीएस अंशिका वर्मा के शादी समारोह में शामिल होने को लेकर पार्टी की नाराजगी से समाजवादी पार्टी के विधायक और नेता टेंशन में हैं। सपा ने इसे लेकर सख्त रुख अपनाते हुए विधायकों और नेताओं को हिदायत जारी कर दी है।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई का विवाह 29 मार्च को जोधपुर में बरेली में तैनात आईपीएस अधिकारी अंशिका वर्मा के साथ संपन्न हुआ था। विवाह समारोह निजी और सीमित दायरे में आयोजित किया गया था, लेकिन इसके अगले दिन आयोजित रिसेप्शन कार्यक्रम में एसपी द्वारा रिश्तेदारों, मित्रों, बिश्नोई समाज के लोगों के साथ-साथ संभल जनपद के कुछ प्रमुख लोगों को भी आमंत्रित किया गया था।

- एक्स पर लिखा- बदलते राजनीतिक माहौल को भांपते हुए एसपी ने सपा नेताओं को किया आमंत्रित

इसी आमंत्रण पर संभल जनपद से समाजवादी पार्टी के विधायक और कुछ नेता जोधपुर पहुंचे और समारोह में शामिल हुए। शादी समारोह में संभल विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक इकबाल महमूद, असमोली से विधायक पिंकी यादव, गुन्नौर से विधायक रामखिलाड़ी यादव तथा सपा जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी प्रमुख रूप से शामिल हुए। शादी समारोह के दौरान एसपी को बधाई देते सपा विधायकों व नेताओं के फोटो सोशल मीडिया पर नजर आये तो राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई। शादी समारोह के अगले दिन 31 मार्च को समाजवादी पार्टी की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आई।

#### सोशल मीडिया से गायब हुए एसपी की शादी के फोटो, नेताओं ने साधी चुप्पी

संभल। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के शादी समारोह में सपा विधायकों के शामिल होने व दंपति को बधाई देने के फोटो 30 मार्च की रात को ही सोशल मीडिया पर नजर आने लगे थे, लेकिन सपा का संदेश जारी हुआ तो अचानक यह फोटो गायब हो गये। वहीं सापा नेताओं ने भी चुप्पी साध ली। सपा जिलाध्यक्ष असगर अली से पार्टी की हिदायत को लेकर पूछा गया तो वह बोले कि उनकी जानकारी में नहीं है कि पार्टी ने कुछ कहा है। वहीं संभल के सपा विधायक इकबाल महमूद ने कहा कि हम पार्टी के निर्देश का पालन करते हैं और भविष्य में इस बात का ध्यान रखा जायेगा।

### उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण ही उत्कृष्ट कार्य की आधारशिला

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) विनीता श्रीवास्तव ने बुधवार को क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान चंदौसी का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण प्रक्रिया को और अधिक व्यावहारिक, अद्यतन एवं परिणामोन्मुखी बनाने का निर्देश दिया।

क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान चंदौसी पहुंचने पर डीआरएम का संस्थान की प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने स्वागत किया। मंडल रेल प्रबंधक ने प्रधानाचार्य कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों व संस्थान के संकाय सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक की। प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता, पाठ्यक्रम की प्रभावशीलता, आधुनिक तकनीकों के समावेश तथा प्रशिक्षार्थियों को दी जा रही सुविधाओं पर चर्चा की। उन्होंने संस्थान के ऑडिटोरियम में उत्तर रेलवे एवं उत्तर मध्य रेलवे से आए प्रशिक्षार्थियों को संबोधित किया। कहा कि सुरक्षित, संरक्षित एवं समयबद्ध रेल संचालन में प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण होता है।

# यस की नई कार्यकारिणी गठित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** यंग एंटरप्रेन्योर सोसायटी (यस) की गवर्निंग बॉडी की बैठक बुधवार को कांठ रोड स्थित होटल में हुई। बैठक का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ किया गया। मौजूदा चेयरमैन जेपी सिंह को पुनः दो साल के लिए चेयरमैन चुना गया।

अध्यक्षता करते हुए यस के चेयरमैन जेपी सिंह ने सभी बोर्ड सदस्यों का स्वागत किया और पिछले दो वर्षों के कार्यकाल में मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन की प्रगति टीमवर्क और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। यस की परंपरा के अनुसार जनरल हाउस ने सर्वसम्मति से यस के चीफ पैट्रन नीरज खन्ना को आगामी दो वर्षों के लिए नई गवर्निंग बॉडी के गठन के लिए अधिकृत किया। जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए बैठक को 30 मिनट के लिए स्थगित किया।

दोबारा शुरू हुई बैठक में नीरज खन्ना ने नई गवर्निंग बॉडी की घोषणा की। नई गवर्निंग बॉडी में चेयरमैन के




यस की गवर्निंग बॉडी की बैठक के बाद चुन गई टीम। ● अमृत विचार

- नीरज खन्ना को नई कार्यकारिणी गठन का दिया गया अधिकार

रूप में जेपी सिंह, वाइस चेयरमैन-1, विवेक अग्रवाल, वाइस चेयरमैन-2, गगन दुग्गल, सचिव पुनीत आर्य, सचिव-1, कुनाल दवे, सचिव-2, अंकित सिंह, कोषाध्यक्ष सुमित टंडन शामिल हैं। डायरेक्टर्स में रोहित ढल, सनत कोठीवाल, डॉ. रजत सिंघल, शैलेश खन्ना, राहुल ढल, विशाल खन्ना, तनुज टंडन और वासु बंसल को शामिल किया गया है। नई गवर्निंग बॉडी ने नीरज खन्ना का आभार व्यक्त किया। साथ ही अवधेश अग्रवाल को यस का पैट्रन नियुक्त किया। बैठक के दौरान यस वंडर वुमन क्लब की कार्यकारी निदेशक प्रिया अग्रवाल का स्वागत किया गया। वहीं आउटगोइंग प्रेसिडेंट सोनल अग्रवाल एवं उनकी टीम के उत्कृष्ट योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर यस वंडर वुमन क्लब की नई प्रेसिडेंट रुपाली अग्रवाल एवं जनरल सेक्रेटरी राधिका विज का स्वागत करते हुए उन्हें नए दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं।

### पत्नी को पीटकर किया घायल, घर से निकाला

**संवाददाता, ठाकुरद्वारा।** थाना डिलारी क्षेत्र के गांव कुआं खेड़ा माफी में घरेलू कलह के चलते एक महिला को पति ने बेरहमी से पीटकर लहुलुहान कर दिया, बाद में घर से बाहर निकाल दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को पुलिस ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है।

गांव निवासी शहजाद और उसकी पत्नी अफसाना के बीच निकाह के बाद से ही अनबन चल रही थी। आए दिन होने वाले झगड़ों ने मंगलवार शाम को उग्र रूप ले लिया। आरोप है कि शहजाद ने आपा खोते हुए अफसाना को गालियां दीं और लाठी-डंडों व लात-घूसों से उसकी जमकर पिटाई की। महिला की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बमुश्किल उसे शहजाद के चंगुल से बचाया। सूचना पर अफसाना के मायके वाले कुआं खेड़ा माफी पहुंचे और घायल अवस्था में उसे लेकर थाना डिलारी पहुंचे। पीड़िता ने पति शहजाद के खिलाफ नामजद तहरीर देकर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

कामयाबी

टीमों ने अन्य करों की वसूली से भी भरा नगर निगम का खजाना

# एक अरब से अधिक गृह-जलकर वसूली कर प्रदेश में मिला टाप थ्री स्थान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नगर निगम की टीमों ने एक अरब से अधिक की गृहकर व जलकर की वसूली की प्रदेश के सभी नगर निगमों में टाप थ्री स्थान पाया है। इसका श्रेय नगर आयुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ ही नागरिकों को दिया है कि उन्होंने नगर निगम के अभियान को सफल बनाया। टीमों ने वित्तीय वर्ष 2025-25 में गृहकर व जलकर के रुप में 1 अरब, 5 करोड़, 46 रुपये राजस्व अर्जित किया है।

वहीं अब नये वित्तीय वर्ष में इससे भी अधिक कर वसूली के लिए संकल्प लिया।

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बुधवार को पीलीकोठी स्थित स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सभागार में पत्रकार वार्ता में इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निगम की टीमों में शामिल अधिकारियों-कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत से यह सफलता हासिल कर रिकॉर्ड कायम किया है। नये वित्तीय वर्ष में इसे और बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि गृहकर व जलकर के रुप में 1,0546.24 लाख रुपये वसूली की गई है। जो पिछले वित्तीय वर्षों से अधिक है। उन्होंने कहा कि मार्च में बड़े बकाएदारों को नोटिस जारी किया गया, बकाया जमा न करने पर सख्ती करते हुए उनके प्रतिष्ठान व भवन सील किए गए। जिससे यह उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने बताया



जानकारी देते नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल। ● अमृत विचार

कि कर (गृहकर-जलकर) के अलावा दुकान किराया, प्रीमियम, लाइसेंस, विज्ञापन, मलबा-अम्बार शुल्क, सिंगल यूज प्लास्टिक बैन, नामांतरण शुल्क, जल मूल्य, 2 प्रतिशत स्टांप ड्यूटी, व अन्य मदों को मिला कर एवं करेत्तर में कुल एक अरब 60 करोड़, 14 लाख रुपये की राजस्व वसूली की गई है। कहा इसमें सभी की मेहनत व कर्तव्य निष्ठा व उत्तरदायित्व के प्रति गंभीरता शामिल है। भविष्य के और बेहतर करने के लिए पूरी टीम संकल्पित है। उन्होंने इसके अलावा नगर निगम की उपलब्धि और आगामी परियोजनाओं और कार्यों के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, अजीत कुमार सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

#### आपरेशन रिक्लेम से 1227 करोड़ की संपत्तियों को कराया कब्जामुक्त

नगर आयुक्त ने बताया कि निगम की टीमों ने न सिर्फ रिकॉर्ड कर व करेत्तर की वसूली की है। बल्कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप सरकारी भूमि को आपरेशन रिक्लेम के अन्तर्गत कब्जा मुक्त कराया गया है। 1227 करोड़ की सरकारी संपत्तियों को आपरेशन रिक्लेम में कब्जा मुक्त कराकर उसका उपयोग निगम हित में किया जा रहा है।

#### जीआई सर्वे से बढ़ी मकानों व प्रतिष्ठानों की संख्या, मिला राजस्व

शासन के निर्देश के अनुसार नगर निगम क्षेत्र में कराए गए जीआई सर्वे में भवनों व मकानों की संख्या बढ़ने का लाभ नगर निगम को राजस्व के रूप में मिला। नगर आयुक्त ने बताया कि वार्डों में शिविर लगाकर आपत्तियों का निस्तारण कर टैक्स वसूली सुनिश्चित की गई। जीआई सर्वे में नगर निगम क्षेत्र में जो 1,37,000 संपत्तियां थी वह बढ़कर 2 लाख आई। इसके आधार पर कर निर्धारण कर वसूली करने से निगम की आय बढ़ी।

# समर स्पेशल ट्रेनें चलेंगी कई एक्सप्रेस के बढ़ेंगे फेरे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- वाराणसी-दिल्ली-वाराणसी स्पेशल के अलावा लखनऊ नई दिल्ली-लखनऊ भी चलेगी

**अमृत विचार:** गर्मी में रेल यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन के कई समर स्पेशल ट्रेनों को चलाने की घोषणा की है। मुरादाबाद रेल मंडल के स्टेशनों से होकर यह गाड़ियां गुजरेंगी। इसमें वाराणसी-दिल्ली-वाराणसी स्पेशल के अलावा लखनऊ नई दिल्ली-लखनऊ आदि समर स्पेशल गाड़ियां शामिल हैं। कई गाड़ियों के फेरे भी बढ़ाए गए हैं।

सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि ग्रीष्मकाल को देखते हुए गाड़ी संख्या 04209-04210 वाराणसी-दिल्ली-वाराणसी आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस का संचालन 15 अप्रैल से 20 मई तक और फिर 27 मई से 15 जुलाई तक सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को संचालित किया जाएगा। इसके कुल 38 फेरे लगेंगे। गाड़ी संख्या 04209 वाराणसी से चलकर रायबरेली-लखनऊ होते हुए मुरादाबाद रेल मंडल के हरदोई, रामपुर, मुरादाबाद, हापुड़ स्टेशनों से होकर दिल्ली तक जाएगी। मुरादाबाद में यह विशेष आरक्षित समर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन सुबह 9:20 बजे आएगी और 10 मिनट का स्टॉपेज रहेगा। इसके बाद ट्रेन अगले गंतव्य के लिए रवाना होगी। इसी क्रम में 04210 की वापसी भी दिल्ली से निर्धारित समयानुसार विभिन्न स्टेशनों पर होगी। यह ट्रेन 16 अप्रैल से 21 मई तक और इसके बाद 28 मई से 16 जुलाई तक मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को संचालित होगी।

### शहर में आज

- हनुमान जन्मोत्सव पर नगर निगम की ओर से हनुमान वाटिका बुद्धि विहार फेज दो में सुंदरकांड का पाठ 11:00 बजे
- राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, प्राचीन गंगा मंदिर पर शाम 6:00 बजे

### न्यूज ब्रीफ

#### आज जिलाधिकारी से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : शहर में लगातार बढ़ रही वाहनों की संख्या के चलते ट्रैफिक व्यवस्था चरमराती नजर आ रही है। स्टेशन रोड, चौमुखा पुल, टाउन हॉल, अमरोहा गेट समेत मुख्य बाजारों, स्कूलों के आसपास रोजाना जाम की स्थिति बन रही है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर सुबह और दोपहर के समय, जब स्कूल खुलते और बंद होते हैं, तब सड़कों पर वाहनों का दबाव और बढ़ जाता है। कई बार लोगों को कुछ ही दूरी तय करने में काफी समय लग जाता है।

#### गर्मी बढ़ते ही ठंडे पेय पदार्थों की मांग में तेजी

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : जैसे-जैसे तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, वैसे-वैसे शहर में ठंडे पेय पदार्थों और आइसक्रीम की मांग तेजी से बढ़ने लगी है। बाजारों में इन दिनों कोल्ड ड्रिंक, जूस, शिकंजी और आइसक्रीम की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखने को मिल रही है। दोपहर के समय तेज धूप से राहत पाने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों में बिक्री में अच्छी खासी बढ़ोतरी हुई है, जिससे उनका कारोबार फिर से पटरी पर लौटता नजर आ रहा है।

# स्कूलों में नए सत्र के पहले दिन बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत

## परिषदीय विद्यालयों में कॉपी-किताबों का वितरण, नामांकन बढ़ाने पर रहा शिक्षकों का जोर, नए सत्र में नए दोस्तों से मिल खुश हुए बच्चे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार** : बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में नए शैक्षिक सत्र की बुधवार से शुरुआत हुई। पहले दिन स्कूल पहुंचे छात्र-छात्राओं का शिक्षकों ने तिलक लगाकर और पुष्प देकर स्वागत किया। बच्चों पहले दिन उत्साहित रहे। पठन-पाठन शुरू कराकर व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने पर विशेष ध्यान दिया गया।

नए सत्र के पहले दिन विद्यालयों में उत्सव जैसा माहौल रहा। शिक्षकों ने छोटे बच्चों का तिलक कर स्वागत किया और उन्हें फूल भेंट किए। इससे बच्चों में विद्यालय के प्रति अपनापन और उत्साह बढ़ा। कई स्थानों पर अभिभावक भी बच्चों को छोड़ने पहुंचे और व्यवस्थाओं को लेकर संतोष जताया। पहले दिन से ही कक्षाओं में पठन-पाठन शुरू किया गया। शिक्षकों ने बच्चों को नई कक्षाओं के पाठ्यक्रम की जानकारी दी और नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया।

**कॉपी-किताबों का वितरण:** छात्र-छात्राओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए पहले ही दिन से उन्हें कॉपी और किताबें उपलब्ध कराने का सिलसिला शुरू हो गया, जिससे बच्चों को पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा न आए और वे शुरुआत से ही पढ़ाई में सक्रिय रह सकें। शिक्षकों के अनुसार जो विद्यार्थी स्कूल नहीं पहुंचे उन्हें बाद में कोर्स उपलब्ध कराया जाएगा।

**नामांकन प्रक्रिया भी शुरू:** नए सत्र के साथ ही नामांकन बढ़ाने के निर्देश भी शिक्षकों को दिए गए हैं। शिक्षक घर-घर संपर्क कर अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। ड्रॉपआउट बच्चों को दोबारा स्कूल लाने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्राथमिक विद्यालय झांझनपुर, प्राथमिक विद्यालय हरथला समेत अधिकांश स्कूल में पहले ही दिन अभिभावक बच्चों का प्रवेश कराने के लिए स्कूल पहुंचे।

**पहले दिन उपस्थिति रही कम:** नए सत्र के पहले दिन विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम रही। कई अभिभावक पहले दिन बच्चों को विद्यालय नहीं भेज सके। शिक्षकों का कहना है कि आने वाले दिनों में उपस्थिति धीरे-धीरे बढेगी।



प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाई करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार



छात्रों को किताबें देतीं शिक्षिका। ● अमृत विचार



प्राथमिक विद्यालय झांझनपुर में नए सत्र के पहले दिन बच्चों का स्वागत करते शिक्षक।

### यूनिफॉर्म में मामूली बदलाव, अभिभावकों पर बढ़ता आर्थिक बोझ

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत के साथ ही निजी स्कूलों की मनमानी एक बार फिर अभिभावकों पर भारी पड़ रही है। इस बार भी कुछ स्कूलों ने यूनिफॉर्म में मामूली बदलाव किए हैं। कहीं शर्ट पर नया लोगो जोड़ दिया गया है तो कहीं पैंट पर अलग पट्टी लगा दी गई है। इन छोटे-छोटे बदलावों के चलते अभिभावकों को बच्चों के लिए पूरी नई यूनिफॉर्म खरीदनी पड़ रही है, जिससे उनकी जेब ढीली हो रही है। अभिभावकों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन हर साल सिलेबस के साथ-साथ यूनिफॉर्म में भी बदलाव कर देता है, जिससे पुराने कपड़े बेकार हो जाते हैं। महंगाई के इस दौर में यह अतिरिक्त खर्च उनके लिए परेशानी का कारण बन रहा है। कई अभिभावकों ने यह भी आरोप लगाया कि स्कूल निर्धारित दुकानों से ही यूनिफॉर्म खरीदने का दबाव बनाते हैं, जहां कीमतें बाजार से अधिक होती हैं। शिक्षा विभाग की ओर से अब तक इस पर ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। अभिभावकों ने मांग की है कि सरकार इस पर सख्त नियम बनाए ताकि हर साल यूनिफॉर्म बदलने की परंपरा पर रोक लग सके। डीआईओएस देवेंद्र कुमार पांडेय का कहना है कि स्कूलों द्वारा हर वर्ष यूनिफॉर्म में बदलाव करना उचित नहीं है। यदि इस संबंध में शिकायत मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।




#### यूनिफॉर्म की अनुमानित कीमतें

शर्ट (लोगो सहित) – 450 रुपये से 800 रु
पैंट/स्कर्ट (नई पट्टी के साथ) – 600 से 1050 रु
स्वेटर/ब्लेजर – 1200 रुपये से 2500 रु
टाई, बेल्ट, बैज – 250 रुपये से 500 रु
जूते व मोजे – 1500 रुपये से शुरुआत

#### तय दुकानों से खरीदने का दबाव

अभिभावकों का आरोप है कई स्कूल यूनिफॉर्म के लिए तय दुकानों का ही विकल्प देते हैं, जिससे उन्हें महंगे दामों पर खरीदारी करने को मजबूर होना पड़ता है। यूनिफॉर्म, किताबें व अन्य सामग्री एक बच्चे पर हजारों रुपये का अतिरिक्त खर्च आ रहा है, जिससे मध्यम वर्गीय परिवारों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है।

### सीडीओ ने परखी मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता



**मुरादाबाद, अमृत विचार** : मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) मृणाली अविनाश जोशी ने बुधवार को नगर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। वह प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय मऊ, प्राथमिक विद्यालय भटावली और काजीपुरा पहुंची। उन्होंने मेन्यू के अनुसार स्कूलों में बने वितरित किए गए भोजन की उपलब्धता व गुणवत्ता परखी। विद्यालय में नवीन पाठ्य पुस्तकें भी बच्चों को उपलब्ध करा दी गई है। निरीक्षण में उन्होंने विद्यालय परिसरों में बने कक्षा कक्ष, हैंड वॉश एरिया को भी देखा। पर्याप्त साफ-सफाई कराने और कक्ष में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था न होने पर नाराजगी जताकर प्रधानाध्यापक को इसे ठीक कराने का निर्देश दिया। कहा कि विज्ञान प्रयोगशाला एवं स्मार्ट क्लास को सही ढंग से संचालित करें जिससे बच्चों को इससे सीखने में मदद मिले। नामांकन और उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया।

> नए सत्र को लेकर सभी विद्यालयों को पूर्व में ही दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए थे। यही प्रयास है कि हर बच्चा विद्यालय से जुड़े और उसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। पहले दिन से ही पठन-पाठन शुरू कराकर और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराकर बच्चों को बेहतर वातावरण दिया गया।
> –**विमलेश कुमार**, बीएसए

# भक्तिभाव के साथ निकाली गई कलश शोभायात्रा, गूंजे श्रीराम के जयकारे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार** : चंद्रनगर स्थित प्राचीन लेखराज शिव मंदिर के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बुधवार को श्रीबालाजी प्रचार समिति द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। पूरे रास्ते में जय श्रीराम व जय श्रीहनुमान के जयकारे गूंजते रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता राजीव गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित व नारियल फोड़कर किया। इसके बाद जयघोष के साथ शोभायात्रा को रवाना किया गया। शोभायात्रा में भगवान गणेश, माता रानी और श्रीराम दरबार की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। ढोल-नगाड़ों की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। कलश शोभायात्रा लेखराज शिव मंदिर से प्रारंभ होकर पुराना एलआईसी ऑफिस, लोकोशेड, फब्बारा चौक, ताज बैंकट हॉल और रेलवे हरथला कॉलोनी होते हुए दोबारा मंदिर परिसर में संपन्न हुई।



चंद्र नगर से निकली कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

#### बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

शोभायात्रा में समिति अध्यक्ष राजकुमार दत्ता, संयोजक पंडित नरेश चंद्र शर्मा, अनीता शर्मा, सिंटू शर्मा, बंटी शर्मा, अनिल कुमार, मिंटू गुप्ता, विजेंद्र कुमार, पायल शर्मा, सोनू शर्मा, शिवम, उपासना सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी भक्तों ने हनुमान जी का गुणगान कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# मुरादाबाद को प्रदेश में दूसरा स्थान 426 किशोरियों को लगाया टीका

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 38,700 किशोरियों के टीकाकरण का लक्ष्य, 18 मार्च से चल रहा विशेष अभियान

**अमृत विचार** : जिले में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चलाए जा रहे एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान ने रफ्तार पकड़ ली है। महज दो सप्ताह के भीतर 426 किशोरियों को टीका लगाकर मुरादाबाद ने प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में 28 फरवरी से राजस्थान के अजमेर से सर्वाइकल कैंसर के टीकाकरण अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद जिलों में अलग-अलग तिथियों पर इसकी शुरुआत हुई। यह विशेष टीकाकरण अभियान जिले में 18 मार्च को महिला अस्पताल से शुरू किया गया था। डिप्टी सीएमओ व नोडल अधिकारी डॉ. संजीव बेलवाल के अनुसार जिले में 38,700 किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके तहत स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से किशोरियों तक पहुंच बनाई जा रही है। टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य कर्मी अभिभावकों और छात्राओं को लगातार जागरूक कर रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थी इस अभियान से जुड़ सकें। शुरुआत में धीमी गति के बाद अब इसमें तेजी आई है। उनका कहना है कि आने वाले दिनों में अभियान को और व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा, जिससे तय लक्ष्य समय पर पूरा किया जा सके।

# संवैधानिक मूल्यों का सम्मान करें युवा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की ओर से फ्रॉम कोर्टरूम टू नेशन बिल्डिंग: लीडरशिप लेसन फ्रॉम द ज्यूडिशरी पर लीडरशिप टाक सीरीज़ के सत्र 18 में मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित ने कहा कि न्यायपालिका केवल न्याय प्रदान करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह संवैधानिक मूल्यों की संरक्षक और सामाजिक परिवर्तन की प्रेरक शक्ति भी है। भारतीय न्यायपालिका ने देश में लोकतंत्र को सुदृढ़ करने और समावेशी विकास को गति देने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे संवैधानिक मूल्यों का सम्मान करते हुए नैतिक नेतृत्व अपनाएं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय देश में कमजोर अर्थव्यवस्था, व्यापक गरीबी, निम्न साक्षरता दर, औद्योगिकीकरण का अभाव, कमजोर स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा में महिलाओं की कम भागीदारी, जातिगत असमानता, बेरोजगारी, खाद्यान्न संकट, वंचित वर्गों की न्याय तक सीमित पहुंच सरीखी गंभीर समस्याएं प्रमुख थीं। इन परिस्थितियों के बावजूद संविधान और न्यायपालिका ने देश को समानता, न्याय और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित, टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित आदि ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि को कुलाधिपति सुरेश जैन व एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।



टीएमयू में लीडरशिप टाक सीरीज़ को संबोधित करते पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित। ● अमृत विचार

- कुलाधिपति सुरेश जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने भेंट किया स्मृति चिन्ह

# हर गोशाला में पैरावेट तैनात सीसीटीवी से होगी निगरानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिले में संचालित सरकारी गोशालाओं की स्थिति सुधारने के लिए प्रशासन ने ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं।

वर्तमान में जिले में 35 सरकारी गोशालाएं संचालित हैं, जिनमें पशुओं के रखरखाव और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गोशाला में शासन की ओर से एक पैरावेट पशु चिकित्सक की नियुक्ति की गई है, जिससे बीमार पशुओं का समय पर उपचार हो सके। इसके अलावा, गांवों में उपलब्ध सरकारी चारागाह भूमि को संबंधित गोशालाओं से जोड़ा गया है। जिससे हरे चारे की उपलब्धता बढ़ सके। गोशालाओं की निगरानी के लिए सीसीटीवी भी लगाए गए हैं। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील दत्त प्रजापति ने बताया कि गोशालाओं की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार निरीक्षण और मॉनिटरिंग की जा रही है। उनका कहना है कि पशुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष विनोद गुम्बर के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने यूपी पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर एसडीएम बनने वाली दीक्षा अग्रवाल के घर जाकर उनका अभिनंदन किया। उनकी उपलब्धि को अन्य प्रतिभागितयों लिए प्रेरणादायी बताया।

जिलाध्यक्ष विनोद गुम्बर के साथ कांग्रेसी दीक्षा अग्रवाल के कटघर स्थित आवास पर पहुंचे। उन्हें माला पहनाकर व बुके देकर सम्मानित किया। उनके परिश्रम के सार्थक परिणाम को अन्य प्रतियोगियों के लिए प्रेरणा का माध्यम बताया। कहा कि अभाव किसी की सफलता में बाधा नहीं बनती। बस पूरी लगन के साथ प्रयास व तैयारी करने की जरूरत है। इस दौरान पार्टी प्रवक्ता सुधीर पाठक, वरिष्ठ अधिवक्ता अमीरुल हसन जाफरी, आज़म खा, अजय गोपाल रस्तोगी, विजयराज सैनी, राजेशपाल, विवेक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



यूपी पीसीएस में चयनित दीक्षा अग्रवाल का अभिनंदन करते कांग्रेस पदाधिकारी।

### न्यूज डायरी



#### श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में...

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : कटघर बीच होली का मैदान स्थित श्री बालाजी दरबार में आयोजित चार दिवसीय श्री बालाजी महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को 24 घंटे चले संगीतमय अखंड रामायण पाठ को भजन-कीर्तन के साथ विधिवत विश्राम दिया गया। जगदाचार्य साध्वी राघवेंद्री के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य यजमान शिल्पी अग्रवाल एवं गौरव अग्रवाल सहित अन्य श्रद्धालुओं ने हरिनाम संकीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, हे महावीर करो कल्याण सिंदूर चढ़ाने से हर काम होता है, आओ लौट के आओ हनुमान तुम्हें श्रीराम बुलाते हैं आदि भजनों पर श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूमते नजर आए। पाठ के बाद श्री बालाजी महाराज की आरती की गई और सभी ने दंडवत प्रणाम कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



#### वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : पीतल नगरी के कल्याणपुर स्थित लाला फूल कुमार सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ अनुशासन, सर्वाधिक उपस्थिति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले भैया-बहनों को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय की सज्जा में आचार्या-बहनों का योगदान रहा। मुख्य अतिथि पल्लवी गुप्ता, डॉ. चंचल गुप्ता व प्रबंध समिति के संरक्षक अरविंद कुमार गुप्ता, अरविंद सिंह व सह व्यवस्थापक शुभम शर्मा रहे। वरिष्ठ आचार्या पूनम भारद्वाज ने मुख्य अतिथि का स्मृति चिह्न व पटका भेंट कर सम्मान किया।



#### अपने राम जी से कह देना जय श्रीराम...

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : देहरी गांव स्थित श्री हनुमान मूर्ति से बुधवार को शोभायात्रा का निकाली गई। की जो केसरी के लाल मेरी रामजी से कह देना जय श्रीराम, हे दुख भंजन मारुति नंदन, वीर हनुमान अतिबलवाना, कलयुग में सिद्ध हो देव तुम्हीं हनुमान तुम्हारा क्या कहना जैसे भजनों की धुन पर श्रद्धालुओं ने झूमकर रामदूत का गुणगान किया। शोभायात्रा श्री हनुमान मूर्ति स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया, साथ ही जलपान व आरती की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर विधायक रितेश गुप्ता, प्रिया अग्रवाल और आचार्य धीरशान्त अर्द्धमौनी द्वारा विधि-विधान से नारियल फोड़कर कराया गया।



#### बीमारियों की रोकथाम व नियंत्रण के लिए जागरूकता जरूरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ बुधवार को अपर निदेशक चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. आशु अग्रवाल ने फीता काटकर व जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर की। एडी हेल्थ ने संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ भी दिलाई। रैली सीएमओ कार्यालय से निकल कर पीलीकोठी होते हुए कंपनी बाग तक गई। इसका उद्देश्य संचारी रोगों के प्रति आमजन को जागरूक बनाना तथा वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए जरूरी कदम उठाना रहा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह के साथ अन्य चिकित्साधिकारी व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस | मोबाइल की लत से बढ़ती चुनौती

# समय पर सतर्कता की पहल से ही सुधार संभव

शुभम शर्मा, मुरादाबाद

**अमृत विचार** : गुरुवार को विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर बच्चों में बढ़ते स्क्रीन टाइम और उससे जुड़ी मानसिक समस्याओं को लेकर चिंता के साथ उम्मीद की किरण भी सामने आई है। बदलती जीवनशैली में बच्चों के हाथों में मोबाइल आम हो गया है, जिसके अत्यधिक उपयोग से वर्चुअल ऑटिज्म जैसे लक्षण तेजी से बढ़ रहे हैं। हालांकि चिकित्सकों का कहना है कि समय रहते पहचान, नियमित काउंसलिंग और पारिवारिक सहयोग से इस समस्या में सुधार संभव है।

**हर माह ओपीडी में बढ़ रहे मामले:** निजी अस्पतालों के साथ ही जिला अस्पताल के मन कक्ष में अब हर माह ओपीडी में ऑटिज्म और उससे जुड़े लक्षणों के करीब 30 नए केस सामने आ रहे हैं। मन कक्ष प्रभारी डॉ. धनंजय के अनुसार, हाल में देखे गए 50 बच्चों में से 40 में वर्चुअल ऑटिज्म के लक्षण पाए गए, जबकि एक बच्चा गंभीर ऑटिज्म से ग्रसित मिल रहा है।




#### वर्षवार अनुमानित मामले

| वर्ष | मामले (वार्षिक) |
|---|---|
| 2020 | 120 |
| 2021 | 175 |
| 2022 | 238 |
| 2023 | 355 |
| 2024 | 360 |
| 2025 | 382 |
| 2026 (फरवरी तक) | 65 |

#### काउंसलिंग से मिल रहा सुधार

चिकित्सकों का कहना है कि यह समस्या स्थायी नहीं है। नियमित काउंसलिंग, व्यवहारिक थेरेपी और परिवार के सहयोग से बच्चों में तेजी से सुधार देखा जा रहा है। कुमार डायग्नास्टिक के मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव शेखर के अनुसार, मामलों में वृद्धि जरूर हुई है, लेकिन समय पर काउंसलिंग और सही मार्गदर्शन से बच्चे सामान्य जीवन की ओर लौट सकते हैं।

#### क्या है वर्चुअल ऑटिज्म

डॉक्टरों का कहना है कि जब बच्चा लंबे समय तक मोबाइल या स्क्रीन में व्यस्त रहता है और सामाजिक गतिविधियों से दूर हो जाता है, तो उसमें बोलने में देरी, आंखों से संपर्क की कमी, चिड़चिड़ापन और व्यवहार में बदलाव जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। यह समस्या तीन से 10 वर्ष के बच्चों में अधिक देखने को मिल रही है।

#### अभिभावक क्या करें

- बच्चों का स्क्रीन टाइम सीमित करें।
- रोजाना उनके साथ समय बिताएं।
- किताबों और पिक्चर बुक्स की आदत डालें।
- आउटडोर खेलकूद के लिए प्रेरित करें।
- बच्चे की नींद और दिनचर्या का ध्यान रखें

# दिन चढ़ते ही बढ़ी गर्मी, शाम की ठंडी हवा ने दी राहत

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : बुधवार को मौसम का मिजाज बदलता रहा। सुबह हल्की ठंडक के साथ दिन की शुरुआत हुई, लेकिन जैसे-जैसे सूरज चढ़ता गया, गर्मी का असर भी तेज होता गया। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर में सूरज की तपिश अधिक होने से लोगों ने राहत के लिए ठंडे पेय पदार्थों का सहारा लिया। जूस, शिकंजी और कोल्ड ड्रिंक की दुकानों पर लोगों की भीड़ रही। शाम होते-होते मौसम ने करवट ली। करीब पांच बजे के बाद ठंडी हवा चलने लगी, जिससे वातावरण में राहत महसूस की गई। पार्कों और खुले स्थानों पर लोग टहलकर मौसम का आनंद लेते नजर आए। आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में

कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे

बरेली का एकमात्र PET CT

पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए

हमारी सेवाएं

सर्जिकल ऑन्कोलॉजी

रेडिएशन ऑन्कोलॉजी

डे केयर थेरेपी

इम्यूनोथेरेपी

कैंसर आईसीयू

फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री

मैमोग्राफी

कैंसर के रोकथाम की ओपीडी

इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी

प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त

Call to find out more

9582831744, 9258116087

8679315050, 8679415050

www.rohilkhandcancerinstitute.com

रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस

सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# सिलेंडर न मिलने पर हाईवे जाम कर जताया आक्रोश

## बुकिंग के बाद भी गैस न मिलने पर गुस्साए उपभोक्ता, प्रदर्शन कर एजेंसी संचालक के खिलाफ की नारेबाजी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों में मचा हड़कंप
- पुलिस ने मशक्कत के बाद उपभोक्ताओं कराया शांत

**अमृत विचार :** ऑनलाइन गैस बुकिंग की व्यवस्था के दौर में भी उपभोक्ताओं को 15-20 दिन तक गैस सिलेंडर के लिए भटकना पड़े, तो यह व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़े करता है। नगर में रंजीत इंडेन गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली से नाराज उपभोक्ताओं का गुस्सा बुधवार को सड़क पर फूट पड़ा। आक्रोशित महिलाओं और अन्य उपभोक्ताओं ने ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद मार्ग स्थित तिकोनिया पर गैस सिलेंडर रखकर चक्का जाम कर दिया।

जाम की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने काफी मशक्कत के बाद उपभोक्ताओं को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। इस दौरान उपनिरीक्षक रजत चौधरी, बलराम दीक्षित और ओमपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। उपभोक्ताओं का आरोप है कि


लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाती पुलिस। ● अमृत विचार

ऑनलाइन बुकिंग करने के बावजूद रंजीत इंडेन गैस एजेंसी 15 से 20 दिन बीतने के बाद भी सिलेंडर की डिलीवरी नहीं कर रही, जबकि गोदाम में पर्याप्त गैस उपलब्ध है। आरोप है कि एजेंसी कर्मियों द्वारा टालमटोल की जा रही है और कुछ मामलों में अभद्र व्यवहार भी कर रहे हैं। अब्दुल्लापुर लेदा निवासी रेखा देवी ने बताया कि वह पिछले 10 दिनों से गैस के लिए एजेंसी के चक्कर लगा रही हैं, लेकिन हर बार उन्हें अगले दिन आने को कहकर लौटा दिया जाता है। सरकड़ा करीम की सावित्री देवी ने कहा कि केवाईसी और बुकिंग पूरी करने के बाद भी उन्हें सिलेंडर नहीं मिला। वहीं सहसपुरी की सुमन देवी का आरोप है कि उन्हें बिना सिलेंडर मिले ही डिलीवरी का मैसेज भेज दिया गया, जबकि उनके पास कोई ओटीपी तक नहीं आया।


ठाकुरद्वारा में गैस एजेंसी के सामने हाईवे पर सिलेंडर रखकर जाम लगाते उपभोक्ता। ● अमृत विचार

### हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंचे अधिकारी

हंगामे की सूचना पर पूर्ति निरीक्षक जयवीर सिंह और नायब तहसीलदार आदित्य कुमार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने एजेंसी संचालक व कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल एजेंसी खोलने और उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रारंभ में कर्मचारियों ने आनाकानी की, लेकिन सख्ती के बाद करीब आधे घंटे बाद एजेंसी खोली गई। हालांकि, इसके बाद भी उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिल सकी। एजेंसी पर सर्वर डाउन होने की बात कहकर गैस वितरण नहीं किया जा सका। उपभोक्ताओं का कहना है कि समय पर गैस सिलेंडर न मिलने से घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं। प्रशासन से गैस वितरण में सुधार कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि गैस एजेंसी का सर्वर डाउन होने के कारण गैस उपभोक्ता को दिक्कत का सामना करना पड़ा।

माधोवाला निवासी विवेक चौहान ने भी इसी तरह की शिकायत करते हुए बताया कि उनके मोबाइल पर दो बार डिलीवरी का संदेश आया, लेकिन वास्तविकता में उन्हें सिलेंडर नहीं मिला। जब उन्होंने एजेंसी पर जानकारी ली तो कर्मचारियों ने संतोषजनक जवाब देने के बजाय अभद्रता की।

## तेंदुए के हमले में दो बालिकाएं घायल क्षेत्र में दहशत

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में तेंदुए ने दो ग्रामों में हमला कर दो बालिकाओं को घर से उठाकर ले जाने और गंभीर रूप से घायल करने के मामले से क्षेत्र के लोगों में दहशत है।

महदूद कलमी में सोमवार की शाम अकरम की दो वर्षीय पुत्री सिद्रा नूर को तेंदुआ घर से उठा ले गया था। ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से बालिका को तेंदुए के चंगुल से छुड़ाया। वह गंभीर रूप से घायल हो गई जिसका टीएमयू अस्पताल में उपचार चल रहा है। दूसरी ओर मंगलवार की शाम की रात को 8 बजे के लगभग तेंदुए ने ग्राम मिश्रीपुर निवासी अवनीश कुमार के घर पर चारपाई पर लेट रही उसकी 10 वर्षीय पुत्री दीपांशी पर हमला कर दिया और तेंदुआ उसे उठाकर गन्ने के खेत में खींचकर ले गया। तभी दीपांशी के भाई विशाल 13 वर्ष वह भी इस चारपाई पर लेटा था उसने शोर मचा दिया। ग्रामीण लाठी डंडे लेकर दौड़े। तेंदुए को ललकारा तो वह घायल अवस्था में बालिका को छोड़कर भाग गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में भर्ती कराया गया।

## मुर्गी फार्म में हाईटेंशन लाइन से लगी आग

**बिलारी अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव नागलिया शाहपुर में मुर्गी फार्म हाउस हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे मुर्गी फार्म हाउस में भारी नुकसान हो गया, मुर्गी फार्म हाउस स्वामी का परिवार सहित रो रो कर बुरा हाल हो गया। स्वामी को 12 लाख रुपये के करीब हानि हुई है। बुधवार को दोपहर 12 बजे के समय मुर्गी फार्म हाउस में हाई टेंशन विद्युत लाइन में शॉर्ट सर्किट के चलते भीषण आग लग गई, जिससे लाखों का माल स्वाहा हो गया। गांव निवासी परमानंद पाल का गांव के निकट मुर्गी फार्म हाउस है जो पिछले दो वर्षों से संचालित कर रहा है। मुर्गी पालन फार्म के स्वामी के मुताबिक आज सवेरे 4500 बच्चे मंगाए थे, जिसमें कल दाना भी मंगाया गया था जो आज सब जलकर राख हो गया, उनके मुताबिक करीब 12 लाख रुपए के करीब नुकसान हुआ है।

## गेहूं के खेत में आग से 5 बीघा फसल जलकर राख

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- रामनगर खागुवाला में दोपहर में लगी आग, दमकल ने पाया आग पर काबू

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव रामनगर खागुवाला गांव में मंगलवार दोपहर अचानक गेहूं के खेत में भीषण आग लग गई, जिससे करीब 4 से 5 बीघा फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया, हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका

कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर खागुवाला निवासी राकेश पुत्र छत्रपाल सिंह, और सतीश पुत्र रतन कुमार के गेहूं के खेत में अज्ञात कारणों से आग लग गई। तेज हवा के चलते आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास की खड़ी फसल को भी अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड के प्रभारी अंग्रेज़ सिंह की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने भी अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया।

काफी देर तक चले संयुक्त प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन लगभग 4 से 5 बीघा गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई, जिससे किसानों को आर्थिक क्षति हुई है।

फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है, वहीं किसान प्रशासन से मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

## स्कूल चलो अभियान जागरुकता रैली

**कांठ, अमृत विचार:** नए शैक्षिक सत्र 2026-27 की विधिवत शुरुआत आज से हो गई। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय चेतरामपुर, ब्लॉक छजलैट की ओर से गांव में जन-जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में विद्यालय के शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। रैली में बच्चों ने शिक्षा का दीप जलाएंगे, हर बच्चे को पढ़ाएंगे, कोई न छूटे अबकी बार, शिक्षा है सबका अधिकार तथा हम बच्चों का नारा है, शिक्षा अधिकार हमारा है। जैसे नारों के माध्यम से ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया।

प्रधानाध्यापक एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व छजलैट अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी, एसएमसी अध्यक्ष महेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सूर्यलता, पूजा कुमारी, पारुल मेहरोत्रा, ममता रानी, रूपवती (आंगनबाड़ी) सहित अन्य का सहयोग रहा।

## भाकियू का प्रदूषण के खिलाफ प्रदर्शन

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पश्चिम उत्तर प्रदेश के पूर्व युवा प्रभारी शुभम राठी के नेतृत्व में पदाधिकारी और किसान एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने स्योंडारा रोड पर लगी टायर फैक्ट्री से हो रहे वायु और जल प्रदूषण की जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि 5 दिन में जांच न होने पर बाद धरना प्रदर्शन करेंगे।

बुधवार की अपराह्न भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पूर्व युवा पश्चिमी प्रभारी शुभम राठी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान और पदाधिकारी एसडीएम कार्यालय पर पहुंचे। जहां उन्होंने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और एसडीएम न्यायिक को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि क्षेत्र के स्योंडारा रोड पर मनकुला गांव के पास टायर जलाकर तेल निकालने


एसडीएम न्यायिक को ज्ञापन देते किसान नेता शुभम राठी। ● अमृत विचार

वाले प्लांट से लगातार वायु और जल प्रदूषण हो रहा है।

कहा कि फैक्ट्री में टायर जलाकर उस तेल निकाला जाता है, जिसकी वजह से लगातार दुआ और कार्बन गिरती है। जिससे वायु और जल प्रदूषण हो रहा है, फसलें भी प्रभावित हो रही है, जिसकी वजह से पशु चारा नहीं खा पा रहे हैं। 10 से 15 गांव के लोग प्रदूषण का शिकार हो रहे हैं। धुएं और प्रदूषण कणों से लोगों की आंखों में जलन होने के साथ ही फेफड़े और टीवी, कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी होने का खतरा बढ़ गया है। एक हफ्ते में इस फैक्ट्री की उचित जांच कराई जाए। धरना प्रदर्शन में वरिष्ठ किसान नेता चौधरी भयराज सिंह, युवा जिला अध्यक्ष ऋषभ चौधरी, आशु बालियान, संजय चौधरी, संदीप चौधरी, अजीत चौधरी, अमित कुमार, राजवीर सिंह, सचिन चौधरी समेत दर्जनों किसान मौजूद रहे।

## घर के बाहर खेल रहे बच्चे को पीटा

**अगवानपुर, अमृत विचार:** नगर पंचायत के मोहल्ला पझाया निवासी युवक बीते रविवार को मोहल्ले के बच्चों के साथ खेल रहा था इस दौरान दूसरे मोहल्ले का 19 वर्षीय युवक वहां से गुजर रहा था। इस दौरान वह बच्चे से गाली गलौज करने लगा उसने घर जाकर अपनी मां को बताया। विरोध करने पर दूसरे मोहल्ले के युवक ने बच्चे से जमकर मारपीट शुरू कर दी। वहीं रास्ते में पड़ी ईंट उठाकर बच्चे के चेहरे पर मार दी गनीमत रही बच्चे की आंख जख्मी होने से बाल-बाल बच गई। बुरी तरह लहूलुहान बच्चे को छह टांके लगे हैं। अगवानपुर चौकी पुलिस ने महिला को कार्यवाही करने का आश्वासन देकर भेज दिया। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान शुरू


ठाकुरद्वारा में संचारी रोग नियंत्रण रैली निकालते कर्मचारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र में बुधवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ किया गया। पहले दिन जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को संचारी रोगों से बचाव के प्रति सचेत किया। यह अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। कार्यक्रम का आरंभ खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुदगल ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर प्रधान संघ अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान सुरजननगर वीर सिंह, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) योगेंद्र सिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर पुष्पेंद्र सिंह, रिंकू सिंह सहित ब्लॉक के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। रैली के माध्यम से लोगों को साफ-सफाई बनाए रखने, मच्छरजनित बीमारियों से बचाव, जलभराव न होने देने तथा नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के प्रति जागरूक किया गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

9412554796

0591 3591634

**NOTICE**

"My name is Mohammad Saleem, w/o nagina saleem and my daughter's name is Subhana Saleem, which is incorrect. And in the birth certificate, my name is recorded as Mohd Salim and w/o nagina salim my daughter's name as Subhana Salim, which is correct. In future, I and my daughter should be known/identified by the name Mohd Salim w/o nagina salim and my daughter's name Subhana Salim."

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र का नाम शहज़ान खान (SHAIZAN KHAN) से बदलकर शहज़ान हसन खान (SHAIZAN HASAN KHAN) रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाए। **शीराज़ हसन खां पुत्र सरफराज़ हसन खां निवासी करीम बाग सिविल लाइंस तहसील सदर जिला रामपुर**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## रेप का आरोपी गिरफ्तार

**बिलारी अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ घर में घुसकर दुराचार किया, जान से मारने की धमकी भी दी गई। एक किशोरी ने गांव के ही ओमप्रकाश पर मुकदमा दर्ज कराया कि वह घर पर थी, इस बीच वह घुस आया और छेड़छाड़ शुरू कर दी व दुराचार किया। किसी को बताने पर धमकी भी दी, तहरीर के बाद दर्ज मुकदमे में आरोपी ओमप्रकाश को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

## पुष्पेंद्र सिंह बने राम रतन इंटर कॉलेज के नए प्रधानाचार्य


नवनियुक्त प्रधानाचार्य पुष्पेंद्र सिंह का स्वागत करते शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी।

बिलारी, अमृत विचार: राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश ने राम रतन इंटर कॉलेज के नवनियुक्त प्रधानाचार्य पुष्पेन्द्र सिंह का स्वागत किया। समारोह में प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष श्यामवीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, डॉ देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शीतल प्रताप सिंह, पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट्ट के प्रधानाचार्य रघुपति देव, पीसीएस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं जिला उपाध्यक्ष बिजेंद्र चौहान, जीसीए इंटर कॉलेज ग्वालखेड़ा के प्रधानाचार्य गनपत सिंह, आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा, शंकर सहाय हर सहाय कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य सुनीता राठौर, ग्रामोदय विद्यालय अमरपुर काशी के प्रधानाचार्य आशीष सिंह जादौन सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रधानाचार्य पुष्पेंद्र सिंह का पुष्पगुच्छ, भगवा गमछा, स्मृति चिन्ह एवं भागवत गीता भेंटकर स्वागत किया।

संचालन जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने किया।

**कार्यालय नगर पंचायत मसवासी (रामपुर)**

पत्रांक: 876/न.प.म./का.गौ.ए.वे.प.अ.यो/2025-26 दिनांक: 25.03.2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत मसवासी जनपद रामपुर द्वारा अनुभवी फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि कान्हा गौशाला/नगर निधि / रा. वि. से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत निर्माण / विकास कार्यो हेतु ई-निविदा दिनांक 20.04.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http//:etender.up.nic.in पर ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम व शर्ते तथा विस्तृत विवरण ई-प्रक्योरमेंट की वेबसाइट http//:etender.up.nic.in पर है। निविदा में कोई संशोधन / परिमार्जन / परिवर्तन मात्र http//:etender.up.nic.in की वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जायेगा।

आशुतोष सिंह
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मसवासी (रामपुर)

श्री दिनेश कुमार गोयल
अध्यक्ष
नगर पंचायत मसवासी (रामपुर)

## न्यूज डायरी

### बिलारी, कांठ, ठाकुरद्वारा में समारोह आयोजित, जुलूस भी निकाला



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगरपालिका परिषद में पांच मनोनीत सदस्यों को शपथ ग्रहण के लिए समारोह का आयोजन किया गया। आशुतोष अग्रवाल, सुधीर नायक, हेमेंद्र प्रताप, मोनिका रानी और अंशु वर्मा ने आधिकारिक रूप से पद की शपथ ली। नगर पालिका परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने नामित सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने सभी सदस्यों को बधाई दी। मनोनीत सदस्य आशुतोष अग्रवाल नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सरस्वती विद्या मंदिर के प्रबंधक भी हैं। समारोह में नगर अध्यक्ष दीपक बाल्मीकि, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान, वरिष्ठ नेता शिवेंद्र बन्धु गुप्ता, संजीव चौहान, आफताब हाशमी, ओमपाल सैनी और नवीन सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दीपक अग्रवाल, कुशाग्र सिंघल, रचित अग्रवाल, कमलेश कुमार, संदीप अग्रवाल, ओम कुमार एडवोकेट, आशीष अग्रवाल आदि उपस्थिति रहे।



### भाजपा जिलाध्यक्ष ने नामित सभासदों का किया स्वागत

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर पालिका के प्रांगण में नामित पांच सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल सिंह ने सभी सभासदों को बुके देकर व फूलमाला पहनाकर सम्मान किया। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने सभी सभासदों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। नामित सभासद गीता कोहली, मनोज ठाकुर, दिनेश कुमार प्रजापति, हेमंत शर्मा, श्रीकांत गुप्ता को एसडीएम विनय कुमार सिंह ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष आकाश पाल सिंह पहुंचे। उन्होंने सभी सभासदों का उत्साहवर्धन किया। पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने सरकार अनेक योजनाओं को गिनाया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता परमेश्वर लाल सैनी, भाजपा नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता, व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन, बाबूराम लोधी, आनंदी प्रसाद प्रजापति, राजेश कुमार प्रजापति, निशा त्यागी, सभासद हप्पू राजा आदि मौजूद रहे। संचालन संजय सक्सेना ने किया।



### कुंदरकी नगर पंचायत में नामित सदस्यों ने ली शपथ

**कुंदरकी, अमृत विचार :** नगर पंचायत में बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। उप जिलाधिकारी विनय कुमार ने इरशाद खान, संजय कश्यप और जूली सैनी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम नगर पंचायत के नवनिर्मित भवन में हुआ। क्षेत्रीय विधायक रामवीर सिंह ने कहा कि नए सदस्यों के जुड़ने से नगर पंचायत की कार्यप्रणाली और मजबूत बनेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष जीना मेहंदी ने भरोसा जताया कि सदस्यों के अनुभव से विकास कार्यों में गति आएगी। नवनियुक्त सदस्यों ने नगर के विकास का संकल्प लिया। कार्यक्रम में ईओ अरविंद कुमार, ग्राम प्रधान ढकिया जुम्मा अब्दुल मलिक खान, इरफान खान, ताहिर खान, रफीक अहमद, शौकत नेता, मेहबूब खान, अरविंद ठाकुर, तारीक अली, शोएब साबरी, समीर खान, मुशाहिद हुसैन आदि मौजूद रहे।

### कांठ में भी हुआ शपथ ग्रहण समारोह

**कांठ, अमृत विचार :** शासन द्वारा नगर पंचायत में नामित तीन सभासदों को तहसील सभागार में आयोजित समारोह में पद और गोपनीयता की की शपथ दिलाई गई। एसडीएम संत दास पवार ने नामित सभासद गौरव बिश्नोई, मोहित चौहान, एवं प्रीति को शपथ दिलाई। नये सभासदों को भाजपा नेता अभय विश्नोई ने शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### खनन कर रहे वाहन को पकड़ा, जुर्माना

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन पर लगाम लगाने के लिए सघन चेकिंग अभियान जारी है। इसके तहत प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर चेक प्वाइंट स्थापित कर प्रशासनिक एवं संबंधित विभागीय टीमों को तैनात किया गया है। चेकिंग के दौरान एक वाहन को खनन करते हुए पकड़ा है। संबंधित वाहन पर 26,260 रुपये का जुर्माना लगाया।

### नकली नोटों के साथ दो गिरफ्तार किए

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना गंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर बिलासपुर गेट के पास से दो युवकों को नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है। सिनवान निवासी मोहल्ला गुईया तालाब थाना गंज व मिन्हाज निवासी मोहल्ला चाह मोटे कल्लन थाना गंज को 10500 रूपये के नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है। सिनवान के पास से 500 रुपये के 10 नकली नोट बरामद हुए और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। जबकि मिन्हाज के पास से तलाशी के दौरान 500 रुपये 11 नकली नोट बरामद हुए और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

**स्वार, अमृत विचार :** गांव अलीनगर जागीर निवासी 22 वर्षीय युवक मोहम्मद हासिम संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। परिजनों ने थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराने की मांग की है। कोतवाली के गांव अलीनगर जागीर निवासी मोहम्मद नूर का पुत्र मोहम्मद हासिम मंगलवार की रात घर से निकला था। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। बुधवार को पिता मोहम्मद नूर ने कोतवाली में तहरीर देकर बेटे की गुमशुदगी दर्ज कर शीघ्र तलाश कराने की गुहार लगाई है।

### दो भाइयों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**मिलक, अमृत विचार :** स्कूटी सवार दो सगे भाई पंजाब में रहकर पेंट का कार्य करते हैं। 1 अप्रैल को अपनी स्कूटी से दोनों भाई अपने निवास स्थान मलकापुर जिला गोंडा को जा रहे थे। ग्राम क्योरार मुरादाबाद बरेली हाईवे स्थित ईट भट्टे के पास किसी अज्ञात वाहन स्कूटी में टक्कर मार दी। जिसमें विक्की तथा उसका भाई राम अवतार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों भाइयों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# शादी की पहली रात दुल्हन ने पति को पीटा

## दुल्हन के भाई ने सिर फोड़ा, आई गंभीर चोट, अस्पताल में भर्ती, दूल्हे के पिता ने दी तहरीर, पुलिस कर रही जांच

- समझौतानामा लिखकर दुल्हन को परिजन ले गए साथ

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** कस्बे के मोहल्ला लक्ष्मीनगर में दुल्हन ने दुल्हे को सुहागरात के दिन पीट दिया। इसके बाद बैठी पंचायत में कहासुनी बढ़ने पर दुल्हन पक्ष के लोगों ने ईंट से दूल्हे का सिर फोड़ दिया। मामला थाना पहुंचा, जहां दुल्हन ने दूल्हे के साथ रहने से इनकार कर दिया। पंचायत के बाद दुल्हन परिजनों के साथ उत्तराखंड के किच्छा कस्बे में चली गई। यह मामला पूरे कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है। घायल दूल्हे को सीएचसी पर भर्ती कराया गया है।

कस्बे के लक्ष्मीनगर निवासी कन्हैया ने शादी से पहले दुल्हन को लेकर काफी सपने संजोये थे, लेकिन शादी के बाद वही दुल्हन उसके लिए खतरनाक साबित हुई। बताया जाता है कि कन्हैया की शादी रविवार को उत्तराखंड के किच्छा निवासिनी युवती से रविवार को आर्य समाज रीति से हुई थी। शादी के बाद दुल्हन विदाई होकर घर पहुंची। घर में देर शाम तक दावत और खुशी का दौर चलता रहा। देर रात सभी ने दुल्हन और दूल्हे को कमरे में भेज दिया।

कुछ देर बाद कमरे से चीख-पुकार और मारपीट की आवाजें आने लगीं। परिजनों ने दरवाजा खुलवाया तो दूल्हे ने बताया कि दुल्हन ने उसको पीट दिया है। इसके बाद परिजनों ने रात में दुल्हन के परिजनों को फोन किया।



पत्नी और साले के हमले से घायल पति। • अमृत विचार

### समझौतानामा लिखने के दौरान दूल्हे का सिर फोड़ा

कन्हैया ने बताया सुहागरात में दुल्हन ने उसे जमकर पीटा था। इसी बात को लेकर उसने अपने ससुराल पक्ष के लोगों से शिकायत की थी। दूल्हे के भाई कृपा शंकर और बहन पूनम कश्यप ने बताया कि उन्होंने दुल्हन को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह अपनी जिद पर अड़ी रही। इस पर उन्होंने पुलिस को भी बुला लिया। पुलिस के कहने पर लड़की के परिजन भी मंगलवार को थाने पहुंच गए। थाने में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। समझौतानामा लिखवाने के लिए सभी लोग तहसील गए। वहां भी दूल्हन और दूल्हे के बीच कहासुनी होने लगी। इसी दौरान दुल्हन और उसके परिजनों ने दूल्हे का सिर ईंट से फोड़ दिया। लहूलुहान होकर दूल्हा गिर गया। परिजनों ने उसे सीएचसी पर भर्ती कराया।

### दुल्हन ने साथ रहने से किया इनकार, गई मायके

दूल्हे के पिता गनपत कश्यप ने बताया कि दिन में हुई कहासुनी और मारपीट के बाद देर शाम दोनों पक्षों की दोबारा पंचायत बैठी। इसमें लड़की ने कन्हैया के साथ रहने से स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया। बाद में लिखित समझौता तैयार किया गया और लड़की अपने परिजनों के साथ घर लौट गई। वहीं दूल्हे के पिता ने मारपीट की तहरीर थाने में दी है। फिलहाल ये मामला पूरे कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है। थाना प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि इस संबंध में तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच कराई जा रही है। इसके पश्चात आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### विद्युत कर्मी से मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

**सैफनी, अमृत विचार :** मंगलवार को राजस्व वसूली के हेतु टीम के साथ गए सैफनी विद्युत उपकेंद्र पर तैनात टीजीटू विद्युत कर्मी के साथ उपभोक्ता द्वारा मारपीट करने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित विद्युत कर्मी अजय बाबू ने आरोप लगाया था कि वह उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अपने स्टाफ के दो अन्य साथियों के साथ बिल की वसूली के लिए भजनपुर गांव के भूड़ा गेट पर विद्युत उपभोक्ता बाबू उर्फ बब्बू के पास गया था। इस दौरान बाबू ने उसके साथ गाली–गलौज कर मारपीट की थी। पुलिस ने बाबू उर्फ बब्बू के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# नवागत एसपी सोमेंद्र मीना ने संभाला कार्यभार

**रामपुर, अमृत विचारः** बुधवार को महाराजगंज से स्थानंतरित होकर आए पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने कार्यभार संभाल लिया। संत रविदास सर्किट हाउस में पुलिस लाइन की गार्द ने उन्हें सलामी दी।

अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह और क्षेत्राधिकारी टांडा ने उनका स्वागत किया। कार्यभार संभालने के बाद पुलिस अधीक्षक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय पहुंचे। उन्होंने जिले की कानून व्यवस्था, लंबित मामलों और अपराध नियंत्रण से संबंधित प्राथमिक जानकारी ली। एसपी मीना ने स्पष्ट किया कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। कार्यभार ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को सुना।



एसपी का स्वागत करते एएसपी।

### दो पक्षों में जमकर मारपीट, 10 घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** खजुरिया थाना क्षेत्र के रम्पुरा बुजुर्ग गांव में बच्चों के विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट के दौरान दस लोग घायल हो गए। यह विवाद लगभग पंद्रह दिन पहले बच्चों के वॉलीबॉल खेलने के दौरान हुई मारपीट से शुरू हुआ था। उस समय ग्रामीणों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत करा दिया था, लेकिन दोनों परिवारों के बीच रंजिश बनी हुई थी। बुधवार को बच्चों के बीच फिर किसी बात पर विवाद हो गया। दोनों पक्षों ने एक–दूसरे पर लाठी–डंडों से हमला कर दिया। घायलों में एक पक्ष से रहीम, उनकी पत्नी नईम जहां, भतीजा फरीद और भंवरका गांव निवासी समधी अब्दुल मजीद शामिल हैं। दूसरे पक्ष से सुलेमान और शावेज खां घायल हुए हैं। दोनों पक्षों ने एक–दूसरे पर घर में घुसकर हमला करने का आरोप लगाया है।

# धार्मिक स्थलों के पास से हटाएं शराब की दुकानें

संवाददाता बिलासपुर

**अमृत विचारः** बुधवार को पूर्व पालिकाध्यक्ष मोहम्मद हसन खां के नेतृत्व में लोग तहसील भवन पहुंचे। जहां पर उन्होंने उपजिलाधिकारी अरुण कुमार से मुलाकात कर डीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा कि प्रस्तावित दुकान धार्मिक स्थल जैसे दो कब्रिस्तान, मजार और घनी आबादी के पास है। ऐसी जगह पर शराब की दुकान खुलना न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करेगा। जिसे तत्काल स्थानांतरित कराने की मांग की। वहीं दूसरी ओर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष मोहम्मद अनस खां ने कार्यकर्ताओं के साथ तहसील पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि प्रस्तावित देशी शराब की दुकान की दूरी धार्मिक स्थलों से पचास मीटर तक नहीं है। यह लोगों की धार्मिक भावनाओं और श्रद्धा से जुड़े होते हैं।

उन्होंने अधिकारियों से शराब की दुकान को जल्द हटवाएं की मांग की। इसके साथ ही शहर के आवारा आवारा कुत्तों को पकड़वाएं जाने, एसबीआई शाखा के बराबर में तथा पोस्ट आफिस के सामने वक्फ बोर्ड की भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग की हैं। इस मौके पर मोहम्मद याकूब खां, शुऐब सलमानी, संजीव, दिनेश, फैजान खां, रोहित, आशु खां, जफर सुखनैन खां, मुराद हसन खां, जैद खां, रिजवान अहमद, कप्तान खां आदि मौजूद रहे।



एसडीएम अरुण कुमार को ज्ञापन सौंपते पूर्व पालिकाध्यक्ष मोहम्मद हसन खां व अन्य।

- एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, कहा धार्मिक भावनायें हो रही हैं आहत

# शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**स्वार, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र से एक गंभीर मामला सामने आया है। युवती ने शादी का झांसा देकर युवक पर दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगाया गया है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। कोतवाली के एक गांव निवासी एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि थाना अजीमनगर क्षेत्र निवासी जुनैद ने उसे शादी का झांसा दिया और इसी बहाने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। आरोप है कि जब युवती ने आरोपी से शादी करने की बात कही तो उसने गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने जांच शुरू की है।

# डंपर चालक बैरियर तोड़कर भागा

संवाददाता, शाहाबाद

- तेज रफ्तार दौड़ाया डंपर, चेकिंग टीम बाल बाल बची

**अमृत विचारः** शाहबाद में नवीन मंडी गेट स्थित चेक पोस्ट पर ड्यूटी के दौरान एक डंपर चालक ने जमकर आतंक मचाया। डंपर चालक ने रुकने के बजाय वाहन की रफ्तार बढ़ा दी और कर्मचारियों पर ही डंपर चढ़ाने का प्रयास किया। किसी तरह पीछे हटकर कर्मचारियों ने अपनी जान बचाई, लेकिन चालक बैरियर तोड़ते हुए मौके से फरार हो गया। मामले में उपजिलाधिकारी शाहबाद ने रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

घटना मंगलवार सुबह करीब सात बजे की है। राजस्व विभाग के कर्मचारी तहसीलदार अमित कुमार सिंह के साथ चेक पोस्ट पर अवैध खनन और ओवरलोडिंग की जांच के लिए तैनात थे। इसी दौरान नीले रंग का एक डंपर तिरपाल से ढका हुआ वहां पहुंचा और अचानक तेज गति से आगे बढ़ा दिया। कर्मचारियों ने किसी तरह हटकर अपनी जान बचाई। इस दौरान डंपर ने एक बैरियर को टक्कर मारकर गिरा दिया और दूसरे बैरियर को घसीटते हुए फरार हो गया। तहसीलदार ने बताया कि डंपर के आगे कोई नंबर प्लेट नहीं थी, जबकि पीछे की नंबर प्लेट को भी छिपाने का प्रयास किया गया था। गहराई में लगी नंबर प्लेट पर यूपी 14 केटी 03894 अंकित पाया गया। मामले में पुलिस ने चालक और वाहन स्वामी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा और जानलेवा हमले की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। रुकने का इशारा किया, लेकिन बैरियर तोड़कर भागा चेक पोस्ट पर तैनात कर्मचारियों ने डंपर चालक को रुकने का इशारा किया, लेकिन उसने अनदेखी करते हुए वाहन की रफ्तार बढ़ा दी। चालक ने बैरियर को टक्कर मारकर तोड़ दिया और उसे घसीटते हुए मौके से फरार हो गया। डंपर की तेज रफ्तार देख मची अफरा-तफरी चेक पोस्ट पर जैसे ही डंपर तेज रफ्तार में कर्मचारियों की ओर बढ़ा, मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जान बचाने के लिए कर्मचारी इधर-उधर भागे और किसी तरह खुद को सुरक्षित किया। कुछ पल के लिए हालात इतने बिगड़ गए कि बड़ा हादसा होते-होते टल गया। उपजिलाधिकारी शाहबाद आशुतोष कुमार ने बताया कि मामले में तहसीलदार अमित कुमार सिंह की तहरीर पर वाहन स्वामी एवं चालक के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने तथा सरकारी कर्मचारियों पर जानलेवा हमला करने के प्रयास के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्रकरण में पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगा दी गईं हैं।

# मुंढ़ापांडे एयरपोर्ट से उड़ानें शुरू कराने को सांसदों ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** रामपुर क्षेत्रीय विकास और जन-सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए रामपुर सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी एवं संभल के सांसद जिया ऊर रहमान बर्क ने दिल्ली में नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरपु राम मोहन नायडू से शिष्टाचार भेंट की।

दोनों सांसदों ने मुरादाबाद स्थित मुंडापांडे हवाई अड्डे से उड़ाने शुरू कराने की मांग की। सांसदों ने अवगत कराया कि मुंढ़ापांडे हवाई अड्डे का बुनियादी ढांचा 2023 से पूरी तरह तैयार है, लेकिन संचालन में देरी के कारण वेस्ट यूपी का यह महत्वपूर्ण हिस्सा विकास की मुख्यधारा से कटा हुआ है। सांसदों ने जोर देकर कहा कि रामपुर और मुरादाबाद 'पीतल नगरी' और ''हस्तशिल्प'' के बड़े केंद्र हैं। हवाई सेवा शुरू होने से न केवल व्यापारियों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जुड़ने में आसानी होगी, बल्कि क्षेत्र में निवेश और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। केंद्रीय मंत्री किंजरपु राम मोहन नायडू ने सांसदों द्वारा उठाए गए तर्कों से सहमति जताई। यह जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा (एडवोकेट) ने दी है।



नागरिक उड्डयन मंत्री से मुलाकात करते रामपुर व संभल के सांसद।

# रामगंगा में डूबे छात्र का तीसरे दिन मिला शव

संवाददाता शाहबाद

- घटना स्थल से कुछ दूरी पर ही बरामद हुआ शव
- गढ़मुक्तेश्वर से भी शव को तलाशने के लिए आए थे गोताखोर

**अमृत विचारः** शाहबाद के रामगंगा घाट पर दोस्तों के साथ नहाने गया नहाने गया युवक डूब गया। बुधवार को तीसरे दिन युवक का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने को कहा, लेकिन परिजनों ने इनकार कर दिया। शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



मृतक मोइस।

कस्बे के मोहल्ला खटपुर निवासी आले हसन का बेटा मोइस उर्फ मोनू (20) सोमवार दोपहर अपने दोस्तों के साथ रामगंगा नदी में नहाने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। साथियों के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घटना के बाद से ही स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान चलाया जा रहा था, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

मंगलवार सुबह एनडीआरएफ टीम के पहुंचने के बाद अभियान को और तेज कर दिया गया। टीम ने आधुनिक उपकरणों के जरिए नदी के गहरे हिस्सों में युवक की तलाश की, लेकिन उसे भी सफलता नहीं मिल सकी। हारकर परिजनों ने जनपद हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर से चार गोताखोर बुलाए। इसके बाद फिर युवक की तलाश शुरू हुई, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस गोताखोरों व एनडीआरएफ की टीम लगाकर तलाश करा रही थी। गोताखोरों की मदद से तीसरे दिन युवक का शव घटनास्थल से कुछ दूरी पर बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने कों कहा, लेकिन परिजनों ने इनकार कर दिया।

### जनाजे में मचा कोहराम, पिता हुए बेहोश

रामगंगा में डूबे युवक मोइस उर्फ मोनू का शव मिलने के बाद घर में मातम पसरा रहा। बुधवार को जनाजे की नमाज के दौरान माहौल गमगीन हो गया। बेटे के गम में डूबे पिता आले हसन नमाज के दौरान अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। मौजूद लोगों ने किसी तरह उन्हें संभाला। उधर, घर पर मां और दो बहनों का रो–रोकर बुरा हाल था। बड़ी संख्या में लोग अंतिम विदाई में शामिल हुए।

# नामांकन बढ़ाने वाले शिक्षक होंगे सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचारः** बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने कहा है कि जिन विद्यालयों में नामांकन में वृद्धि होगी, वहां के शिक्षकों को 5 सितंबर को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी शिक्षकों को निर्देश दिए कि 15 अप्रैल तक पात्र सभी बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जाए। बुधवार को नए शैक्षिक सत्र 2026-27 के प्रारंभ पर शिक्षक प्रतिनिधिमंडल बीएसए से मिला और विभिन्न शैक्षिक बिंदुओं पर चर्चा की। बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता, डॉ. एहसान खान, शीतल सिंह, ख्याति वर्मा, सलोनी लोचन, नवेद अहमद शमसी, मेजर सिंह यादव, शिव कुमार सिंह, अनीता, राजेंद्र सिंह, नरेंद्र कुमार भारती, मदनलाल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# डीएम ने गंभीर मरीज को दिया 1.44 लाख का चेक

**रामपुर, अमृत विचारः** कलेक्ट्रेट सभागार में जनता दर्शन में बुधवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने फरियादियों की समस्याएं सुनने के साथ ही मौके पर ही उनका समाधान किया। जिलाधिकारी ने तहसील सदर के ग्राम लालपुर पट्टी खुर्द निवासी भारत सिंह को आरोग्य निधि के तहत 1.44 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। भारत सिंह का इलाज लखनऊ के संजय गांधी पीजीआई में चल रहा है। उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है। परिजनों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई थी। चीनी मिल निवासी राधा रोड के नितिन को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 30 हजार रुपये का चेक दिया गया। वहीं दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति को डीएम ने गाड़ी में ही आयुष्मान कार्ड दिया। तहसील मिलक के ग्राम चिचौली निवासी दिलीप कुमार को आयुष्मान कार्ड सौंपा। इसके अलावा दिव्यांग राम सागर मिश्रा को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल भेंट की गई।



चेक देते डीएम। • अमृत विचार

# नए लेबर कोड के विरोध में बीमा कर्मियों का प्रदर्शन



बिलासपुर में एलआईसी कार्यालय के गेट पर प्रदर्शन करते बीमा कर्मी।

संवाददाता बिलासपुर

**अमृत विचार :** बुधवार को एलआईसी कार्यालय में कर्मचारियों ने ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के आह्वान पर नए लेबर कोड के खिलाफ काला दिवस मनाकर प्रदर्शन किया।

बैठक के दौरान संगठन के मंडल अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार ने मजदूर हितों पर भारी कुठाराघात किया है। पुराने श्रम कानूनों को खत्म करके नए कोड नियोक्ताओं के पक्ष में बनाए गए हैं। इससे स्थायी रोजगार पर खतरा बढ़ेगा और मजदूरों की सुरक्षा लगभग समाप्त हो जाएगी। सामूहिक सौदेबाजी की शक्ति घटने से बेहतर मजदूरी, सुरक्षा और सुविधा पर बातचीत करना मुश्किल होगा। यही नहीं, हड़ताल के अधिकार पर भारी प्रहार किया गया है। यहां तक कि शांतिपूर्ण हड़ताल तक को अपराध की श्रेणी में रख दिया गया है। इससे मजदूर संगठनों का लोकतांत्रिक अधिकार सीमित होगा। फिक्स्ड टर्म कॉन्ट्रैक्ट का विस्तार होगा। अब कंपनियां कम अवधि के लिए मजदूर रख सकेंगी और अनुबंध पूरा होते ही उन्हें हटाया जा सकेगा। ठेका प्रथा को वैधता मिल गई है। 300 से कम कर्मचारियों वाले सभी संस्थान मनमाने ढंग से छंटनी कर सकेंगे। जिससे बेरोजगारी को और बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने सरकार से इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। इस मौके पर सुखलाल, मयंक जनौटी, प्रभा, राजीव कुमार, मोहम्मद जाहिद आदि मौजूद रहे।

### लेबर कोड 4 के विरोध में एलआईसी कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**रामपुर, अमृत विचार :** बीमा कर्मियों ने बुधवार को 4 लेबर कोड लागू होने पर काला दिवस मनाया और प्रदर्शन किया। शाखा अध्यक्ष दीवान सिंह ने कहा कि यह लेबर कोड मजदूर वर्ग को दुर्बल करने वाले हैं। इससे असंगठित क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। एलआईसी जैसी पीएस 4 की कंपनी भी अस्थाई कर्मचारियों के साथ अन्याय कर सकती हैं। सरकार के असहमत होने पर कर्मचारी हड़ताल का सहारा लेते हैं। प्रदर्शन करने वालों में भगवान दास, दीवान सिंह, हरि सिंह, राजेंद्र सिंह बिष्ट, महेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, राकेश कुमार, विजय श्रीवास्तव, कंचन पांडेय, चंद्रशेखर, मोहम्मद शादाब, सुरेश, आइरिस माइकल तथा अरुण कुमार वर्मा शामिल रहे।



एलआईसी कार्यालय के गेट पर प्रदर्शन करते बीमा कर्मी। • अमृत विचार

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

**रामपुर, अमृत विचारः** जिले में आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका के रिक्त पदों पर मानदेय आधारित नियुक्ति के लिए शासनादेश भर्ती प्रक्रिया संचालित की जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी एवं चयन समिति के अध्यक्ष तथा जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद जिले की 8 बाल विकास परियोजनाओं में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के कुल 227 पदों पर सीधी भर्ती के लिए विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibahart.in पर पात्र महिला अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसकी अंतिम तिथि 1 अप्रैल, 2026 निर्धारित की गई थी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि टैक्नीकल समस्याओं के चलते अब इसकी अंतिम तिथि बढ़ाकर 11 अप्रैल 2026 रात्रि 12 बजे तक कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# होटल संचालकों ने की गैस सिलेंडर की मांग

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** आईआईए और होटल एसोसिएशन के चेयरमैन श्रीश गुप्ता के नेतृत्व में उद्यमियों का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी से मिला। उन्होंने जिले के होटल, रेस्टोरेंटों और ढाबों को कमर्शियल गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ज्ञापन दिया।

जिलाधिकारी से जिलापूर्ति अधिकारी, होटल, उद्योगों, रेस्टोरेंट एवं गैस एजेंसियों के स्वामियों के साथ एक समन्वय बैठक कराने का सुझाव रखा। डीएम ने तुरंत ही यह मीटिंग करने का निर्देश जिलापूर्ति अधिकारी को दिया। कलेक्ट्रेट कॉन्फ्रेंस हॉल में हुईं इस मीटिंग में जिला आपूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान ने गैस की कंपनियों के अधिकारियों से बात की ओर पर्याप्त गैस उपलब्ध कराने की बात रखी। उन्होंने आश्वस्त किया कि उद्योग होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा स्वामियों को यथा संभव गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। जो उद्योग ,होटल ,रेस्टोरेंट अपने नए कमर्शियल कनेक्शन लेना चाहते है वो अपनी निकटतम एजेंसी पर अप्लाई कर सकते है। ढाबे, ठेले वाले भी 5 किग्रा का कमर्शियल सिलेंडर ले सकते है। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को उनके त्वरित प्रयासों एवं राहत के लिए आभार प्रकट किया। बैठक के बाद श्रीश गुप्ता के साथ उद्यमियों ने एक ज्ञापन भी डीएम को सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में होटल व्यवसायी नरेश सिंघल, अभिनव रस्तोगी, संजय नरूला, विजेंदर कुमार खत्री आदि मौजूद रहे।



डीएम को ज्ञापन देते आईआईए चेयरमैन श्रीश गुप्ता। • अमृत विचार

- होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट स्वामियों की ओर से श्रीश गुप्ता ने की थी मांग

## न्यूज ब्रीफ

### 10.55 करोड़ रुपये से होगा सड़कों का निर्माण

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत 10 .55 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न सड़कों का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य कराया जाएगा। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य जनपद में बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना एवं विकास कार्यों को गति प्रदान करना है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन सुगम होगा, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं निर्धारित समय में पूर्ण कराए जाएं।

### शहजादे अली ने थामा आप का दामन

**रामपुर, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय पर अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पसमांदा समाज के मजबूत नेता शहजादे अली अंसारी ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया। प्रदेश प्रवक्ता फैसल खां और शहजादे अली अंसारी ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर आप में जाहिद अंसारी, पप्पू अंसारी, राशिद अली अंसारी, सद्दाम हुसैन, मौ. अकरम अंसारी, अकील अहमद, शकील अंसारी, जब्बार हुसैन, मौ. इरफान अंसारी आदि शामिल हुए। मोहम्मद जफर, रय्यान खां, मौ. आलमगीर, इब्ने अली, महेश सैनी, आदित्य, मुकेश आदि रहे।

### दक्षता हासिल करें महिलाएं : प्रो. सबीहा

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति अभियान फेस 5 द्वितीय चरण का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सुनीता ने बुधवार को किया। प्रो. सबीहा परवीन ने मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों के विषय में छात्राओं को जानकारी दी। कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में दक्षता प्राप्त कर महिलाएं रोजगार प्राप्त कर स्वावलंबी बन सकती हैं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुनीता ने कहा कि छात्राएं अधिक से अधिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करें जिससे मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य को पूर्णता प्राप्त हो सके। संचालन डॉ. प्रीति लता सिंह ने जबकि, डॉ. मनोरमा चौहान ने आभार जताया। इस अवसर पर डॉ. प्रतिभा यादव, डॉ. जया कुमारी आदि मौजूद रहे।



स्कूल पहुंचने पर बच्चों पर पुष्प वर्षा करती शिक्षिका। • अमृत विचार



कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में सत्र के पहले दिन छात्र-छात्राओं का पुष्प वर्षा करते शिक्षक। • अमृत विचार



स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम में बोलतीं बीईओ। • अमृत विचार

# नए शैक्षिक सत्र में स्कूल पहुंचे बच्चे, फूलों से हुआ स्वागत

## कई शिक्षकों ने बच्चों को रोली लगाकर किया टीका, विकास भवन से शहर विधायक ने प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी, पहले दिन उत्साहित दिखे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिले भर में बुधवार 1 अप्रैल को स्कूलों में पहुंचने पर बच्चों का पुष्प वर्षा से स्वागत हुआ। शिक्षकों ने रंगोली से स्वागत के लिए रास्ते में फूल बिछाए और बच्चों को रोली लगाकर टीका किया। नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने पर बच्चों में उत्साह दिखाई दिया। नए शैक्षिक सत्र के अवसर पर स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विकास भवन सभागार में निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण हुआ। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विकास भवन परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी, शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए गए हैं तथा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए निरंतर विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। शहर विधायक ने कहा कि जनपद के सरकारी विद्यालयों में पहले ही निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण सुनिश्चित किया जा चुका है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि नए सत्र में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जाए।

- गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और अधिक से अधिक एडमिशन पर दिया जोर
- रैली निकालकर अभिभावकों को किया जागरूक

इस अवसर पर छात्रा प्रियंका यादव एवं प्रियांशी ने मेरी कहानी, मेरी जुबानी के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके।

नवोदय विद्यालय एवं राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में चयनित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायतराज अधिकारी नत्थूलाल गंगवार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।



विकास भवन सभागार में नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण करते अतिथि। • अमृत विचार




विक्ट्री का निशान बनाकर दिखाते पास हुए बच्चे। • अमृत विचार

### वंदनवार और गुब्बारों से सजाया स्कूल

**रामपुर, अमृत विचार :** सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय घाटमपुर में बुधवार को स्कूल आए छात्र-छात्राओं का पुष्प वर्षा से स्वागत हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने विद्यालय आए बच्चों पर पुष्प वर्षा की। इस अवसर पर विद्यालय को गुब्बारे और वंदनवार से भी सजाया गया था। बच्चे इससे काफी खुश दिखाई दिए और उनमें खुशी का माहौल रहा। इस अवसर पर नाजिम अली, मुजाहिद खान, चिरंजीव गुड्डू, अमरपाल सिंह, मलखान सिंह, नसरीन बी, सीमा गौहर, संगीता यादव, रजिया बेगम, शाजिया बी, शहनाज फातिमा आदि उपस्थित रहे।

### स्कूल में बच्चों को मध्यान्ह भोजन में परोसी खीर

**अमृत विचार, रामपुर :** नए शैक्षिक सत्र के पहले दिन प्राथमिक विद्यालय लालपुर कलां में बच्चों का जोरदार स्वागत किया। विद्यालय परिसर को फूलों, गुब्बारों और झालरों से आकर्षक रूप से सजाया गया। सुबह विद्यालय पहुंचते ही शिक्षकों ने गेट पर खड़े होकर बच्चों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय में प्रत्येक कक्षा में भी बच्चों का स्वागत किया गया। अभिभावकों की संगोष्ठी आयोजित कर उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अफजाल हुसैन, प्रधानाध्यापिका शबनम आरा तथा स्टाफ सदस्य रीना, निदा खान, बुशरा फिरदौस, नंद किशोर, आराधना सक्सेना, रेखा, अफसाना, काबुल निशा, फरजाना, शबाना इरम आदि रहे।

### बच्चों को तिलक कर बाटीं पाठ्य पुस्तकें

**रामपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र मिलक स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट में बुधवार को स्कूल चलो अभियान के तहत कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार ने नवागंतुक बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया। नये सत्र के लिए पुस्तकों का वितरण किया। खंड शिक्षा अधिकारी बबीता सिंह ने विचार व्यक्त किए। उन्होंने 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों का नामांकन निकटतम परिषदीय विद्यालय में कराने की अपील की ताकि, कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। संचालन सुशील कुमार ने किया। इस अवसर पर शिक्षक चंचल गंगवार, दयमंती गंगवार, एआरपी पृथ्वी सिंह, रोहित शर्मा, सचिन पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

### स्कूल चलो अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली

**रामपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक चमरौआ में स्थित मॉडल प्राइमरी स्कूल, पट्टी कल्याणपुर एवं अब्बासनगर में नए शैक्षिक सत्र के आगमन के अवसर पर स्कूल चलो अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने जागरुकता रैली निकाली। रैली में माइक, ड्रम और जोशपूर्ण नारों के साथ बच्चों ने सब पढ़ें, सब बढ़ें एवं शिक्षा है अधिकार, हर बच्चे का आधार नारे लगाए। इस अवसर पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक राकेश विश्वकर्मा, प्रधानाध्यापक शिव कुमार सिंह एवं विद्यालय स्टाफ में सुमित गंगवार, निदा हुसैन, प्रिया सैनी, सुरभि गंगवार, सविता यादव, राजपाल, नीलम आदि उपस्थित रहे।



स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकालते छात्र-छात्राएं। • अमृत विचार

# परीक्षाफल पाकर खुश हुए विद्यार्थी, किए गए सम्मानित

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार:** क्षेत्र के बिजारखाता स्थित सुखलाल मेमोरियल स्कूल में मंगलवार को वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वार-टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी शामिल रहे। विधायक ने कहा कि मेहनत और लगन से पढ़ाई करने वाले छात्र ही आगे बढ़ते हैं। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है और यही व्यक्ति को उसके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाती है। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक जयवर्धन मौर्य, प्रधानाचार्य आंचल मौर्य, विधायक प्रतिनिधि दीपचंद गोयल, नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, भाजपा नेत्री डॉली रंधावा, अमृता सिंह रंधावा, अशोक सैनी, मौलाना खुर्शीद आलम जुल्फिकार, रमेश भगत, राजू सैनी, संजीव मौर्य समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। उधर एमएमआर नेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल में परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान पूर्व ग्राम प्रधान हामिद हुसैन अंसारी, प्रधान साजिद हुसैन, मुफ्ती खुर्शीद आलम, हाफिज गुलाम साबिर, विद्यालय प्रबंधक मोहम्मद रफी मौजूद रहे।



विधायक शफीक अहमद अंसारी को सम्मानित करतीं प्रधानाचार्य आंचल मौर्य।

- जिले के कई स्कूलों में वितरित किया गया रिपोर्ट कार्ड
- शिक्षकों ने मेहनत करने के लिए किया प्रेरित

### ब्रह्मदत्त स्कूल में मेधावियों को किया गया पुरस्कृत

**बिलासपुर, अमृत विचार :** ब्रह्मदत्त सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें प्रबंध समिति द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इससे पहले विद्यालय के प्रबंधक रविन्द्र पाल यादव, उपाध्यक्ष रवि गोयल, प्रदीप मित्तल, सतपाल जिंदल, सुमित एवं उपप्रधानाचार्य गंगाराम ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सात छात्र-छात्राओं ने मेरठ प्रांत में टॉप-10 में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। जिन्हें प्रबन्ध समिति के सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। अंत उपप्रधानाचार्य गंगाराम ने सभी का आभार जताया।



स्कूल में छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते प्रबंध समिति के सदस्य। • अमृत विचार

## न्यूज डायरी

### शहीद-ए-आजम स्टेडियम में स्विमिंग पूल सत्र का आरंभ

**रामपुर, अमृत विचार :** बमनपुरी स्थित शहीद-ए-आजम स्टेडियम में बुधवार को वरिष्ठ कोषाधिकारी रणजीत सिंह ने स्विमिंग पूल सत्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को तकनीकी जानकारी भी दी गई। जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि स्विमिंग पूल में बिगनर श्रेणी के अंतर्गत छोटे बच्चों को तैराकी प्रशिक्षण देने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस दौरान कार्यकारी अध्यक्ष, जिला योगासन खेल संघ रामपुर डॉ. अनूप कुमार सिंह, हॉकी प्रशिक्षक श्री फरहत अली खान, खेलो इंडिया प्रशिक्षक सौरभ, लाइफगार्ड अमरेश कुमार सिंह आदि रहे।





### रामपुर मेवरिक्स ने रामपुर बलास्टर को 26 रन से हराया

**रामपुर, अमृत विचार :** बमनपुरी स्थित शहीद ए आजम स्पोर्ट्स में रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित रामपुर सुपर क्रिकेट लीग में बुधवार को एक मैच खेला गया। इसमें रामपुर मेवरिक्स ने 26 रन से जीत दर्ज की। रामपुर मेवरिक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 8 विकेट खोकर 185 रन बनाए। बल्लेबाजी करने उतरी रामपुर ब्लास्टर की टीम 25 ओवर में 159 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। रामपुर मेवरिक्स ने 26 रन से मैच जीत लिया। इस मौके पर रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष इरफान हुसैन, रामपुर ब्लास्टर के मालिक अमित जैन, रामपुर मवेरिक्स के मालिक अंकित मौजूद रहे। अंपायर एवं स्कोरिंग यूपीसीए के राहुल कुमार, निश्चय कुमार, सतीश कौशिक, अपूर्व यादव कॉमेंटेटर अनुज कनौजिया ने की।




### नाइट राइडर्स ने मिर्जा स्टूडियो को तीन रन से हराकर जीता खिताब

**स्वार, अमृत विचार :** नगर स्थित हाथा चौराहा मैदान पर खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में रमजानी नाइट राइडर्स ने मिर्जा स्टूडियो को 3 रन से हराकर खिताब कब्जा कर लिया। विधायक शफीक अहमद अंसारी के बेटे मुख्यातिथि उमेर अंसारी ने विजेता टीम को ट्रॉफी दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए रमजानी नाइट राइडर्स ने 10 ओवर में 126 रन बनाए। मिर्जा स्टूडियो की टीम ने भी दमदार प्रदर्शन किया और 10 ओवर में 123 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। फैसल को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। कमेंट्री सऊत खान और परवेज अख्तर ने की। अंपायरिंग अरमान अली, अजीम कुरैशी और रियाज मिर्जा ने की। अरमान अली, इमरान हुसैन, अरबाज पाशा, जीशान अली, मुख्तार अल्वी, शोएब अली, फैजान कुरैशी रहे।

### सीखे हुए का सदुपयोग करने से कार्यक्रमों की सार्थकता

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को पांच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स शिविर का कालेज प्राचार्य प्रो. जागृति धींगड़ा मदान ने दीप प्रज्वलित उद्घाटन किया। कॉलेज प्राचार्य ने कहा कि रोवर्स-रेंजर्स जैसी गतिविधियों के अंतर्गत जीवनोपयोगी कौशल का जो प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इसका पूरा लाभ विद्यार्थियों को लेना चाहिए। जिला प्रशिक्षण आयुक्त प्रेमपाल सिंह तथा जिला संगठन आयुक्त नरवंत कौर ने ध्वज शिष्टाचार, नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत, सैल्यूट आदि का प्रशिक्षण दिया। रोवर लीडर डॉ. राजेश कुमार, सहायक रोवर लीडर डॉ. अख्तर हुसैन, रेंजर लीडर डॉ. माया भारती एवं सहायक रेंजर लीडर डॉ. नेहा नागपाल, डॉ. मुजाहिद अली, डॉ. अरुण कुमार आदि रहे। संचालन डॉ. राजेश कुमार ने किया।



**प्रतियोगिता** | महात्मा गांधी स्टेडियम पर हो रहा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर फुटबॉल टूर्नामेंट

# कुंडेश्वरी ने बरेली झुमका को दी 6-1 से शिकस्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** क्रीड़ा भारती एवं अंबेडकर क्लब के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय बाबा साहब भीमराव अंबेडकर फुटबॉल टूर्नामेंट में कुंडेश्वरी ने बरेली झुमका को 6-1 गोल से करारी शिकस्त देकर टूर्नामेंट के अगले राउंड में प्रवेश कर लिया। मैच शुरू होने से पहले मुख्य अतिथि संजय नरूला ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल में किक मारकर मैच शुरू कराया।

स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम पर बुधवार की शाम कुंडेश्वरी और बरेली झुमका की टीमों के बीच मैच खेला गया। पहले हाफ में कुंडेश्वरी के खिलाड़ी अजय ने मैच शुरू होते ही दूसरे मिनट मे 1 गोल मारकर टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद 20 वें मिनट में पवन ने गोल दाग कर 2-0 की बढ़त बना ली। बरेली झुमका की टीम पहले हाफ में गोल के लिए संघर्ष करती रही लेकिन, कोई सफलता नहीं मिली। दूसरे हाफ के 45 वें मिनट में कुंडेश्वरी के पवन ने एक ओर गोल कर दिया और 49 वें मिनट में अजय ने एक गोल कर बरेली झुमका की टीम के हौसले पस्त कर दिए। 60 वे मिनट में कुंडेश्वरी के बलजीत ने पांचवा गोल दागा और 64 वें मिनट में कुंडेश्वरी के लवकुश ने छठा गोल कर मुकाबला एक तरफ कर दिया। मैच के आखिरी 2 मिनट पहले बरेली झुमका के खिलाड़ी कार्तिक ने गोल कर टीम को शून्य से हारने से बचा लिया। अजीत कुमार निर्णायक रहे। शिवम और आदित्य नें लाइन मैन की भूमिका निभाई। डॉ.अनूप कुमार सिंह जिला उपाध्यक्ष क्रीड़ा भारती, मनोज कुमार उपाध्यक्ष क्रीड़ा भारती, अभिषेक, विकास कुमार, महेश कुमार, नीरज चौहान, राजेंद्र कुमार, आकाश बाबू, अमित चौहान, नितिन इशू मौजूद रहे। मैच की कमेंट्री विजेंद्र कुमार ने की। क्रीड़ा भारती के उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि गुरुवार का फुटबॉल मैच यंग मैन क्लब टांडा और हीरो क्लब रामपुर के बीच शाम 4 बजे से खेला जाएगा।



फुटबॉल मैच में खेलते खिलाड़ी। • अमृत विचार

### सेवानिवृत शिक्षकों के अनुभव से सीखें

**स्वार, अमृत विचार:** बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय गांव हर नगला में सेवानिवृत शिक्षक विजय सिंह के सम्मान में विदाई समारोह हुआ। इसमें खंड शिक्षा अधिकारी फोटो लाल ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होता और हमें सेवानिवृत शिक्षकों के अनुभवों से सीख लेकर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना चाहिए। सेवानिवृत्त शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह चौहान विचार व्यक्त किए। संचालन गुरप्रीत सिंह ने किया। इस दौरान नीतू सिंह, जाहिद हुसैन, मोहम्मद आरिफ, उमाकांत, नरेश सिंह, मोहम्मद आसिफ, जीपी गौतम, राकेश कुमार, अनुज सिंह, दिनेश सिंह, फरजंद अली, तहसीन आलम खां, राज कुमार वर्मा, रमेश सिंह, वीरेंद्र कुमार आदि लोग रहे।

अमृत विचार



न्यूज ब्रीफ

## कानून व्यवस्था प्राथमिकता : एसपी



**अमरोहा, अमृत विचार :** जिले के नवागंतुक पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर अपनी प्राथमिकताओं और कार्ययोजना को स्पष्ट किया। 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी लखन सिंह यादव ने साफ कहा कि जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार के अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनपद में अपराध नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल की आवश्यकता पर बल देते हुए आम लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## व्यापारी के घर से लाखों का सामान ले गए चोर

**बिजनौर, अमृत विचार :** चांदपुर क्षेत्र के हीमपुर दीपा गांव में दिनदहाड़े कपड़ा व्यापारी के घर हुई चोरी की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। अज्ञात चोर सूने घर का फायदा उठाकर नकदी और लाखों रुपये के जेवरात लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार बंसल क्लॉथ हाउस के मालिक मुनीश बंसल का परिवार दोपहर करीब 12 बजे किसी कार्य से घर से बाहर गए थे। इसी दौरान चोर मुख्य गेट की खिड़की खोलकर घर में दाखिल हुए। व्यापारी हार्दिक कुमार गुप्ता ने बताया कि चोर घर से करीब 75 हजार रुपये नकद और लगभग 4 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। चोरों ने रसोई गैस सिलेंडर भी ले जाने की कोशिश की, लेकिन असफल रहने पर उसे मुख्य दरवाजे पर ही छोड़ दिया। एक टोपी भी बरामद हुई है।

## तांत्रिक ने युवती से की लाखों की ठगी

**गजरौला, अमृत विचार :** गजरौला में तांत्रिक क्रिया का झांसा देकर एक युवती से लाखों रुपये ठग लिए। पीड़िता के स्वजन की शिकायत पर पुलिस ने पड़ोसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। डा. बाकर अली ने कुछ दिनों पहले स्कूल न जाने पर अपनी बेटी फिजा खान को डांट दिया था। इसके बाद पड़ोसी तनवीर अहमद ने बेटी को गुमराह करते हुए कहा कि तेरे पापा तुझे रोज मारते-पीटते रहते हैं। तांत्रिक क्रिया करा लो, जिससे सारा परिवार तुम्हारे वश में आ जाएगा। बहकावे में आकर लड़की ने घर से 80 हजार रुपये नकद, करीब आठ तोला सोने के जेवर चांदी की पायल उसे दे दी। 25 फरवरी 2026 को गहने गायब मिलने पर मामला खुला। आरोप है कि तनवीर ने सामान देने से इनकार करने के साथ धमकाया।

# हादसों में कारोबारी समेत दो की मौत

## बेटा गंभीर, पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी, अन्य हादसों में तीन घायल

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** नौगावां सादात क्षेत्र में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। सड़क हादसे में एक फर्नीचर कारोबारी की मौत हो गई, जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं आरोपी वाहन चालक फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

यह हादसा थाना नौगांवा सादात क्षेत्र में मंगलवार देर रात गांव भेड़ा भरतपुर अड्डे के पास हुआ। दरअसल जानकारी के अनुसार, मृतक यशवंत सिंह (55) मूल रूप से गांव गालिबबाड़ा के निवासी थे और वर्तमान में शहर के मोहल्ला इस्लाम नगर में रहते थे। अमरोहा-धनौरा मार्ग पर उनकी फर्नीचर की दुकान है। मंगलवार रात वह अपने बेटे हितेश के साथ बाइक से गांव से अमरोहा लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही उनकी बाइक भेड़ा भरतपुर अड्डे के पास पहुंची, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और काफी देर तक तड़पते रहे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने यशवंत सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं, उनके बेटे हितेश का उपचार जारी है। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के बेटे की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फुटेज के आधार पर आरोपी वाहन की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### सड़क हादसों में तीन घायल, हालत गंभीर होने पर रेफर

संवाददाता हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवक बुरी तरह घायल हो गए। तीनों घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर रहरा थाना क्षेत्र के गांव जेवड़ा निवासी धर्मपाल पुत्र जबर सिंह अपने बेटे बिनु के साथ बुधवार की दोपहर नगर से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक अलीगढ़ मार्ग पर कुटी दौलतपुर इंटर कॉलेज के निकट पहुंची तो सामने से आ रही एक अज्ञात थार कार ने पिता पुत्र की भाई को टक्कर मार दी टक्कर लगते ही पिता पुत्र सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। जबकि थार चालक अपनी थार गाड़ी को लेकर मौके से फरार हो गया। राहगीरों के द्वारा घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पिता पुत्र की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। वही दूसरी घटना नगर के गजरौला मार्ग स्थित आगापुर पुलिया के निकट हुई जहां दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक युवक बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों के द्वारा घायल युवक को नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### अज्ञात वाहन ने युवक को रौंदा, दर्दनाक मौत

गजरौला, अमृत विचार : अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे युवक को रौंद दिया। जिसमें युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की। लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर मोर्चरी भेज दिया। बुधवार की तड़के गजरौला स्थित नेशनल हाईवे पर सड़क पार कर रहे युवक को दिल्ली की दिशा से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जिसमें युवक की दर्दनाक मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करवाने की कोशिश की। लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। जिसके बाद शव का पंचनामा भरकर मोर्चरी भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मृतक युवक के शव की शिनाख्त करवाने का प्रयास किया जा रहा है।

## दुष्कर्म के आरोपी ने जहर खाकर जान दी

**रहरा, अमृत विचार :** दुष्कर्म के आरोपी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस का कहना है कि मृतक हृदय रोग से पीड़ित था और संभवतः हृदयघात से मौत हुई है।

रहरा थाना के परौरा मुस्तकम निवासी पिंटू त्यागी के खिलाफ कुछ दिन पहले गांव की महिला ने दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। आरोप है कि पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर पिंटू को हिरासत में 36 घंटे तक रखा था। बाद में महिला ने समझौता करते हुए अपनी शिकायत वापस ले ली थी। आरोप है कि इस मामले में थाना पुलिस ने भी आरोपी से कुछ रकम खाई थी। इसकी शिकायत एसपी से की गई। जांच में आरोप सही मिलने पर तत्कालीन एसपी अजय आनंद ने थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया था। कहा जा रहा है कि पिंटू ने आहत होकर दो दिन पहले जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# लाखों के वाटर एटीएम से नहीं मिल रहा पानी



गजरौला में चौपला पर लगा खराब वाटर एटीएम। • अमृत विचार

संवाददाता, गजरौला

• प्यास बुझाने को इधर उधर भटक रहे लोग

**अमृत विचार :** गर्मी बढ़ते ही तापमान में आए बढ़ोतरी के साथ नगरपालिका परिषद क्षेत्र में अब राहगीरों की मुश्किलें भी बढ़ गयी है। कहीं भी सार्वजनिक स्थल पर लगी एटीएम वाटर मशीन खराब पड़ी है। जिसके कारण प्यासे लोग पानी के लिए इस चिलचिलाती धूप में भटकते देखे जा रहे हैं।

परेशान लोग कहते नजर आ रहे हैं अपना शहर नगर पंचायत से नगर परिषद में तब्दील तो हो गया पर सुविधाएं आज भी नगर पंचायत जितनी भी नहीं मिल रही है। नगर के लोग भी कहने से नही हिचकते की सुविधाओं के नाम पर उनके साथ धोखा किया जा रहा है। इसीलिए तो करीब चार लाख के लागत से नगरपरिषद के द्वारा लगाए गए दो वाटर एटीएम कुछ माह बाद ही खराब हो जाने के बाद आज तक वह शोभा की वस्तु ही बनी हुई है। दो सार्वजनिक स्थल पर लगाए गए इस वाटर एटीएम में कम से कम लोग एक रुपये का सिक्का डालकर अपनी प्यास तो बुझा लेते थे पर देख-रेख के अभाव में दोनों पानी की मशीन पानी पिलाने के बजाए सड़क किनारे खुद धूल फांक रही है। चौपला, सीएचसी के पास वाटर एटीएम मशीन को लगाया गया था पर दोनों जगह मशीन की दुर्गति हो रही है। वहीं मामले को लेकर ईओ ललित कुमार आर्य ने भरोसा दिया है अति शीघ्र ही सभी वाटर एटीएम को ठीक कराया जाएगा।

# निर्माणाधीन दीवार गिरी कई मजदूर घायल



निर्माणाधीन दीवार गिरते वक्त का फोटो। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के बाईपास मोहल्ले में निर्माण कार्य के दौरान बड़ा हादसा हो गया। दीवार बनाते समय अचानक भरभराकर गिर गई, जिसकी चपेट में आकर कई मजदूर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

बताया जा रहा है कि मजदूर दीवार का निर्माण कर रहे थे, तभी अचानक दीवार ढह गई और वहां काम कर रहे मजदूर मलबे में दब गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत राहत कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को मलबे से बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। हादसे में कई मजदूरों के घायल होने की सूचना है। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची, मामले की जांच की जा रही है।

## निकाह के बाद छुआरे बांटने को लेकर विवाद

**अमरोहा, अमृत विचार:** डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव अशरफपुर फैजगंज में निकाह के बाद छुआरे बांटने को लेकर हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार देर शाम संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव धक्तौड़ा निवासी नजरे आलम की बारात अशरफपुर फैजगंज गांव आई थी। निकाह के बाद छुआरे बांटने की रस्म चल रही थी। इसी दौरान छुआरे लेने को लेकर छीनाझपटी हो गई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट में बारात पक्ष के फुरकान, मोहम्मद हसन, शाहरुख समेत चार लोग घायल हो गए।

# पीएम श्री विद्यालय तिंगरी में एडमिशन के लिए उमड़ी भीड़

संवाददाता, गजरौला



बच्चों का टीका लगाकर व पुष्पवर्षा कर हुआ स्वागत। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** बुधवार को क्षेत्र के गांव तिगरी धाम स्थित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय में नए शिक्षा सत्र के पहले ही दिन नामांकन कराने के लिए अभिभावकों की भीड़ लग गई। हर कोई अपने बच्चे का नामांकन इस विद्यालय में कराना चाह रहा था। सुबह स्कूल खुलने से पहले ही लोग अपने अपने बच्चों को लेकर स्कूल गेट पर पहुंच लाइन में लगे थे। स्कूल खुलते ही नामांकन कराने वालों की भीड़ जमा हो गयी।

एक ओर जहां सरकारी स्कूलों में लोग अपने बच्चों का नामांकन कराना नहीं चाहते हैं और स्कूलों को इसके लिए तमाम तरह के प्रयास करने पड़ते हैं। कहीं रैली निकाली जाती है कहीं घर घर जाकर संपर्क किया जाता है फिर भी लोग अपने बच्चों का नामांकन नहीं कराते हैं वहीं पी एम श्री प्राथमिक विद्यालय तिगरी में

• एडमिशन के लिए बच्चों के साथ पहुंचे अभिभावक

बुधवार को बच्चों के नामांकन के लिए लगी लाइन बताती है कि गांव के अभिभावक अपने बच्चों की पढ़ाई से बहुत खुश हैं यही वजह है कि गांव के लोग प्राइवेट स्कूलों की जगह सरकारी विद्यालय में अपने बच्चों को पढ़ाना पसंद करते हैं। पिछले वर्ष भी सत्र के पहले ही दिन 32 बच्चों का नया नामांकन हुआ था। विद्यालय में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें खण्ड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता, जिला समन्वयक सतवीर सिंह, एस आर जी डॉ जितेन्द्र सिंह, ए पी ओ मनरेगा सौरभ कुमार जी उपस्थित रहे।

### जिले का मॉडल विद्यालय है तिगरी

खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता ने कहा कि यह विद्यालय जनपद का मॉडल विद्यालय है। यहां का स्टाफ भी बहुत मेहनती है। यहां के बच्चे भी बहुत अच्छे हैं और सभी अभिभावकों का भी विद्यालय में बहुत सहयोग रहता है। उन्होंने कहा कि तिगरी का प्राथमिक विद्यालय पिछले कई वर्षों से जनपद अमरोहा ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में अपनी अलग पहचान रखता है।

### प्रदेश का मॉडल विद्यालय बनाएंगे

प्रधानाध्यापक डॉ जोगिन्द्र सिंह ने बताया कि इस वर्ष मुख्य विकास अधिकारी और जिला अधिकारी के द्वारा विद्यालय को ग्राम पंचायत से लगभग डेढ़ बीघा जमीन दिलाई गयी है और उसकी चाहरदीवारी कराई गई है तथा और भी व्यवस्थाएं इस सत्र में कराई जाएंगी। जिससे यह विद्यालय प्रदेश का मॉडल विद्यालय बनेगा।

# रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते जनप्रतिनिधि व अधिकारी। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** बुधवार को बेसिक शिक्षा विभाग के समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्कूल चलो अभियान रैली का भव्य आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ गांधी मूर्ति चौराहे से शिक्षक विधायक डॉ हरि सिंह ढिल्लों एवं अधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

रैली गांधी मूर्ति चौराहे से शुरू होकर आजाद रोड, कोट चौराहा, आईएम इंटर कॉलेज चौराहा और अम्बेडकर चौक होते हुए जेएस हिन्दू इंटर कॉलेज पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान बच्चों ने एक भी बच्चा छूटा, संकल्प हमारा टूटा जैसे नारों के साथ लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी बच्चों के साथ कदम से कदम मिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। विशेष अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि आंगनबाड़ी से निकलने वाले बच्चों का कक्षा एक में, प्राथमिक से जूनियर और जूनियर से माध्यमिक विद्यालयों में प्रवेश सुनिश्चित किया जा रहा है।

• शत-प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य अभिभावकों को किया जागरूक

रैली के समापन पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को मेहनत और लगन से शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अन्य अधिकारी, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# ब्लाक स्तरीय स्कूल चलो अभियान रैली निकाली

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने और शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकास खंड गंगेश्वरी के कम्पोजिट स्कूल मंगरौला में ब्लॉक स्तरीय स्कूल चलो अभियान रैली का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक पुत्र एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेंद्र सिंह खड़गवंशी ने हरी झंडी दिखाकर किया।

रैली को संबोधित करते हुए देवेंद्र सिंह खड़गवंशी ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों से भावुक अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि 6 से 14 आयु के प्रत्येक बच्चे का नामांकन सरकारी स्कूलों में कराएं। सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा, यूनिफॉर्म, पुस्तकें और मध्याह्न भोजन जैसी सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। मुख्य अतिथि ने विशेष रूप से मिशन शक्ति का उल्लेख करते हुए बालिकाओं की शिक्षा को समाज की प्राथमिकता बताया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी अनिल कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह, संयुक्त मंत्री महताबउद्दीन, ग्राम प्रधान सोमपाल सिंह, इकबाल सिंह, रिंकू सिंह गूर्जर, अनिल कुमार, एआरपी मोहम्मद असलम, संजीव मौर्य आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### बच्चों ने नगर में निकाली स्कूल चलो जागरूकता रैली

**हसनपुर, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नगर में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाल कर बच्चों को स्कूल चलने के लिए जागरूक किया।। रैली का शुभारंभ चेयरमैन राजपाल सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्र-छात्राओं के द्वारा जागरूकता रैली निकाली जा रही है इसी क्रम में बुधवार को नगर के शिक्षा विभाग के द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा बताया गया कि शासन की मंशा के अनुरूप शिक्षा विभाग के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी उदयवीर सिंह, पालिका बाबू दिनेश कुमार, विनोद शर्मा, मनी बेदी, रजनी शर्मा, वसीम खान आदि मौजूद रहे।



### इंटरलॉकिंग सड़क व नाली निर्माण का लोकार्पण

**सैदनगली, अमृत विचार :** नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए बुधवार को वार्ड नंबर-01 में इंटरलॉकिंग सड़क और नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। नगर पंचायत अध्यक्षा डॉ. अनुकृति चौधरी ने मेहंदीपुर रोड से सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के मैदान तक बनने वाली सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में बिना भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं।। समारोह में दयानंद चौधरी, रोहित चौधरी सहित सभासद धारा सिंह, अमित प्रजापति, वागेश चौधरी, अमित गुर्जर, भगवत खड़कवंशी, नीरज कश्यप, अमित भाटी, फजले अब्बास, नईम अहमद, मेहरबान, फरीद कुरैशी, राशिद अली तथा नामित सभासद राजू खड़गवंशी आदि रहे।



### चैत्र पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**गजरौला, अमृत विचार :** चैत्र पूर्णिमा के पावन अवसर पर विभिन्न प्रांतों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने बृजघाट व तिगरीधाम स्थित गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के साथ ही गरीब निराश्रितों को दान देकर पुण्यार्जित किया। अमरोहा के साथ ही मुरादाबाद, संभल, बिजनौर, मेरठ, राजस्थान समेत दूरदराज के श्रद्धालुओं का आगमन मंगलवार की शाम में ही प्रारंभ होने से ब्रजघाट व तिगरी में भारी चहल पहल और रंगत बढ़ गई थी। धर्मशाला, आश्रम और मंदिर परिसर होने से देर रात में आने वाले महिला बच्चों समेत हजारों श्रद्धालुओं को पक्का घाट और रेलवे रोड समेत विभिन्न स्थानों पर खुले आकाश के नीचे रात बिताने को मजबूर होना पड़ा। ब्रह्म मुहूर्त प्रारंभ होते ही हर हर गंगे के जयकारों के बीच मोक्ष दायिनी गंगा मैया में आस्था की डुबकी लगाने का सिलसिला प्रारंभ हो गया था, जो बुधवार की देर शाम में सूर्यास्त होने तक निरंतर चलता रहा।



### बालाजी जन्मोत्सव के अवसर पर नगर में निकली भव्य शोभा यात्रा

**हसनपुर, अमृत विचार :** श्री बालाजी जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के मुख्य मार्गों पर बड़ी ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ बालाजी महाराज की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा विधि विधान से पूजन कर किया गया। शोभा यात्रा में सम्मिलित झांकियां नगर वासियों का मन मोह कर रही थी, शोभायात्रा का नगर में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। बुधवार को श्री राम बालाजी भक्त मंडल के तत्वाधान में बालाजी जन्मोत्सव के अवसर पर बालाजी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा विधि विधान के साथ बाबा का पूजन कर किया गया। शोभा यात्रा में राम दरबार, शंकर परिवार, मां दुर्गा, राधा कृष्ण आदि की झांकियां मन मोह रही थी। वही राधाकृष्ण रास मंडल, अघोरी नृत्य, राम रावण युद्ध एवं राजस्थानी नृत्य शोभा यात्रा का आकर्षण का केंद्र रहे।

# विवाद का पटाक्षेप, विकास मंच निकालेगा शोभा यात्रा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** अंबेडकर जयंती शोभायात्रा निकालने को लेकर दो गुटों के बीच चला आ रहा विवाद मंगलवार देर शाम कोतवाली में एसडीएम हिमांशु उपाध्याय, सीओ पंकज कुमार त्यागी, प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी की मौजूदगी में आयोजित बैठक में निपट गया। तय हुआ कि शोभायात्रा इस बार भी अंबेडकर विकास मंच के नेतृत्व में निकलेगी।

काफी समय से चल रहे इस विवाद को समाप्त करते हुए यह भी तय किया गया कि आयोजन समिति में इस बार दो अध्यक्ष होंगे, जिनमें चंचल सागर और विनोद गौतम को संयुक्त रूप से अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आंबेडकर विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने समझौते को स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया कि इस वर्ष आंबेडकर जयंती पूरे धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इस मौके पर महेंद्र सिंह आर्य, चंद्रभान सिंह, मास्टर जगत सिंह, मास्टर जयवीर सिंह, मास्टर मंगली सिंह, मास्टर रामवीर सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य मास्टर छोटेलाल सिंह पूर्व प्रधानाचार्य मास्टर रामपाल सिंह, नवल कुमार, फतेहचंद, बृजपाल सिंह, ब्रह्म ज्ञान सिंह, सुशील भगत, कैलाश सिंह, अरविंद अन्ना, अजब सिंह एडवोकेट, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रदूषण के खिलाफ धरना-प्रदर्शन जारी

संवाददाता, गजरौला



प्रदर्शन करते किसान। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों का प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर में बुधवार को 102वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि गजरौला क्षेत्र में जहरीले पानी से गेहूं की फसल तैयार हो चुकी है।

किसानों का आरोप है कि अमरोहा जिला प्रशासन पूरे देश में कैंसर की बीमारी फैलाना चाहता है। कहा की पिछले 102वें दिन से गजरौला क्षेत्र का किसान धरना लगाकर प्रदर्शन कर रहा है, इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। किसानों ने कहा कि यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन उग्र रूप से किया जाएगा। गजरौला क्षेत्र के किसानों की फसलें और नस्ल बचाने के लिए अभी तक भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के अलावा कोई भी सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा कि जुबिलेंट फैक्ट्री के ऊपर सरकार या प्रशासन के द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई, और ना ही किसानों के पानी में कोई सुधार किया गया। इससे नाराज होकर 5 अप्रैल को एक महापंचायत बुलाने का ऐलान किया है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण चौहान, मंडल अध्यक्ष अहसान अली, तेजपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह ओम प्रकाश दरोगा, धरना अध्यक्ष प्रकाश सैनी, गंगाराम सिंह, पृथ्वी सिंह, रामफल सिंह ओम प्रकाश सिंह आदि किसान लोग मौजूद है।

• तीन माह से अधिक समय से जारी है आंदोलन

अमृत विचार

मुरादाबाद, गुरुवार, 2 अप्रैल 2026 संभल-चन्दौसी

## न्यूज ब्रीफ

### अपना दल के जिलाध्यक्ष को मिली जान से मारने की धमकी, दी तहरीर

**संभल, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में अपना दल के जिलाध्यक्ष जावेद अशरफ के साथ एक अज्ञात युवक ने न सिर्फ बदसलूकी की, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। इस मामले में पुलिस को तहरीर दी है। जावेद अशरफ कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के दर्जा प्राप्त मंत्री को रिसीव करने न्यावली गांव जा रहे थे। इसी दौरान दिल्ली दरवाजा स्थित पेट्रोल पंप के पास एक युवक ने अचानक गाली-गलौज शुरू कर दी। जिलाध्यक्ष के अनुसार युवक ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और मुख्यमंत्री को लेकर भी आपत्तिजनक टिप्पणी की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी दीपा सराय क्षेत्र का निवासी है और घटना के समय पास के एक टीवीएस शोरूम पर अपनी गाड़ी सर्विस कराने आया था। जिलाध्यक्ष जावेद ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। कोतवाल गजेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

### खेत से छह सोलर पैनल चोरी

**चंदौसी, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव भुलावई के जंगलों से एक किसान के खेत से मंगलवार की रात छह सोलर पैनल चोरी कर लिए गए। किसान ने चोरी की तहरीर थाने में दी है। बनियाखेड़ा अड्डे से गुमथल रोड पर खेत है। जिसमें भुलावई सौदान मौर्य बटाई पर खेती करता है और उस खेत की फसल की रखवाली आदि करता है। सोमवार की रात को सौदान खेत से 8 बजे करीब घर चला गया था। सुबह किसी ने सूचना दी कि खेत से सोलर पैनल चोरी हो गए हैं। सौदान ने इसकी सूचना खेत स्वामी को दी। उसके बाद खेत स्वामी ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी की।

### बाइक में भिड़ंत, दो लोग गंभीर घायल

**सौंधन, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के सौंधन के पास बुधवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरा निवासी सपीता अपनी बाइक से संभल की ओर आ रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे अमावती निवासी बंटी की बाइक से उसकी आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

# वित्तीय वर्ष में संभल में 510 करोड़ से अधिक खर्च

## डीएम ने सामने रखा वित्तीय वर्ष के बजट का लेखा जोखा, 20 विभागों ने पूरा किया बजट उपयोग

कार्यालय संवाददाता, संभल



बहजोई में वित्तीय वर्ष के बजट खर्च का ब्यौरा बताते जिलाधिकारी। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में बुधवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत विभिन्न विभागों को आवंटित एवं व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा सामने रखा। जिलाधिकारी ने जनपद में बजट उपयोग की स्थिति को संतोषजनक बताते हुए कहा कि इस वर्ष अधिकांश विभागों ने आवंटित धनराशि का प्रभावी उपयोग किया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद के 24 प्रमुख विभागों को करीब 539 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। इसके सापेक्ष अब तक लगभग 510 करोड़ रुपये व्यय किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 24 में से 20 विभागों ने शत-प्रतिशत बजट खर्च कर लिया है, जबकि शेष विभागों की बची हुई धनराशि भी अगले दो से तीन माह के भीतर खर्च कर ली जाएगी। नियोजन विभाग के अंतर्गत त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित ग्रामीण सड़कों और भवनों के निर्माण के लिए करीब 12.38 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। इस पूरी धनराशि को कार्यदायी संस्थाओं को हस्तांतरित कर दिया गया है और संबंधित कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग को करीब 302.82 करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जो इस वर्ष सबसे अधिक राशि वाले विभागों में शामिल है। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के तहत नहरों की सफाई और अन्य कार्यों के लिए 6 करोड़ रुपये खर्च किए गए।

वहीं, डीआरडीए के ग्रामीण आवास योजना के तहत लगभग 5.15 करोड़ रुपये व्यय किए गए। मत्स्य विभाग को 16.22 लाख रुपये तथा पशुपालन विभाग को 24.44 लाख रुपये की धनराशि आवंटित की गई, जिसका पूर्ण उपयोग कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि छोटे बजट वाले विभागों ने भी अपनी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया है।

### विकास कार्यों पर खर्च किये गये 16.9 करोड़

जिलाधिकारी ने बताया कि पर्यटन विभाग के अंतर्गत जनपद के प्राचीन तीर्थ स्थलों, कूपों और अन्य महत्वपूर्ण स्थलों के विकास के लिए 3952 लाख रुपये, यानी करीब 39.52 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई थी। इसके सापेक्ष अब तक करीब 16.09 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है और कार्य प्रगति पर हैं। क्रिटिकल गैप्स योजना के अंतर्गत खंड विकास अधिकारी कार्यालय संभल और रजपुरा में आधुनिक प्रशिक्षण केंद्रों के निर्माण के लिए 50-50 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष प्रशासन द्वारा विशेष निगरानी और नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि आवंटित धनराशि का अधिकतम और पारदर्शी उपयोग हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष बजट का भी समय से उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार आदि अधिकारी भी मौजूद रहे।

# नाले में मिला चार दिन से लापता युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, संभल/मनोटा

- 27 मार्च को घर से निकला था सलमान, पुलिस कर रही जांच
- किन परिस्थितयों में हुई युवक की मौत, नहीं हुआ स्पष्ट

**अमृत विचार:** ऐंचौड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव धारंगपुर में बुधवार को नाले में एक युवक का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान गांव निवासी सलमान के रूप में हुई है, जो पिछले चार दिनों से लापता चल रहा था। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार गांव धारंगपुर निवासी इसरार का पुत्र सलमान 27 मार्च को घर से निकला था, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसे आसपास के क्षेत्रों, रिश्तेदारों और परिचितों के यहां काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका।

लगातार तलाश के बावजूद जब कोई जानकारी नहीं मिली तो परिजन चिंतित थे। बुधवार दोपहर ग्रामीणों ने गांव के पास नाले में एक शव पड़े होने की सूचना दी। यह खबर तेजी से गांव में फैल गई।

सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान सलमान के रूप में की। शव की हालत देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। ऐंचौड़ा कंबोह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल सलमान की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# शिक्षक रिटायर नहीं होता, समाज को देता है दिशा

संवाददाता, सिरसी/संभल,





सिरसी में कार्यक्रम में बोलते प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार। • अमृत विचार

- कमाल अहमद जैदी को स्मृति चिन्ह व उपहार भेंट कर सम्मानित किया

**अमृत विचार :** शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता, वह जीवन भर समाज को सही राह दिखाता रहता है। उसका कार्य क्षेत्र जरूर बदल जाता है। यह विचार अंबेडकर हाई स्कूल में आयोजित विदाई समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने व्यक्त किए।

पूर्व प्रधानाचार्य कमाल अहमद जैदी की सेवानिवृत्ति पर आयोजित कार्यक्रम में प्रवीण कुमार ने कमाल अहमद जैदी को एक अनुभवी और समर्पित शिक्षक बताया। उन्होंने आशा जताई कि सेवानिवृत्ति के बाद भी वह शिक्षा क्षेत्र में अपना योगदान देते रहेंगे। शिक्षक साथियों ने कमाल अहमद जैदी को स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ. छत्रपाल सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य हीरालाल, पूर्व प्रधानाचार्य सुदेश चंद त्यागी और प्राइमरी पाठशाला के इंचार्ज सरदार सिंह ने भी अपने विचार रखे। शिक्षक बिन्नामी सिंह, कुलदीप सिंह, लोकेश कुमारी, विकास, सीमा, संजय सिंह, नरेश, पवन कुमार और रतनपाल सहित अन्य स्टाफ ने उन्हें उपहार देकर उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। अध्यक्षता रामौतार जबकि संचालन सरदार सिंह ने किया।

# फर्जी बैनामा कराने के मामले में छह पर रिपोर्ट

**बबराला, अमृत विचार:** फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा कराने के मामले में पुलिस ने डीआईजी के आदेश पर छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बहलोलपुर निवासी सुरेश ने बताया कि उसने गांव गजाधरपुर निवासी सुंदरलाल शर्मा से एक मकान खरीदा था। पीड़ित के अनुसार, सुंदरलाल के मामा लौकी अविवाहित थे, जिन्होंने 30 जून 2002 को उक्त जमीन का वसीयतनामा सुंदरलाल के पक्ष में कर दिया था। आरोप है कि 27 नवंबर 2025 को विपिन कुमार उर्फ विपिन शर्मा ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस जमीन का फर्जी तरीके से बैनामा करा लिया। इस कथित फर्जी बैनामे में जोधराज और रमेश समेत अन्य लोग गवाह थे। कोतवाली प्रभारी राजीव मलिक ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# अभियान की सफलता को निकाली रैली

कार्यालय संवाददाता, संभल



अधिकारियों, कर्मचारियों और आशा कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाते डीएम।

- अधिकारियों, कर्मचारियों को दिलाई गई शपथ

**अमृत विचार:** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर बहजोई में जागरूकता रैली को जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली कलेक्ट्रेट परिसर से शुरू होकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने रैली में शामिल सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और आशा कार्यकर्ताओं को संचारी रोगों की रोकथाम के संबंध में शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान पूरे अप्रैल माह चलाया जाएगा, जबकि दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित होगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करें, ताकि जनपद में संचारी रोगों पर नियंत्रण पाया जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक ने रैली में शामिल आशा कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे माइक्रो प्लान के अनुसार कार्य करें और दस्तक अभियान के तहत घर-घर जाकर सर्वे करें। उन्होंने कहा कि भ्रमण के दौरान बुखार से पीड़ित, टीबी व मलेरिया के लक्षण वाले मरीजों की जानकारी ई-कवच पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करें। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज विश्नोई ने आशाओं से कहा कि वे लोगों की आभा आईडी बनवाएं और परिवारों को उपलब्ध कराएं। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने अभियान के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों की समन्वित भूमिका रहेगी और सभी मिलकर अभियान को सफल बनाएंगे।

# अपर गन्ना आयुक्त ने किया खेतों का निरीक्षण

संवाददाता, असमोली

- आधुनिक खेती की दी जानकारी

**अमृत विचार:** अपर गन्ना आयुक्त लखनऊ डॉ. बी.बी. सिंह ने असमोली चीनी मिल क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न गांवों का भ्रमण कर गन्ना फसलों का निरीक्षण किया और किसानों को आधुनिक खेती के तरीकों की जानकारी दी।

उन्होंने ग्राम भवालपुर, अखबन्दपुर, नेकपुर, आलिया कल्याणपुर एवं मनौटा में खेतों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों को रैटून मैनेजमेंट, सह-फसल प्रणाली, ट्रेंच विधि से गन्ने की बुवाई तथा आपूर्ति योग्य एवं बीज योग्य गन्ने के बीच अंतर के बारे में विस्तार से बताया। भवालपुर में कृषक कावेन्द्र सिंह के खेत पर रैटून प्रबंधन और गन्ना बीज नर्सरी का अवलोकन किया। इसके बाद ग्राम अखबन्दपुर में कृषक राजपाल सिंह के खेत पर गन्ना प्रजाति को-0118 के ट्रेंच विधि से लगाए गए प्लॉट का निरीक्षण कर किसानों को इस विधि को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने किसानों को बताया कि सह-फसल अपनाने से अतिरिक्त आय के साथ भूमि की उर्वरता भी बनी रहती है। डॉ. सिंह ने चीनी मिल परिसर में संचालित ग्रीन टेंट गन्ना बीज नर्सरी का निरीक्षण किया। उन्होंने तिरंगा महिला सहायता समूह की संचालिका शबनूर और मां सरस्वती महिला सहायता समूह की संचालिका मीना शर्मा से भी बातचीत कर उनके कार्यों की सराहना की।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, बबराला





वार्षिकोत्सव के दौरान प्रस्तुति देते नन्हें बच्चे। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव बड़े ही उल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि बीएसए अलका शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

इस मौके पर चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय, अतुल गोयल उर्फ भोला, डॉ. कैलाश वार्ष्णेय, डॉ. राहुल यादव, थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी, सपा नेता अमित यादव, एबीएसए एमएल पटेल, भगवान सिंह यादव, धर्मेंद्र प्रजापति, अनिल गुप्ता, केवी यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं ने नाटक, समूह नृत्य, देशभक्ति प्रस्तुतियां, गीत व कविताओं के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। छोटे बच्चों की प्रस्तुतियों को विशेष सराहना मिली। मुख्य अतिथि अलका शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कपिल गोयल सोनू, गार्गी गोयल, स्वेता वार्ष्णेय, सोनल शर्मा, रूचि, अंजलि, समीक्षा, मीनाक्षी मिनोचा, प्रधानाचार्य सुशील शर्मा, आकाश वार्ष्णेय, नितिन आइडिया, मुरारी यादव आदि उपस्थित रहे। संरक्षक अतुल गोयल उर्फ भोला ने शिक्षा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रबंधक कार्तिक गोयल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# रायल स्ट्राइकर ने मास्टर ब्लास्टर को हराया

**चंदौसी, अमृत विचार:** क्रीड़ा भारती टीचर प्रीमियर लीग का छठा मैच पंडित हनुमान सिंह ग्राउंड पर मास्टर ब्लास्टर और रॉयल स्ट्राइकर के मध्य खेला गया। रॉयल स्ट्राइकर ने टास जीत कर पहले गेंदबाजी फैसला किया। मास्टर ब्लास्टर ने पहले खेलते हुए 173 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल स्ट्राइकर ने 16.4 ओवर में 9 विकेट से विजय प्राप्त कर ली।



खिलाड़ी को पुरस्कार देते अतिथि।

# मजदूरी न मिलने से परेशान युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी

- पत्नी ने एक व्यक्ति पर लगाए गंभीर आरोप

**अमृत विचार:** चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लक्ष्मणगंज में बुधवार को एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के पीछे पैसों के विवाद और लगातार मिल रही धमकियों को वजह बताया जा रहा है।

मोहल्ला लक्ष्मणगंज, सीकरी गेट पुलिस चौकी के पास निवासी इरशाद (40) ने बुधवार सुबह घर में रखा कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया गया कि जिला अस्पताल से भी उसकी हालत नाजुक देखते हुए अन्यत्र रेफर किया गया, लेकिन निजी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही इरशाद ने दम तोड़ दिया। मृतक की पत्नी शबाना के अनुसार, करीब 15-20 दिन पहले एक व्यक्ति से पैसों को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि आरोपी ने इरशाद से काम कराया, लेकिन भुगतान नहीं किया। पैसे मांगने पर उसे तथा उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी। इससे इरशाद मानसिक तनाव में था। पत्नी का कहना है कि लगातार मिल रही धमकियों और आर्थिक तनाव के चलते ही इरशाद ने यह कदम उठाया। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# किरायेदार ठग जेवर-नकदी लेकर हुआ फरार

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला



बेहोश दंपती का इलाज करते चिकित्साकर्मी। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** कस्बा बबराला के मोहल्ला शिवपुरी लाइन पार क्षेत्र में एक अज्ञात युवक ने खुद को बिजली विभाग का कर्मचारी बताकर पहले वृद्ध दंपति के घर में किराएदार के रूप में ठिकाना बनाया और फिर रात में नशीला पदार्थ खिलाकर उन्हें बेहोश कर दिया। इसके बाद घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण और नकदी समेटकर फरार हो गया।

शिवपुरी निवासी सुरेश उर्फ राजकुमार (60) पुत्र नत्थूलाल पत्नी गुड्डा देवी के साथ रहते हैं। दोनों कुछ समय से हरिद्वार के एक आश्रम में रह रहे थे और नवरात्र से पहले ही वापस अपने घर लौटे थे। कहा जा रहा है कि मंगलवार की रात करीब नौ बजे एक युवक उनके घर पहुंचा और खुद को बिजली विभाग में तैनात बताते हुए किराए पर कमरा लेने की बात कही। उसने बातचीत के दौरान भरोसा जीत लिया और कुछ रुपये भी दिए।

देर रात युवक बाजार से फल और खाने का सामान लेकर आया और दंपति को भी खाने के लिए दिया। जैसे ही दोनों ने फल खाए, कुछ ही देर में वे अचेत हो गए। इसके बाद आरोपी ने आराम से पूरी वारदात को अंजाम दिया। वह घर में रखे कीमती सामान, सोने-चांदी के जेवरात और नकदी समेटकर मौके से फरार हो गया।

बुधवार सुबह जब काफी देर तक घर का दरवाजा नहीं खुला और कोई हलचल नहीं हुई तो परिजनों को शक हुआ। भतीजे नीरज ने अंदर जाकर देखा तो दोनों पति-पत्नी जमीन पर बेहोश पड़े थे और घर का सामान अस्त-व्यस्त था। इसके बाद तुरंत डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। डॉक्टर अजहर अली ने बताया कि दोनों को नशीला पदार्थ दिए जाने की आशंका है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है, लेकिन पूरी तरह होश में आने के बाद ही घटना की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। परिजनों के अनुसार घर से गुड्डा देवी के कानों के कुंडल, पैरों की पाजेब समेत अन्य सोने-चांदी के आभूषण और करीब 20 हजार रुपये नकद गायब हैं। वहीं घटनास्थल पर कुछ फल भी पड़े मिले हैं, जिससे नशीला पदार्थ खिलाने की आशंका और बढ़ गई है। पड़ोसी दयाराम ने बताया कि रात में एक युवक आया था, जो खुद को बिजली विभाग का जेई बता रहा था। उसने घर में खाना भी खाया था। उसी के बाद से दंपति बेहोशी की हालत में मिले। उन्होंने बताया कि सुबह जब घर के अंदर देखा गया तो पूरा सामान बिखरा हुआ था। थाना प्रभारी सौरभ त्यागी ने बताया कि मामला संज्ञान में है और कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपी की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जा सके।

# शिविर में किया महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक

**चंदौसी, अमृत विचार** आकांक्षा सोसायटी के तत्वावधान में एबीसी मांटेसरी स्कूल में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को जागरूक, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

बुधवार को आयोजित शिविर का डीपीओ चंद्रभूषण द्वारा निरीक्षण किया गया तथा बच्चों द्वारा प्रस्तुत गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। कैंप में लगभग 18 बच्चों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। बच्चों ने विभिन्न शैक्षिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# सात दिन बाद लौटा 'लापता' दीपक

संवाददाता, बबराला



बबराला थाने में पिता के साथ दीपक।

- डर में शुरू हुआ सफर बना फिल्मी कहानी

**अमृत विचार:** दुर्गा अष्टमी के दिन शोभायात्रा देखने निकला 14 वर्षीय किशोर अचानक लापता हो गया। सात दिन बाद उसकी सकुशल घर वापसी की जो कहानी सामने आई वह किसी फिल्मी पटकथा से कम नहीं है।

नगर के मोहल्ला कल्लू नगला निवासी रोहिताश गौतम का पुत्र दीपक 26 मार्च को घर से शोभायात्रा देखने निकला था, लेकिन इसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। परिजनों ने रिश्तेदारों, जान-पहचान वालों और संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की। यहां तक कि तांत्रिकों की शरण भी ली, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार को थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई। इसी बीच बुधवार दोपहर करीब 12 बजे एक परिचित का फोन आया कि दीपक रेलवे रोड बाजार में एक नल पर पानी पीते देखा गया है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक वह वहां से जा चुका था। इसके बाद परिवार ने फिर तलाश शुरू की और कुछ ही देर बाद वह रेलवे लाइन पार घूमता हुआ मिल गया।

घर लौटने के बाद दीपक ने जो आपबीती सुनाई, उसने सभी को चौंका दिया। उसने बताया कि चचेरे भाई जतिन के साथ खेलते समय हुई मारपीट में उसे चोट लग गई थी। पिता की डांट और पिटाई के डर से वह घर नहीं लौटा और सीधे बाजार से ट्रेन में बैठकर अलीगढ़ पहुंच गया। दीपक के मुताबिक, वह अलीगढ़ से दूसरी ट्रेन में बिना टिकट सवार हो गया। कानपुर में चेकिंग के दौरान टीटीई के पकड़ने पर वह चुपके से दूसरे डिब्बे में जाकर बच निकला और आखिरकार प्रयागराज पहुंच गया। प्रयागराज में उसने तीन-चार दिन रेलवे स्टेशन पर ही गुजारे। इस दौरान भूख, डर और घर की याद ने उसे अंदर तक झकझोर दिया। इसके बाद उसने घर लौटने का फैसला किया और ट्रेन से वापस बबराला आ गया। दीपक के सुरक्षित लौटने पर परिवार ने राहत की सांस ली। पुलिस ने किशोर की सकुशल बरामदगी की पुष्टि की है।

न्यूज ब्रीफ

### कौशल विकास मिशन में पहले दिन 99 हजार प्रशिक्षण लक्ष्य आवंटित

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने वित्तीय वर्ष के पहले ही दिन 99,075 प्रशिक्षण लक्ष्यों का आवंटन 957 ट्रेनिंग पार्टनर्स को जारी कर दिया है। इस बार प्रक्रिया को पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाया गया है। पहली बार ग्रेडिंग नीति को सार्वजनिक कर प्रशिक्षण केंद्रों का मूल्यांकन किया गया, जिसके आधार पर लक्ष्य आवंटित किए गए हैं। प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की समय सीमा 90 दिन से घटाकर 30 दिन कर दी गई है। साथ ही 'स्मार्ट टॉप-अप' व्यवस्था लागू की गई है, जिससे बेहतर प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को अतिरिक्त लक्ष्य मिल सकेंगे। पूरी प्रक्रिया को डिजिटल बनाते हुए इम्पैनलमेंट, लक्ष्य आवंटन और भुगतान ऑनलाइन कर दिया गया है।

### अग्निवीर भर्ती में दिखाया दमखम

**अमृत विचार, लखनऊ:** आगरा कैंट के एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में पहली अप्रैल से अग्निवीर भर्ती रैली शुरू हो गई। एआरओ आगरा के तहत पहले दिन 12 जिलों के अभ्यर्थियों के बीच अग्निवीर ट्रेड्समैन की भर्ती कराई गई। जारी किए गए कुल 875 प्रवेश पत्र के सापेक्ष करीब 600 अभ्यर्थियों ने शामिल होकर दमखम दिखाया। मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (उप्र. एवं उत्तराखंड) के तत्वावधान में आयोजित रैली के लिए आगरा, अलीगढ़, इटावा, एटा, फिरोजाबाद, हाथरस, जालौन, झांसी, कासगंज, ललितपुर, मैनपुरी और मथुरा के 19 हजार अभ्यर्थी चयनित किए गए हैं। जिन्होंने ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम उत्तीर्ण किया है। आगरा के कार्यवाहक स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर केबी सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गुरुवार को आगरा को छोड़कर शेष 11 जिलों के अभ्यर्थियों के बीच अग्निवीर टेक्निकल की भर्ती रैली कराई जाएगी।

### सीएम युवा योजना से उमंग बने उद्यमी

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत लखीमपुर खीरी के उमंग शुक्ला ने आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। उन्होंने जिला उद्योग एवं उद्यमिता विकास केंद्र के माध्यम से 25 लाख रुपये का ऋण लेकर ऑयल मिल स्थापित की और आज सफल उद्यमी बन गए हैं। उमंग प्रतिदिन 10–15 क्विंटल सरसों की पेराई कर रहे हैं और उनका उत्पाद स्थानीय बाजार के साथ-साथ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी बिक रहा है। इस उद्यम से जहां उन्हें करीब 70 हजार रुपये मासिक शुद्ध आय हो रही है, वहीं पांच लोगों को रोजगार भी मिला है। योजना के तहत विनिर्माण क्षेत्र में 25 लाख और सेवा क्षेत्र में 10 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

# सोनभद्र में मिला लौह अयस्क का नया ब्लॉक

## 3.02 मिलियन टन भंडार का अनुमान, ई-नीलामी से होगा आवंटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश के खनन क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। जनपद सोनभद्र में लौह अयस्क के नए ब्लॉक-डी की भूवैज्ञानिक रिपोर्ट भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) द्वारा राज्य सरकार को सौंप दी गई है।

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव माला श्रीवास्तव ने बताया कि इस ब्लॉक में करीब 3.02 मिलियन टन लौह अयस्क का भंडार आंका गया है, जिसमें औसत लौह मात्रा लगभग 39.73 प्रतिशत है। इसे प्रदेश के लिए खनिज संपदा के सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों के उपयोग से यह अन्वेषण कार्य पूरा किया गया है। अब इस ब्लॉक को माइनिंग लीज पर देने के लिए ई-नीलामी की प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और खनन कार्य को गति मिलेगी। खनन शुरू होने के बाद प्रदेश के राजस्व में वृद्धि होगी और सोनभद्र में स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।



भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव माला श्रीवास्तव को रिपोर्ट सौंपते अधिकारी।

# समाचार पत्र पढ़कर हुई नए सत्र की शुरुआत

## विद्यार्थियों की स्कूली दिनचर्या में अनिवार्य रूप से शामिल होंगे समाचार पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** समसामयिक घटनाओं की जानकारी से अवगत होने और शब्दज्ञान बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों ने नए सत्र में अपनी कक्षाओं का शुभारंभ समाचार पत्र पढ़कर किया। माध्यमिक विद्यालयों में नए सत्र का आरंभ बुधवार से कर दिया गया है। प्रार्थना सभा के बाद छात्र-छात्राओं ने समाचार पत्रों का वाचन किया। इसके लिए विद्यालयों में समाचार पत्रों की उपलब्धता और इसे विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए जाने को लेकर दिशा-निर्देश जारी किया गया था।

निर्देश के अनुसार, बच्चों की स्कूली दिनचर्या में अनिवार्य रूप से समाचार पत्रों को शामिल किया जाए। जिससे बच्चों की स्क्रीन टाइमिंग कम हो सके और पठन-संस्कृति को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए एसीएस पार्थसारथी शर्मा की ओर से निर्देश दिया गया था कि स्कूल की प्रार्थना सभा में प्रमुख समाचारों का वाचन किया जाएगा साथ ही आज के शब्द प्रतियोगिता भी कराई जाएगी।

- प्रदेश के सभी जिलों को जारी किया गया निर्देश

हर समय मोबाइल देखने की आदत से बच्चों को दूर करने के लिए प्रत्येक विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को चक्रानुसार समाचार पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। मंडल के विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि मंडल के माध्यमिक विद्यालयों में पठन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समाचार पत्र वाचन को स्कूली दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाया जाएगा।



लखनऊ : राजकीय हाईस्कूल हलुआपुर, काकोरी में अखबार पढ़ती छात्राएं।

# सभी योजनाओं को फार्मर रजिस्ट्री से तय समय सीमा में जोड़ें : योगी

## मुख्यमंत्री ने की कृषि विभाग की समीक्षा, फार्मर रजिस्ट्री को तेजी से लागू करने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कृषि विभाग को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ने के लिए आवश्यक तकनीकी व्यवस्था तय समयसीमा में तैयार की जाए और विभागीय पोर्टल को 1 मई 2026 तक पूरी तरह क्रियाशील बनाया जाए। इससे लाभार्थियों के चयन और वितरण की प्रक्रिया डिजिटल और पारदर्शी हो सकेगी।

- ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर, 1 मई तक पोर्टल होगा क्रियाशील, सभी योजनाएं होंगी एकीकृत

मुख्यमंत्री योगी ने अपने आवास पर बुधवार को कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में फार्मर रजिस्ट्री को प्रदेशभर में तेजी से लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक पात्र किसान का पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए और कोई भी किसान इस व्यवस्था से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष शिविर आयोजित कर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इसे कृषि क्षेत्र में एकीकृत लाभ वितरण प्रणाली के रूप में विकसित कर रही है, जिससे विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों तक पहुंचेगा।

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं में लाभार्थियों के नाम या अभिलेखों में यदि कोई त्रुटि है, तो उसे आधार से लिंक कर प्राथमिकता के आधार पर संशोधित किया जाए। साथ ही प्रत्येक पात्र किसान का किसान पहचान पत्र बनवाना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता एवं लघु सिंचाई जैसे सहयोगी विभाग किसान पहचान पत्र के उपयोग के लिए कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित करें और 31 मई तक आवश्यक तैयारियां पूरी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस व्यवस्था से योजनाओं का लाभ पारदर्शी ढंग से किसानों तक पहुंचेगा, अनावश्यक जटिलताएं समाप्त होंगी और संसाधनों का लक्षित उपयोग सुनिश्चित होगा।



लखनऊ : अधिकारियों के साथ कृषि विभाग की समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

### भूसा-साइलेज की उपलब्धता पर सरकार सख्त, टेंडर में आई तेजी

**अमृत विचार :** प्रदेश में गोवंश संरक्षण को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार एक्शन मोड में नजर आ रही है। भूसा और साइलेज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए टेंडर प्रक्रिया में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। इसका असर यह है कि कई जिलों में टेंडर प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है, जबकि 6 जिलों में साइलेज टेंडर की प्रक्रिया पूरी भी हो चुकी है। सरकार ने सभी जिलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गोआश्रय स्थलों पर चारे की किसी भी प्रकार की कमी न होने पाए। विशेष रूप से गर्मी के मौसम को देखते हुए भूसा और साइलेज का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।

### बारिश पर किसानों को तत्काल राहत के लिए अलर्ट रहने के निर्देश

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कई जिलों में हुई बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों की स्थिति का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिलाधिकारियों से रिपोर्ट तलब करते हुए कहा कि फसल नुकसान का त्वरित आकलन कर प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाई जाए। मुख्यमंत्री ने राजस्व, कृषि विभाग और बीमा कंपनियों को संयुक्त सर्वे कर फसल क्षति का आंकलन करने तथा इसकी रिपोर्ट शीघ्र शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि मुआवजा प्रक्रिया तुरंत शुरू की जा सके।

# नौ जिलों में 3200 करोड़ की 11 परियोजनाओं को रेरा ने दी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण ने लखनऊ, बरेली, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, झांसी, मेरठ, आगरा, मथुरा और फिरोजाबाद में 11 नई रियल एस्टेट परियोजनाएं स्वीकृत की हैं। इन जिलों में बिल्डरों द्वारा 3,212.63 करोड़ से 2,914 आवासीय, वाणिज्यिक एवं मिश्रित इकाइयां विकसित करके फ्लैट, प्लॉट, विला, ऑफिस बनाकर बेचे जाएंगे।

बुधवार को न्यू हैदराबाद स्थित रेरा मुख्यालय पर अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में प्राधिकरण की 199वीं बैठक हुई। निजी परियोजनाओं का प्रस्तुतिकरण दिया गया। निवेश के दृष्टिकोण से गाजियाबाद सबसे आगे रहा, जहां 1,108.69 करोड़ लागत की एक आवासीय परियोजना को स्वीकृति दी गई। परियोजना में 568 इकाइयां विकसित की जाएंगी। वहीं, इकाइयों की संख्या के मामले में गौतमबुद्ध नगर सबसे आगे रहा। जहां 843.14 करोड़ से एक वाणिज्यिक परियोजना में 1,077 आईटी कार्यालय स्थल को मंजूरी दी गई। इससे कॉर्पोरेट सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा।

- लखनऊ, बरेली, गौतमबुद्धनगर गाजियाबाद, आगरा, मथुरा में बिल्डर विकसित करेंगे इकाइयां

लखनऊ में 947.04 करोड़ की एक आवासीय और एक मिश्रित परियोजना में 815 इकाइयां विकसित करने को मंजूरी दी गई। इससे राजधानी में आवासीय मांग और वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

इसी तरह बरेली में 98.50 करोड़ से एक आवासीय परियोजना को स्वीकृति दी गई। परियोजना में 100 आवासीय इकाइयां विकसित की जाएंगी। झांसी में 96.69 करोड़ से एक आवासीय और एक मिश्रित परियोजना में 134 इकाइयां विकसित करने को मंजूरी दी गई। आगरा में 47.86 करोड़ से एक आवासीय परियोजना में 80 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जाएगा। मथुरा में 55 करोड़ से एक आवासीय परियोजना में 86 आवासीय इकाइयां बनाई जाएंगी। मेरठ में 3.11 करोड़ से एक आवासीय परियोजना में 35 आवासीय इकाइयां बनेंगी। फिरोजाबाद में 12.60 करोड़ की परियोजना में 19 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जाएगा।



लखनऊ स्थित रेरा मुख्यालय पर बैठक करते अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी।

## अखिलेश की 'राम वाली पोस्ट' पर जुबानी जंग तेज

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश में चुनावी सरगर्मी के बीच समाजवादी पार्टी और भाजपा के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने तीखा हमला बोला है।
दरअसल, अखिलेश यादव ने इटावा स्थित निर्माणाधीन श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर में प्रभु राम की अभिराम मूर्ति की तस्वीर साझा की थी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए केशव मौर्य ने इसे सपा की अवसरवादी राजनीति बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा के भय से पहले मंदिर और अब प्रभु श्रीराम का उल्लेख करना सपा के बदले हुए रुख को दर्शाता है। डिप्टी सीएम ने आरोप लगाया कि सपा का अतीत रामभक्तों के प्रति संवेदनहीन रहा है और अब वह राजनीतिक लाभ के लिए आस्था का सहारा ले रही है। वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केशव प्रसाद मौर्य के बयान पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि उनकी आस्था को 'स्वांग' बताने पर वे मानहानि का दावा भी कर सकते थे, लेकिन जिनका स्वयं कोई 'मान' नहीं है, उनके प्रति उन्हें सहानुभूति है। अखिलेश ने तंज कसते हुए कहा कि जो अपनी ही पार्टी में लगातार हाशिए पर हैं, वे दूसरों पर टिप्पणी कर रहे हैं।

- केशव मौर्य ने बताया अवसरवादी सपा प्रमुख ने किया पलटवार

# निरीक्षण में बाधा डाली तो तय होगी जिम्मेदारी, सरकार सख्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने सरकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए निरीक्षण व्यवस्था को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि निरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा डालना नियमों के विरुद्ध होगा और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

प्रमुख सचिव संयुक्ता समद्दार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राजकीय कार्यालय निरीक्षणालय के मुख्य निरीक्षक, उप मुख्य निरीक्षक एवं निरीक्षकों को सभी सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण करने का पूर्ण अधिकार है। शासन ने स्पष्ट किया है कि निरीक्षण दल को रोकना, अभिलेख उपलब्ध न कराना या किसी भी प्रकार का असहयोग करना पूर्व में जारी शासनादेशों का उल्लंघन माना जाएगा। सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि निरीक्षण के दौरान मांगे गए सभी अभिलेख तत्काल उपलब्ध कराए जाएं और पूर्ण सहयोग सुनिश्चित किया जाए।

- सरकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने को जारी किया गया शासनादेश

इसके साथ ही यह भी अनिवार्य किया गया है कि निरीक्षण के बाद प्राप्त टिप्पणियों पर एक माह के भीतर अनुपालन आख्या तैयार कर, एक स्तर उच्च अधिकारी के माध्यम से मुख्य निरीक्षक को भेजी जाए। यह शासनादेश समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों तथा सभी विभागाध्यक्ष एवं कार्यालयाध्यक्षों को संबोधित किया गया है।

### पूर्व विधायक के पुत्र को योगी ने दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को सहजनवा के पूर्व विधायक शीतल पांडेय के आवास पहुंचकर उनके पुत्र मानवेंद्र पांडेय 'मनु' को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मानवेंद्र का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया था, जिससे क्षेत्र में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री शाम को लखनऊ से गोरखपुर पहुंचे और एयरपोर्ट से सीधे रामगढ़ताल/तारामंडल स्थित आवास गए। वहां उन्होंने दिवंगत मनु पांडेय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। योगी ने पूर्व विधायक शीतल पांडेय और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

# नए औद्योगिक क्षेत्रों के मानचित्र को मिली मंजूरी

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ/ कानपुर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) बोर्ड की बैठक लखनऊ स्थित लोक भवन में अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार की अध्यक्षता में हुई। इसमें विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

विकास एवं अनुरक्षण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी ऑडिट कराने के लिए एजेंसी चयन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। साथ ही कम्पिल कताई मिल, मऊ आइमा, बहादुरगंज, सलेमपुर एवं बाराबंकी के औद्योगिक क्षेत्रों के मानचित्रों को स्वीकृति दी गई। बलिया, हाथरस, फतेहपुर, बाराबंकी एवं चित्रकूट के औद्योगिक क्षेत्रों के लेआउट प्लान को औद्योगिक विकास आयुक्त ने स्वीकृति दी। कहा कि नए औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के लिए भूमि बैंक बढ़ाने की दिशा में तेजी से कार्य करें। औद्योगिक क्षेत्रों में पारदर्शिता एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ड्रोन आधारित मॉनिटरिंग प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया गया। इस प्रणाली के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्रों में संचालित सिविल, विद्युत एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित कार्यों की नियमित निगरानी की जाएगी। सहारनपुर एवं बदायूं भूमि अधिग्रहण के संबंध में यह निर्देशित किया गया कि प्रस्तावित अधिग्रहण की जाने वाली भूमि की रोड कनेक्टिविटी को सही करते हुए भूमि अधिग्रहण का कार्य किया जाए। आवंटन योग्य भूमि का 75% आवंटन पूर्ण होने के पश्चात शेष 25% भूमि का आवंटन ई-ऑक्शन के माध्यम से किए जाने का निर्णय लिया गया।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि अवस्थापना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) सुविधाओं के लिए शासन द्वारा वित्तपोषित किया गया है, जिससे एक वर्ष के भीतर अवस्थापना सुविधाओं का त्वरित विकास सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय किरण आनंद, एसीओ चर्चिल गौड़, प्रधान महाप्रबंधक राजीव त्यागी, वित्त सचिव अनुराग यादव, वित्त नियंत्रक दिनेश कुमार, महाप्रबंधक राजेश परासर आदि उपस्थित रहे।



बैठक करते अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार।

- यूपीसीडा बोर्ड की बैठक में लिए गए अहम फैसले, विकास और मरम्मत कार्यों की थर्ड पार्टी ऑडिट होगी

उपलब्धि

बरेली की प्रसिद्ध लाल व पीली मिर्च व अन्य गुणवत्ता वाले मसालों पर मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया

# बरेली के बासमती ने लंदन में बिखेरी सुगंध, बढ़ी निर्यात की संभावना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लंदन में 30 मार्च से एक अप्रैल तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय खाद्य एवं पेय कार्यक्रम (आईएफई) में उत्तर प्रदेश ने कृषि उत्पादों का वैश्विक प्रदर्शन कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। खासकर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बरेली के गॉडसन ऑर्गेनिक फार्म का झुमका बासमती, हंसराज बासमती व तिलक चंदन जैसी पारंपरिक सुगंधित धान कई देशों को पसंद आया। बरेली की प्रसिद्ध लाल व पीली मिर्च तथा अन्य उच्च गुणवत्ता वाले मसालों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। इन उत्पादों पर यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, पोलैंड, चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका के खरीदारों ने विशेष रुचि दिखाई है। इससे निर्यात की संभावना बढ़ गई।

- लंदन में अंतर्राष्ट्रीय खाद्य एवं पेय कार्यक्रम में यूपी के उत्पादों की हुई सराहना
- यूके, फ्रांस, पोलैंड, चीन, अमेरिका समेत कई देशों के उद्यमियों ने दिखाई रुचि

उप्र पवेलियन का उद्घाटन भारतीय उच्चायोग लंदन में सेवारत आईएएस निधि मणि त्रिपाठी ने किया। नेतृत्व मंडी परिषद के सचिव/निदेशक इंद्र विक्रम सिंह ने किया। इस दौरान प्रदेश के पांच प्रमुख कृषि उत्पादकों ने चावल, शहद, मसाला, फल समेत अन्य उत्पादों का प्रदर्शन करके राज्य की समृद्ध कृषि परंपरा और गुणवत्ता का परिचय दिया। इसमें विभिन्न देशों के खरीदार, वितरक, खाद्य विशेषज्ञ और उद्यमियों ने गहरी रुचि दिखाई। अंतर्राष्ट्रीय मंच पर एम्ब्रोसिया ने अपना मेव उत्पाद लांच किया। इस अवसर पर हाई कमीशन ऑफ इंडिया, लंदन की निधि मणि त्रिपाठी, हमना मरियम खान, राकेश दहिया, डॉ. सुधांशु सचिव एपीडा उपस्थित रहे।



लंदन में अंतर्राष्ट्रीय खाद्य एवं पेय कार्यक्रम में यूपी के पवेलियन का उद्घाटन करते अधिकारी।

### शहद के नवाचारी उत्पादों ने किया आकर्षित

**अमृत विचार :** स्टॉलों पर मधुमक्खी वाला शहद, नीम हनी, जामुन हनी और वाइल्ड फॉरेस्ट हनी की शुद्धता एवं स्वास्थ्यवर्धक गुणों ने आगंतुकों को आकर्षित किया। इसके अतिरिक्त "हनी विद लेमन" जैसे नवाचारी उत्पाद की अवधारणा को भी सराहा गया। माधव उद्यान स्थित मेव ऑर्चर्ड एस्टेट में उगाए गए फलों और मसालों से निर्मित विशिष्ट उत्पाद अपने स्वाद और प्राकृतिक फ्लेवर के लिए सराहे गए। फॉर्च्यून राइस को यूरोप के खरीदारों से बासमती चावल एवं ताजे कृषि उत्पादों के लिए सकारात्मक व्यापारिक प्रस्ताव प्राप्त हुए। मोरक्को के एक प्रमुख आयातक के साथ संपर्क स्थापित होना कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही।

# एक ही साल्ट की दवाओं में मूल्य अंतर पर उठाए सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने दवाओं की कीमतों में भारी असमानता का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार से सभी दवाओं के लिए एक समान अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) निर्धारित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक ही साल्ट की दवाओं के दाम में बड़ा अंतर आम लोगों के लिए आर्थिक बोझ बन रहा है।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने बुधवार को संसद में शून्यकाल के दौरान उठाए गए इस मुद्दे की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने आयुष्मान भारत योजना और जन औषधि केंद्रों के माध्यम से सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया है, लेकिन निजी क्षेत्र में मूल्य असमानता अभी भी बड़ी समस्या बनी हुई है। सांसद ने यह भी सुझाव दिया कि डॉक्टरों को दवाओं के ब्रांड नाम के बजाय साल्ट नाम लिखना चाहिए। साथ ही दवा कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए सख्त मूल्य नियंत्रण लागू किया जाए।

- भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने सरकार से की सख्ती की अपील



# अमृत विचार

गुरुवार, 2 अप्रैल 2026






आप दीवार के चित्रों को बदल कर इतिहास के तथ्यों को नहीं बदल सकते।

–जवाहर लाल नेहरू, पूर्व प्रधानमंत्री

## भगवान भरोसे भीड़

बिहार के नालंदा जिले में मघड़ा गांव में स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर में हुई भगदड़ की घटना महज एक 'दुर्घटना' नहीं, बल्कि व्यवस्थागत पंगुता और प्रशासनिक संवेदनहीनता का जीवंत प्रमाण है। 8 महिलाओं की मृत्यु और 15 से अधिक का घायल होना यह सवाल उठाता है कि क्या आधुनिक भारत में नागरिक के जीवन का मूल्य केवल कुछ हजार रुपयों के मुआवजे तक सिमट कर रह गया है? इस त्रासदी का मुख्य दोषी पंडा कमेटी और स्थानीय पुलिस-प्रशासन का वह 'अहंकारी समन्वय' है, जिसने 25 हजार की भीड़ को भगवान भरोसे छोड़ दिया। पंडा कमेटी का पुलिस से सुरक्षा की मांग न करना उनकी अक्षमता और वर्चस्ववादी सोच को दर्शाता है, लेकिन क्या प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से केवल इसलिए पल्ला झाड़ सकता है कि उसे व्यवस्था प्रबंध हेतु 'आमंत्रण' नहीं मिला? खुफिया विभाग और स्थानीय पुलिस को हर साल चैत्र के आखिरी मंगलवार को जुटने वाली इस भीड़ का पूर्वानुमान क्यों नहीं था? क्या पुलिस इतनी दिशाहीन हो गई है कि उसे 25,000 लोगों के जमावड़े की आहट तक नहीं मिली? सबसे विडंबनापूर्ण स्थिति सुरक्षा प्राथमिकताओं की है। जिस दिन यह त्रासदी हुई, उसी दिन राष्ट्रपति की सुरक्षा में 2,500 पुलिसकर्मी तैनात थे, जबकि मंदिर में 25,000 आम नागरिकों के लिए एक भी नहीं। यह 'अतिविशिष्ट' बनाम 'आम जनता' का वह असंतुलन है, जो लोकतंत्र के मूल ढांचे पर प्रहार करता है। घटना के बाद कुछ अधिकारियों का निलंबन मात्र प्रशासनिक 'खानापूरी' है, जिससे मूल समस्याओं का समाधान नहीं होता। एंबुलेंस और सहायता में देरी यह पुष्टि करती है कि आपदा प्रबंधन की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित हैं। देश में मंदिरों और बाबाओं के समागमों में होने वाली भगदड़ की घटनाओं में पिछले कुछ बरसों में 12,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। सत्य है कि आस्था भीड़ लाती है, लेकिन सच यह भी है कि प्रशासन को उस भीड़ का प्रबंधन करना होता है। हर विफलता के बाद शासन-प्रशासन अपनी जिम्मेदारी दूसरों पर डालकर बच निकलता है।

इन हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए केवल संवेदना प्रकटीकरण या मुआवजा पर्याप्त नहीं है। हमें एक 'राष्ट्रीय भीड़ प्रबंधन प्रोटोकॉल' की आवश्यकता है। हर धार्मिक स्थल की एक 'वहनीय क्षमता' तय होनी चाहिए। भीड़ बढ़ने पर 'होल्डिंग एरिया' का निर्माण और प्रवेश पर नियंत्रण अनिवार्य हो। ड्रोन और सीसीटीवी के माध्यम से वास्तविक समय में भीड़ की घनत्व की निगरानी की जानी चाहिए ताकि 'क्राउड क्रिटिकल पॉइंट' की पहचान पहले ही हो सके। धार्मिक समितियों और पुलिस के बीच एक अनिवार्य समन्वय केंद्र हो, जहां बिना किसी औपचारिक मांग के भी पुलिस तैनाती सुनिश्चित की जाए। तंग जगहों पर स्थित मंदिरों में 'वन-वे' प्रवेश और निकास के साथ आपातकालीन निकासी मार्ग की सख्त व्यवस्था होनी चाहिए। समाज और सरकार को यह समझना होगा कि व्यवस्था की कमी से होने वाली मौतें 'ईश्वर की इच्छा' नहीं, बल्कि 'मानवीय भूल' हैं। यदि हमने आदिवासी नक्सल प्रभावित जैसे दुर्गम क्षेत्रों में डिजिटल व्यवस्था पहुंचा दी है, तो हम अपने तीर्थस्थलों पर बुनियादी सुरक्षा ढांचा क्यों नहीं विकसित कर सकते? आस्था का सम्मान तभी होगा जब श्रद्धालु सुरक्षित घर लौट सकें।

### प्रसंगवश

## भौतिक सुखों के बीच गुम होती आत्मिक प्रसन्नता

खुशी क्या है? इस सवाल का जवाब शायद ही किसी को ठीक-ठीक पता हो, लेकिन सरल शब्दों में कहा जाए, तो आत्मसंतुष्टि ही वास्तविक खुशी है। आज की तेज रफ्तार दुनिया में हम अक्सर इस संतुष्टि के भाव को समझ ही नहीं पाते। यदि हम अपने आसपास नजर दौड़ाएं, तो पाएंगे कि हम अपनी खुशी को दूसरों के व्यवहार से जोड़ चुके हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या हम सच में अपने भावनाओं पर नियंत्रण रखने वाले इंसान हैं या फिर दूसरों के व्यवहार से संचालित होने वाली मशीन? निःसंदेह, इंसान होने के नाते हमारे भीतर अपार शक्ति और आत्मनियंत्रण की क्षमता होती है। जैसे-जैसे व्यक्ति सफलता की ओर बढ़ता है, उसके भीतर आत्मविश्वास और प्रसन्नता के बीज स्वतः अंकुरित होने लगते हैं, लेकिन वर्तमान समय में धैर्य



शिवालिक अवस्थी
लेखक

और संयम का अभाव विशेष रूप से युवाओं में साफ दिखाई देता है। आज का युवा भीड़ में खुद को खोया हुआ महसूस कर रहा है। आंतरिक सुख मानो उसके भीतर कहीं दब गया है, जबकि भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर उसका झुकाव तेजी से बढ़ता जा रहा है। युवाओं को यह समझना आवश्यक है कि भौतिक सुख क्षणिक होते हैं। ये कुछ समय के लिए तो आनंद दे सकते हैं, लेकिन स्थायी संतुष्टि नहीं दे सकते। हमारे शास्त्र भी दीर्घकालिक सुख की खोज पर जोर देते हैं, जो केवल भौतिक साधनों से संभव नहीं है। आज के दौर में भौतिक सुख-सुविधाओं में सबसे प्रमुख स्थान मोबाइल फोन ने ले लिया है। यह हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है।

आज लगभग हर व्यक्ति के हाथ में मोबाइल है, लेकिन इसके कारण परिवार के बीच रहकर भी लोग अकेलापन महसूस कर रहे हैं। संयुक्त परिवारों का विघटन और मोबाइल की बढ़ती लत ने इस स्थिति को और गंभीर बना दिया है। खासकर युवा वर्ग इसका सबसे अधिक शिकार हो रहा है, जो अपना अधिकांश समय मोबाइल स्क्रीन पर बिताता है। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि मोबाइल का उपयोग केवल कॉल या जरूरी कार्यों तक सीमित नहीं रहा। सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव लोगों को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। भावनाओं और व्यवहार में बदलाव स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। कई युवा मानसिक दबाव और अकेलेपन से जूझ रहे हैं, जिसके कारण वास्तविक खुशी उनसे दूर होती जा रही है। हाल ही में जारी हुई विश्व खुशहाली रिपोर्ट-2026 भी इस स्थिति की पुष्टि करती है। इस रिपोर्ट में 147 देशों को विभिन्न मानकों-जैसे प्रति व्यक्ति आय, सामाजिक समर्थन, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता और पारदर्शिता के आधार पर आंका गया। फिनलैंड, आइसलैंड और डेनमार्क जैसे देश शीर्ष स्थानों पर रहे, जबकि भारत 4.536 अंकों के साथ 116 वें स्थान पर है। यह आंकड़े बताते हैं कि भौतिक प्रगति के बावजूद मानसिक संतुष्टि का स्तर अभी भी चुनौतीपूर्ण है। विशेषज्ञों के अनुसार, प्रतिदिन 2.5 घंटे से अधिक मोबाइल का उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, जबकि सीमित उपयोग लाभकारी हो सकता है। सोशल मीडिया का संतुलित उपयोग ज्ञानवर्धन और सूचना प्राप्ति के लिए किया जा सकता है, लेकिन अत्यधिक समय चैटिंग, रील्स और गेम्स में बिताना उचित नहीं है। हमारी खुशी हमारे अपने हाथों में है। साधन केवल उपयोग के लिए होते हैं, उनका सही या गलत इस्तेमाल हम पर निर्भर करता है। यदि हम मोबाइल और सोशल मीडिया से कुछ समय निकालकर परिवार, आत्मविकास और ज्ञान की ओर ध्यान दें, तो न केवल हमारा मन शांत रहेगा, बल्कि जीवन में सच्ची खुशी का अनुभव भी संभव हो सकेगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# ऊर्जा संकट के बीच भारत की राह






रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

पश्चिम एशिया में ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच जारी युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को गहरे संकट में डाल दिया है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति पर अनिश्चितता ने न केवल अंतर्राष्ट्रीय कीमतों को ऊंचाई पर पहुंचा दिया है, बल्कि ऊर्जा आयात पर निर्भर देशों की आर्थिक स्थिरता को भी चुनौती दी है। भारत, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है, इस संकट से सीधे प्रभावित हो रहा है। बढ़ती ऊर्जा कीमतें महंगाई, चालू खाता घाटा और औद्योगिक लागत को बढ़ाकर आर्थिक विकास की गति को धीमा कर सकती हैं।

ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि भारत सरकार और आम नागरिक मिलकर इस चुनौती का समाधान निकालें, ताकि अर्थव्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे और आम जनता पर अतिरिक्त बोझ न पड़े। सरकार के स्तर पर सबसे महत्वपूर्ण कदम ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण होना चाहिए। भारत को केवल खाड़ी देशों पर निर्भर रहने के बजाय रूस, अमेरिका, अफ्रीका और अन्य क्षेत्रों से तेल और गैस आयात के विकल्प बढ़ाने होंगे। इससे किसी एक क्षेत्र में संकट का प्रभाव कम किया जा सकेगा। इसके साथ ही, रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को और मजबूत करना आवश्यक है, ताकि आपात स्थिति में देश के पास पर्याप्त ऊर्जा उपलब्ध हो। यह नीति न केवल अल्पकालिक राहत देगी, बल्कि दीर्घकाल में ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूत करेगी।

> यह ऊर्जा संकट भारत के लिए एक चेतावनी भी है और एक अवसर भी। चेतावनी इसलिए कि अत्यधिक आयात पर निर्भरता भविष्य में बड़े जोखिम पैदा कर सकती है और अवसर इसलिए कि भारत अपनी ऊर्जा नीति को अधिक आत्मनिर्भर और टिकाऊ बना सकता है।

दूसरा महत्वपूर्ण कदम नवीकरणीय ऊर्जा पर तेजी से निवेश बढ़ाना है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे विकल्प भारत को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यह संकट भारत के लिए एक अवसर भी है कि वह जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करे और स्वच्छ ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़े। इसके साथ ही, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करना भी आवश्यक है, ताकि पेट्रोल और डीजल की खपत को कम किया जा सके। सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि ऊर्जा संकट का सीधा बोझ आम नागरिकों पर न पड़े। इसके लिए पेट्रोल, डीजल और एलपीजी पर करों में अस्थायी राहत दी जा सकती है। साथ ही, गरीब और मध्यम वर्ग के लिए लक्षित सब्सिडी व्यवस्था को मजबूत करना चाहिए, ताकि उनकी क्रय शक्ति पर असर न पड़े। सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को सस्ता, सुलभ और अधिक प्रभावी बनाना भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। यदि लोग निजी वाहनों के बजाय बस, मेट्रो और ट्रेन का उपयोग करेंगे, तो ईंधन की खपत कम होगी और आयात बिल भी नियंत्रित रहेगा।

ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देना भी सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। उद्योगों को ऊर्जा बचाने वाली तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना और ऊर्जा दक्ष उपकरणों पर सब्सिडी देना एक प्रभावी रणनीति हो सकती है। इससे उत्पादन लागत कम होगी और प्रतिस्पर्धात्मकता भी बढ़ेगी। इसके साथ ही, सरकार को कूटनीतिक स्तर पर भी सक्रिय रहना होगा, ताकि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में स्थिरता बनी रहे और भारत को पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित हो सके, जहां सरकार की भूमिका महत्वपूर्ण है, वहीं नागरिकों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है।

आम नागरिक अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करके ऊर्जा की खपत को काफी हद तक कम कर सकते हैं। उदाहरण के लिए अनावश्यक बिजली उपकरणों को बंद रखना, एलईडी बल्ब का उपयोग करना और ऊर्जा दक्ष उपकरणों को अपनाना सरल, लेकिन प्रभावी उपाय हैं। रसोई में गैस के उपयोग को नियंत्रित करना और खाना पकाने के तरीकों में बदलाव भी एलपीजी की खपत को कम कर सकता है। निजी वाहनों के अत्यधिक उपयोग से बचना भी एक बड़ा कदम हो सकता है। कार-पूलिंग, सार्वजनिक परिवहन और साइकिल जैसे विकल्प अपनाकर न केवल ईंधन की बचत की जा सकती है, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ पहुंचाया जा सकता है।

इसके अलावा, जो लोग सक्षम हैं, वे सोलर पैनल जैसे विकल्पों में निवेश करके अपनी बिजली की जरूरतों को आंशिक रूप से स्वयं पूरा कर सकते हैं। जीवनशैली में बदलाव भी इस संकट से निपटने का एक महत्वपूर्ण पहलू है। आज के समय में उपभोग की आदतें तेजी से बढ़ी हैं, जिससे ऊर्जा की मांग भी बढ़ रही है। यदि नागरिक "कम उपभोग और अधिक बचत" की नीति अपनाएं, तो न केवल ऊर्जा की बचत होगी, बल्कि आर्थिक स्थिरता भी बनी रहेगी। स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देना भी एक अच्छा विकल्प है, क्योंकि इससे परिवहन पर होने वाली ऊर्जा खपत कम होती है।

अंततः यह ऊर्जा संकट भारत के लिए एक चेतावनी भी है और एक अवसर भी। चेतावनी इसलिए कि अत्यधिक आयात पर निर्भरता भविष्य में बड़े जोखिम पैदा कर सकती है और अवसर इसलिए कि भारत अपनी ऊर्जा नीति को अधिक आत्मनिर्भर और टिकाऊ बना सकता है। यदि सरकार दूरदर्शी नीतियों के साथ आगे बढ़ती है और नागरिक जिम्मेदारी के साथ अपने व्यवहार में बदलाव लाते हैं, तो भारत न केवल इस संकट से उबर सकता है, बल्कि भविष्य में एक मजबूत और स्थिर अर्थव्यवस्था के रूप में उभर सकता है। यही समय है जब ऊर्जा सुरक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाकर एक संतुलित और सतत विकास की दिशा में कदम बढ़ाए जाएं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने



जैसे नरेंद्र मोदी को डोनाल्ड ट्रंप नियंत्रित करते हैं, वैसे ही मोदी आपके मुख्यमंत्री को नियंत्रित कर रहे हैं। पिनाराई विजयन अपने भ्रष्टाचार के कारण मोदी के दबाव में हैं। एलडीएफ सरकार अब वामपंथी नहीं, बल्कि 'कॉर्पोरेट फंडेड' सरकार बन गई है। यह इस बात का सबूत है कि बीजेपी और एलडीएफ के बीच 'सीक्रेट डील' है।

–राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस

### सामने

यह समझ नहीं आता कि राहुल को कौन सलाह दे रहा है और वे ऐसे बेतुके बयान क्यों दे रहे हैं। राहुल जमीन से कटे हुए नेता हैं, जिन्हें केरल की वास्तविकता का पता नहीं है। खुद 'इंडिया' गठबंधन के नेता बनने का दावा करते हैं, तो वे उसी गठबंधन के साथियों पर इस तरह के हमले कैसे कर सकते हैं?

– पी. संदोष कुमार, सांसद सीपीआई



# उपभोग की मृगतृष्णा को भुनाता बाजार



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

भारतीय लोकजीवन में दो वाक्य लंबे समय से समानांतर रूप से चलते आए हैं- "तेते पांव पसारिये, जेती लांबी सौर" और "ऋणं कृत्वा घृतं पिबेत्।" पहली कहावत मर्यादा, संयम और यथार्थ के साथ जीवन जीने की सीख देती है, दूसरी, जो चार्वाक दर्शन से जुड़ी है, तत्काल सुख के लिए भविष्य की चिंता से मुक्त होने का आग्रह करती है। ये दोनों सूत्र केवल लोकोक्तियां नहीं हैं, वे भारतीय समाज के भीतर मौजूद दो मानसिकताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। आज का भारत इन्हीं दो ध्रुवों के बीच झूलता दिखाई देता है। एक ओर विवेक, दूसरी ओर उपभोग का आकर्षण, जो कई बार आधुनिकता के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। लंबे समय तक भारतीय समाज, विशेषकर मध्यवर्ग, पहली दृष्टि के साथ जीता रहा। सीमित आय, सीमित संसाधन और सीमित इच्छाएं इन तीनों के बीच एक सहज संतुलन था। आर्थिक आत्मनिर्भरता और ऋणमुक्ति सामाजिक प्रतिष्ठा का हिस्सा थीं। बचत करना केवल आर्थिक विवेक नहीं, बल्कि जीवन का संस्कार था। एक ऐसा संस्कार, जो भविष्य के प्रति भरोसा पैदा करता था।

उदारीकरण के बाद जब भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक बाजार से गहराई से जुड़ी, तो परिवर्तन केवल व्यापार और निवेश तक सीमित नहीं रहा। इसके साथ एक नई उपभोक्ता संस्कृति भी समाज में तेजी से फैलने लगी। बाजार ने केवल वस्तुएं नहीं दीं, उसने इच्छाओं का एक विस्तृत संसार रचा और धीरे-धीरे आवश्यकताओं को इच्छाओं और इच्छाओं को अनिवार्यता में बदल दिया। "अभी खरीदें, बाद में भुगतान करें" का आकर्षक नारा जीवनशैली का हिस्सा बन गया। क्रेडिट कार्ड, उपभोक्ता ऋण और आसान किश्तों ने उपभोग को तत्काल संभव बना दिया। उपलब्ध सत्यापित आकलनों के अनुसार, दिसंबर 2025 तिमाही तक भारत का खुदरा ऋण बाजार 162.7 लाख करोड़ तक पहुंच चुका था और सक्रिय ऋण खातों की संख्या 69 करोड़ हो गई थी। जनवरी, 2026 तक देश में प्रचलित क्रेडिट कार्डों की संख्या भी बढ़कर लगभग 11.66 करोड़ हो गई, जो पिछले कुछ वर्षों में खुदरा उधारी के तेज विस्तार को रेखांकित करती है। इसके साथ ही, स्वर्ण ऋण जैसे उत्पाद खुदरा ऋण विस्तार के प्रमुख चालक बनकर उभरे हैं। दिसंबर 2025 तिमाही में TransUnion CIBIL का उपभोक्ता ऋण बाजार संकेतक (Consumer Credit Market Indicator) 102 तक पहुंच गया। स्वर्ण ऋण कुल खुदरा ऋण आपूर्ति का 36 प्रतिशत (मात्रा के आधार पर) और 39 प्रतिशत (मूल्य के आधार पर) हिस्सा लेने लगे। इस वृद्धि में पहली बार ऋण लेने वालों, 35 वर्ष से कम आयु के उपभोक्ताओं और गैर-महानगरीय क्षेत्रों की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही है।

आज के मध्यमवर्गीय जीवन को देखें तो एक दिलचस्प विरोधाभास सामने आता है। सुविधाएं बढ़ी हैं, लेकिन आर्थिक दबाव भी उसी अनुपात में बढ़ा है। उधारी से चमकती जीवनशैली के पीछे ऋण का एक स्थायी बोझ खड़ा होता है। आधुनिक उपभोक्ता के पास वस्तुएं अधिक हैं, पर आर्थिक स्वतंत्रता लगातार सिमटती जा रही है। घर, कार, मोबाइल, टेलीविजन, फ्रिज, वाशिंग मशीन, यहां तक कि छुट्टियां भी अब किश्तों में खरीदी जा सकती हैं। सुविधा का यह विस्तार दरअसल भविष्य की आय को वर्तमान में खींच लाने की प्रक्रिया है।

यह स्थिति केवल व्यक्तिगत निर्णयों का परिणाम नहीं है। इसके पीछे एक व्यापक सामाजिक दबाव भी काम करता है। सोशल मीडिया ने इस दबाव को और तीव्र बना दिया है। दूसरों की यात्राएं, महंगे शौक और सजी हुई जीवनशैली लगातार हमारी स्क्रीन पर दिखाई देती हैं। यह आभासी दुनिया एक ऐसा भ्रम पैदा करती है कि यदि हमारे पास वही चीजें नहीं हैं, तो हम कहीं पीछे रह गए हैं। इसी "फियर ऑफ मिसिंग आउट" के कारण बहुत से लोग अपनी वास्तविक आय से अधिक खर्च करने लगते हैं। क्रेडिट कार्ड की ब्याज दरें कई बार काफी ऊंचाई तक पहुंच जाती हैं। उधार का घी क्षणभर के लिए सस्ता लगता है, पर उसकी असली कीमत बाद में चुकानी पड़ती है।

> आधुनिकता का अर्थ अपनी जड़ों से कट जाना नहीं, बल्कि उन्हें नए संदर्भ में समझना है। शायद इसी संदर्भ में "तेते पांव पसारिये" को नए अर्थों में पढ़ने की जरूरत है।

इस प्रवृत्ति का व्यापक आर्थिक संदर्भ भी ध्यान देने योग्य है। 2024-25 में घरेलू शुद्ध जीडीपी के लगभग 6.0 प्रतिशत के स्तर पर रही, जबकि घरेलू वित्तीय देनदारियां जीडीपी का 4.7 प्रतिशत थीं। यह संकेत देता है कि महामारी के बाद घरेलू देनदारियों में तेज वृद्धि अवश्य हुई, लेकिन हाल के वर्षों में उसमें कुछ नरमी के संकेत भी दिखाई देने लगे हैं। वास्तविक समृद्धि केवल वस्तुओं के संग्रह से नहीं आती। वह आर्थिक स्वतंत्रता, मानसिक शांति और भविष्य की सुरक्षा से आती है। यदि उपभोग हमें स्वतंत्र बनाने के बजाय कर्ज के बोझ से बांध दे, तो वह समृद्धि नहीं, बल्कि एक प्रकार की आर्थिक असुरक्षा है।

आज आवश्यकता आधुनिक जीवन से दूरी बनाने की नहीं, बल्कि उसके साथ संतुलन स्थापित करने की है। तकनीक, सुविधा और बेहतर जीवन स्तर प्रगति के स्वाभाविक हिस्से हैं, लेकिन आर्थिक विवेक और संयम की परंपरा को पूरी तरह त्याग देना बुद्धिमानी नहीं होगी। आधुनिकता का अर्थ अपनी जड़ों से कट जाना नहीं, बल्कि उन्हें नए संदर्भ में समझना है। शायद इसी संदर्भ में "तेते पांव पसारिये" को नए अर्थों में पढ़ने की जरूरत है। यह केवल अभाव की स्वीकारोक्ति नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और संतुलन का सिद्धांत है।

आज के भारत के सामने यही चुनौती है कि उपभोग की ऊर्जा और संयम की परंपरा के बीच संतुलन बनाना। यदि यह संतुलन साध लिया गया, तो समृद्धि का अर्थ केवल वस्तुओं का विस्तार नहीं, बल्कि स्वतंत्रता और संतोष का विस्तार भी होगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## केरोसिन युग की वापसी

खाड़ी युद्ध के लंबा खिचने से ईंधन की संभावित समस्या को देखते हुए सरकारों ने केरोसिन वितरण के आदेश दे दिए हैं, जिसे कोटेदारों और पेट्रोल पंपों से उपलब्ध कराया जाएगा। विगत एक दशक से केरोसिन (मिट्टी का तेल) का दिखना ही दुर्लभ हो गया था। पिछले साल गांव में तपनी जलाने के लिए जलावन



डॉ. अरविंद मिश्रा
वरिष्ठ विज्ञान लेखक

की लकड़ियों पर मिट्टी का तेल छिड़कने की जरूरत हुई, तो मिट्टी का तेल ढूंढने से भी नहीं मिला। गांव के कोटेदार ने भी हाथ खड़े कर दिए। कभी मिट्टी का तेल गांव की रोजमर्रा की जिंदगी में अच्छी दखल रखता था। स्टोप से खाना इसी मिट्टी के तेल से बनता था। लालटेन से लेकर पेट्रोमेक्स तक इसी मिट्टी के तेल से कस्बों का अंधेरा दूर करते थे। शादी-व्याह के मंडप, शामियाना आलोकित होते। घर-घर शाम की दिया-बत्ती इसी केरोसिन से जलती। अब केरोसिन से जुड़ी जुगतें, साजो-सामान भी लुप्त हो गए। मुझे याद है कि मेरे गांव में तीसेक वर्ष पहले बिजली आई, तदनंतर गैस का चूल्हा और सिलेंडर। धीरे-धीरे केरोसिन की जरूरत खत्म होती गई और फिर मांग न होने से केरोसिन भी मिलना बंद हो गया। पहले केरोसिन रंगहीन होता था बाद में इसे हल्के नीले रंग का कर दिया गया। बताया गया कि मिट्टी का तेल मिलावट में इस्तेमाल न हो इसलिए ऐसा किया गया।

आशय यह कि मिट्टी का तेल गावों में एक जरूरी कमोडिटी बन गया था। एक महिला की मुझे याद है, जिनके पति घर में एक लीटर मिट्टी के तेल की व्यवस्था कर परदेश चले गए थे। पांच साल बाद लौटे तो एक छोटी शीशी में कुछ तेल अभी भी बचा था। छोटी शीशी दिए में तब्दील हो गई थी। महिला खाना तो ऊपली और लकड़ी की अंगीठी पर बनाती, मगर शाम को कुछ मिनटों के लिए देहरी पर उजाला इसी दिए से करती। इतनी किफायत से ही वह बस शाम को कुछ मिनट का उजाला एक लीटर मिट्टी के तेल से पांच साल करती रही। घर की देहरी के शाम के चंद मिनट के उजाले में वह पति का बाट जोहती रही।

अब फिर उसी केरोसिन के युग की वापसी ने कितने ही यादों को स्फुरण दे दिया है। न जाने यह शकुन है या कोई अपशकुन यह तो आने वाला समय ही बताएगा। खाड़ी युद्ध न जाने कौन कौन सी परिस्थितियां उत्पन्न करेगा यह प्रश्नचिह्न अब बड़ा आकार लेने लगा है।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## कुप्रबंधन की भेंट चढ़ती आस्थावान जिंदगी

बिहार राज्य के नालंदा जिले के शीतला माता मंदिर में मची भगदड़ में 8 लोगों की दर्दनाक मौत मंदिर प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन की कुप्रबंधन और घोर बदइंतजामी को उजागर करता है। जब मंदिर प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन अच्छी तरह अवगत था कि चैत्र माह के आखिरी मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ सकती है, तो फिर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किया गया? स्थानीय लोगों का कहना है कि यह हादसा व्यवस्था की बदइंतजामी और कुप्रबंधन के कारण हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें, तो हर कोई जल्दी दर्शन करना चाहता था, जिससे बैरिकेड्स और कतारें टूट गई। लोग एकदूसरे के उपर गिरने लगे और भगदड़ मच गई। मरने वालों में अधिकांश महिलाएं



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

हैं। अगर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षाकर्मी उपलब्ध होते, तो कतारें और बैरिकेड्स नहीं टूटते और न ही लोगों की जान जाती। यह पर्याप्त नहीं कि जिला प्रशासन एसएचओ को सस्पेंड कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री समझ लें। उचित होगा कि इस हादसे की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को कड़ी सजा मिले। गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब कुप्रबंधन के कारण दर्शनार्थियों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। याद होगा अभी पिछले वर्ष ही 27 जुलाई को उत्तराखंड राज्य के हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर की सीढ़ियों पर मची भगदड़ में आधा दर्जन लोगों की जान चली गई। पिछले वर्ष ही प्रयागराज कुंभ में मची भगदड़ में दर्जनों श्रद्धालुओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। देखा जाए, तो इन सभी धार्मिक स्थलों पर हुए हादसे के लिए पूर्ण रूप से शासन-प्रशासन, मंदिर प्रबंधन तंत्र और श्रद्धालुओं की अनुशासनहीनता ही प्रमुख रुप से जिम्मेदार रहा है, लेकिन हैरानी की बात यह कि हर हादसे में शासन-प्रशासन और मंदिर प्रबंधतंत्र अपनी गलतियां स्वीकारने के बजाए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराता नजर आता है।

सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर क्यों? क्या राज्य सरकारें और आयोजकगण हादसों को लेकर गंभीर और संवेदनशील नहीं होते हैं? या यह समझा जाए कि हादसों के लिए जिम्मेदार तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का न होना है? गौर करें तो ये दोनों ही बातें सच हैं। अगर सरकारी अमला, मंदिर प्रबंधनतंत्र और आयोजकगण अपनी जिम्मेदारियों का सही निर्वहन करें, तो इस तरह के हादसों की पुनरावृत्ति नहीं होगी। ध्यान देना होगा कि देश में बहुतेरे मंदिर हैं, जहां लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इन स्थानों पर सुरक्षा और संभावित हादसों को टालने का पूरा इंतजाम होना चाहिए। उचित होगा कि इन धार्मिक स्थानों पर दर्शन कराने की समुचित व्यवस्था हो और सुरक्षा बलों की उपस्थिति हो। भीड़ के बेहतर प्रबंधन के लिए बैरीकेड की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ प्रवेश व निकास के लिए अलग-अलग मार्ग हो। रास्ते में श्रद्धालुओं के आराम की पर्याप्त व्यवस्था के साथ-साथ लोगों पर नजर रखने के लिए सेवादार और राज्य का खुफिया तंत्र मजबूत हो।

आज जरूरत इस बात की है कि राज्य सरकारें, स्थानीय प्रशासन, मंदिर प्रबंधनतंत्र और श्रद्धालुगण सभी अपनी जिम्मेदारियों को समझें। दर्शन के समय श्रद्धालुगणों का व्यवहार अत्यंत संयमित और सहनशील होना चाहिए। अफवाहों पर ध्यान न दें और दिशा-निर्देशों का समुचित पालन करें। सरकारी प्रशासन, मंदिर प्रबंधनतंत्र एवं धार्मिक आयोजकगण अफवाह फैलाने वाले शरारती तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें। श्रद्धालुओं की जानमाल की सुरक्षा शीर्ष प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## वर्ड स्मिथ

### ऑटो रिक्शा

जापान की सड़कों पर लोग एक अनोखे वाहन में सफर करते थे। यह वाहन था "जिनरिकिशा"- एक ऐसा रिक्शा, जिसे इंसान अपनी ताकत से खींचता था। तीन पहियों वाला यह साधन आम लोगों के लिए सस्ता और सुविधाजनक था, लेकिन इसे खींचने वाले के लिए यह मेहनत भरा काम था। समय बदला, तकनीक आगे बढ़ी और दुनिया ने आराम की ओर कदम बढ़ाया। इंसानी ताकत की जगह अब मशीनों ने लेनी शुरू कर दी। तभी एक नया विचार आया- क्यों न इस रिक्शे को इंजन से चलाया जाए? यहीं से जन्म हुआ "ऑटो रिक्शा" का। "ऑटो" शब्द ग्रीक भाषा के "Autos" से आया, जिसका अर्थ है "स्वयं", यानी खुद चलने वाला। जब यह शब्द "रिक्शा" के साथ जुड़ा, तो बना "ऑटो रिक्शा" एक ऐसा वाहन, जो अब इंसान की मेहनत नहीं, बल्कि इंजन की ताकत से चलता था। धीरे-धीरे यह वाहन भारत जैसे देशों में पहुंचा और लोगों की जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया। तंग गलियों से लेकर भीड़भाड़ वाली सड़कों तक, ऑटो रिक्शा हर जगह आसानी से चलने लगा। सस्ता किराया, तेज रफ्तार और आसानी से उपलब्धता- इन सबने इसे आम जनता का पसंदीदा बना दिया। दुनिया को "ऑटो-रिक्शा" शब्द देने का श्रेय भारत को जाता है। वर्ष 1947 में आजादी के बाद देश में आत्मनिर्भरता की सोच ने जोर पकड़ा और कई उद्योगपतियों ने स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा देना शुरू किया। इसी दौर में N.K. Firodia, जो Force Motors के संस्थापक थे, ने मोटर से चलने वाले रिक्शे के लिए "ऑटो-रिक्शा" शब्द गढ़ा।



यह शब्द धीरे-धीरे आम बोलचाल में इतना लोकप्रिय हुआ कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचाना जाने लगा। आज "ऑटो-रिक्शा" शब्द को Oxford English Dictionary में भी स्थान मिल चुका है, जो इसकी वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है।

## नोटिस बोर्ड

### परीक्षा फॉर्म जारी



- लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक, परास्नातक व डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रमों के परीक्षा फॉर्म जारी कर दिए गए हैं। नियमित, बैक पेपर, इंप्रूवमेंट व इक्जेम्टेड परीक्षा के लिए यह फॉर्म द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को छोड़कर अन्य सभी सम सेमेस्टर के छात्र 13 अप्रैल तक भर सकेंगे। इसके बाद उन्हें अपना फार्म संबंधित विभाग में जमा करना होगा, जिसे विभाग द्वारा अग्रसारित कर 16 अप्रैल तक विश्वविद्यालय को भेजा जाएगा।

### रोजगार मेला

- मेरठ के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं के लिए अच्छी खबर है, जो प्राइवेट सेक्टर में बेहतर रोजगार की तलाश कर रहे हैं। 2 अप्रैल को क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय द्वारा मवाना क्षेत्र के रूद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में एक बड़े रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेला सुबह 10 बजे से शुरू होगा, जिसमें 60 से अधिक नामी कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। इस मेले में हर स्तर की योग्यता रखने वाले युवाओं के लिए अवसर मिलेगा। शैक्षणिक योग्यता की बात करें, तो 10 वीं पास से लेकर आईटीआई, नॉन-आईटीआई, टेक्निकल, नॉन-टेक्निकल, स्नातक और परास्नातक कर चुके सभी युवा इसमें भाग ले सकते हैं।



# ई-कॉमर्स मैनेजमेंट
## ऑनलाइन कारोबार की रीढ़

तेजी से बदलते डिजिटल युग में खरीदारी का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है। आज उपभोक्ता घर बैठे कपड़े, मोबाइल, किताबें ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से खरीद रहे हैं। इस बढ़ती डिजिटल निर्भरता ने ई-कॉमर्स को एक विशाल बाजार के रूप में स्थापित कर दिया है। ऐसे में किसी भी ऑनलाइन व्यवसाय को सफल बनाने के लिए ई-कॉमर्स मैनेजमेंट की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। ई-कॉमर्स मैनेजमेंट केवल उत्पाद बेचने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक समग्र प्रक्रिया है, जिसमें वेबसाइट या ऐप का संचालन, प्रोडक्ट की प्रस्तुति, ग्राहकों से संवाद, ऑर्डर की प्रक्रिया, भुगतान प्रणाली और डिलीवरी तक का पूरा प्रबंधन शामिल होता है। सही रणनीति और कुशल प्रबंधन के जरिए ऑनलाइन व्यवसाय को तेजी से विस्तार दिया जा सकता है।



सत्यदत्त शुक्ला
चार्टर्ड अकाउंटेंट, लखनऊ

### क्या है ई-कॉमर्स मैनेजमेंट

ई-कॉमर्स मैनेजमेंट का अर्थ है ऑनलाइन बिजनेस के हर पहलू को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संचालित करना। इसमें प्रोडक्ट लिस्टिंग, कीमत निर्धारण, स्टॉक की निगरानी, ग्राहकों की समस्याओं का समाधान, सुरक्षित भुगतान व्यवस्था और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करना शामिल होता है। यह एक ऐसा तंत्र है, जो ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाकर ब्रांड की विश्वसनीयता बढ़ाता है।

### मुख्य कार्य और जिम्मेदारियां

- **प्रोडक्ट मैनेजमेंट-** प्रोडक्ट की सही जानकारी, आकर्षक तस्वीरें और स्पष्ट विवरण ग्राहक को खरीदारी के लिए प्रेरित करते हैं। अच्छी प्रोडक्ट प्रेजेंटेशन बिक्री बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती है।
- **ऑर्डर और इंवेंटरी मैनेजमेंट-** ऑर्डर को समय पर प्रोसेस करना और स्टॉक की सटीक जानकारी बनाए रखना जरूरी होता है। इससे ओवरसेलिंग या स्टॉक आउट जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है।
- **कस्टमर एक्सपीरियंस-** ग्राहकों की संतुष्टि ई-कॉमर्स की सफलता का आधार है। उनके सवालों का त्वरित उत्तर देना, रिटर्न और रिफंड की सुविधा देना और भरोसेमंद सेवा प्रदान करना आवश्यक है।
- **डिजिटल मार्केटिंग और ब्रांडिंग-** सोशल मीडिया, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), ईमेल मार्केटिंग और पेड विज्ञापनों के माध्यम से ब्रांड की पहुंच बढ़ाई जाती है। आज डेटा आधारित मार्केटिंग (Data-driven Marketing) भी तेजी से लोकप्रिय हो रही है।






### लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन

सही समय पर उत्पाद की डिलीवरी सुनिश्चित करना और सप्लाई चेन को सुचारु रखना ग्राहक संतुष्टि के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### नई तकनीकों की भूमिका

आधुनिक ई-कॉमर्स में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग और ऑटोमेशन का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। ये तकनीकें ग्राहकों की पसंद को समझने, पर्सनलाइज्ड सुझाव देने और बिजनेस ऑपरेशन को अधिक प्रभावी बनाने में मदद करती हैं। साथ ही, मोबाइल कॉमर्स (एम-कॉमर्स) का चलन भी तेजी से बढ़ रहा है, जिससे स्मार्टफोन के जरिए खरीदारी और आसान हो गई है।

### जरूरी स्किल्स

- इस क्षेत्र में सफलता पाने के लिए कुछ प्रमुख कौशल आवश्यक हैं-
- डिजिटल मार्केटिंग की समझ
- डेटा विश्लेषण की क्षमता
- कस्टमर सर्विस स्किल
- टेक्नोलॉजी और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म का ज्ञान।

### समस्या समाधान और निर्णय लेने की क्षमता

ई-कॉमर्स मैनेजमेंट आज के डिजिटल कारोबार की रीढ़ बन चुका है। सही रणनीति, तकनीकी ज्ञान और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाकर इस क्षेत्र में न केवल सफलता हासिल की जा सकती है, बल्कि एक मजबूत और भरोसेमंद ब्रांड भी स्थापित किया जा सकता है।

### करियर की संभावनाएं

ई-कॉमर्स सेक्टर में करियर के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। इस क्षेत्र में ई-कॉमर्स मैनेजर, डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ, प्रोडक्ट मैनेजर, सप्लाई चेन मैनेजर और कस्टमर एक्सपीरियंस मैनेजर जैसे कई पद उपलब्ध हैं। छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऑनलाइन व्यवसाय के बढ़ते प्रभाव से रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं।



## कॉलेज का पहला दिन

# नए माहौल में नई शुरुआत

मेरा नाम दिव्या सिंह है। मैंने विवेकानंद बालिका इंटर कॉलेज से 12 वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद बीसीए कोर्स में एडमिशन लिया। मेरे लिए सबसे खास बात यह रही कि मुझे सीधे कानपुर यूनिवर्सिटी में प्रवेश मिला। यह मेरे जीवन का एक नया और महत्वपूर्ण अनुभव था।

कॉलेज का पहला दिन मेरे लिए उत्साह और थोड़ी घबराहट दोनों लेकर आया। स्कूल का माहौल काफी अलग होता है, जहां सब कुछ जाना-पहचाना होता है, लेकिन यूनिवर्सिटी का माहौल बड़ा और नया था। मैं पहले केवल एडमिशन के समय ही वहां गई थी, इसलिए पहले दिन सब कुछ नए जैसा लग रहा था। यूनिवर्सिटी का कैंपस काफी बड़ा और सुंदर है। वहां अलग-अलग कोर्स पढ़ने वाले बहुत सारे छात्र-छात्राएं आते हैं। मुझे यह देखकर अच्छा लगा कि यहां पढ़ाई के साथ-साथ आगे बढ़ने के कई मौके भी मिलते हैं। मैंने बीसीए कोर्स चुना था, क्योंकि मुझे कंप्यूटर और टेक्नोलॉजी में रुचि है। पहले दिन हमारी क्लास में पढ़ाई शुरू नहीं हुई, बल्कि सबसे पहले हम सबका परिचय कराया गया। टीचर्स ने हमसे कहा कि यह हमारे जीवन की एक नई शुरुआत है और हमें इस मौके का पूरा फायदा उठाना चाहिए। उन्होंने यह भी समझाया कि हमें एक-दूसरे को जानना चाहिए और साथ मिलकर आगे बढ़ना चाहिए।



दिव्या सिंह

मेरे लिए यह दिन थोड़ा अलग इसलिए भी था, क्योंकि मेरे साथ स्कूल का कोई दोस्त नहीं था। मैं अकेली ही यूनिवर्सिटी गई थी। शुरुआत में थोड़ा डर और झिझक महसूस हुई, खासकर जब आसपास नए लोग थे, लेकिन धीरे-धीरे मुझे समझ आया कि हर किसी की शुरुआत ऐसे ही होती है। एक लड़की होने के नाते कई बार मन में संकोच भी आता है, लेकिन अगर हमें आगे बढ़ना है, तो इस डर को छोड़ना जरूरी है। मैंने सोचा कि मुझे नई चीजें सीखनी हैं और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना है।




पहले दिन मैंने नए लोगों से बात की, कैंपस को समझा और अपनी नई पढ़ाई की शुरुआत की। यह दिन मेरे लिए यादगार बन गया। इसने मुझे सिखाया कि हर नई शुरुआत थोड़ी मुश्किल होती है, लेकिन अगर हम हिम्मत रखें तो सब आसान हो जाता है।

## करंट अफेयर्स

- हाल ही में भारत की वित्तीय प्रणाली को मज़बूत करने के लिए, लोकसभा ने 30 मार्च, 2026 को इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (संशोधन) विधेयक पारित किया है। इस सुधार का उद्देश्य इन्सॉल्वेंसी समाधानों में तेज़ी लाना, देरी को कम करना और लेनदारों का विश्वास बढ़ाना है।
- हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 मार्च, 2026 को गुजरात में 'सम्राट संप्रति संग्रहालय' का उद्घाटन किया। यह उद्घाटन भारत की समृद्ध जैन विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्घाटन महावीर जयंती के शुभ अवसर पर हुआ, जिससे इस कार्यक्रम को एक विशेष आध्यात्मिक महत्व प्राप्त हो गया। यह संग्रहालय गांधीनगर के कोबा गांव में स्थित 'श्री महावीर जैन आराधना केंद्र' में स्थित है।
- हाल ही में डॉ. थॉमस पुकाडिल को पुणे स्थित BRIC-NCCS का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। वे अपने साथ कोशिका जीव विज्ञान और अनुसंधान नवाचार के क्षेत्र में वर्षों का अनुभव लेकर आएंगे। उनकी यह नियुक्ति अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत इस समय उन्नत बायोमेडिकल अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवा समाधानों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित कर रहा है।
- हाल ही में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड गुरजंत सिंह ने नई दिल्ली में आयोजित हॉकी इंडिया पुरस्कार समारोह के दौरान अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा कर दी। 31 वर्षीय इस खिलाड़ी ने लगभग एक दशक लंबे अपने शानदार करियर का अंत किया। अपने करियर में उन्होंने 130 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले और 33 गोल किए। गुरजंत अपनी तेज रफ्तार, सटीक फिनिशिंग और निरंतर प्रदर्शन के लिए जाने जाते रहे हैं।
- हाल ही में भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जून 15 से 17, 2026 तक फ्रांस में आयोजित होने वाले आगामी जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यह शिखर सम्मेलन एवियन-लेस-बेंस में आयोजित होगा।

## जॉब अलर्ट

### जामनगर जिला सहकारी बैंक भर्ती

- पदों के नाम- सहायक अधिकारी (IT, अनुपालन, ट्रेजरी, सांख्यिकी), क्लर्क, चपरासी
- कुल रिक्तियां-104 पद
- वेतनमान-पदानुसार
- योग्यता-10वीं पास (चपरासी), संबंधित विषय में स्नातक (क्लर्क और सहायक अधिकारी)
- आयु सीमा-18-30 वर्ष (क्लर्क और चपरासी), 25-35 वर्ष (सहायक अधिकारी) - 31 मार्च 2026 तक
- प्रोबेशन अवधि- सभी पदों के लिए 6 महीने
- आवेदन ऑनलाइन -(jamnagardccb.bank.in/career/ के माध्यम से)
- आवेदन की अंतिम तिथि-11 अप्रैल 2026

### पंजाब एंड सिंध बैंक

- पद का नाम-लोकल बैंक अधिकारी (JMGS-I)
- कुल रिक्तियां-1000
- वेतनमान-48,480 - 85,920 (JMGS-I स्केल, 3 वेतन वृद्धि के साथ) + DA, HRA, CCA आदि।
- योग्यता-स्नातक + किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक /क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में अधिकारी के रूप में योग्यता प्राप्त करने के बाद कम से कम 18 महीने का शाखा अनुभव।
- आयु सीमा- 20 से 30 वर्ष (दिनांक 01.03.2026 के अनुसार)
- आवेदन का ऑनलाइन -punjabandsind.bank.in
- आवेदन शुल्क- SC/ST/PwBD : 100 + कर, सामान्य/EWS/OBC : 850 + कर
- आवेदन की अंतिम तिथि-20 अप्रैल 2026

### रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड (RRB)

- पद का नाम-असिस्टेंट लोको पायलट (एएलपी)
- पदों की संख्या-11,127 (सभी रेलवे)
- विज्ञापन संख्या- CEN No.01/2026
- वेतन-7 वें CPC के अनुसार पे लेवल-2, शुरुआती वेतन- 19,900/- प्रति माह
- योग्यता- विस्तृत CEN No.01/2026 के अनुसार (पद-वार शैक्षिक योग्यता और मेडिकल स्टैंडर्ड)
- आयु सीमा-18 से 30 वर्ष
- वेबसाइट-rrbapply.gov.in
- आवेदन शुरू होने की तिथि-15-05-2026
- आवेदन की अंतिम तिथि 14-06-2026

# 12 वीं के बाद: कॉमर्स स्टूडेंट्स के लिए कौन-सा कोर्स बेहतर



कॉमर्स स्ट्रीम से 12 वीं पास करने के बाद छात्रों के सामने सबसे बड़ा सवाल होता है- सीए (चार्टर्ड) या सीएस (कंपनी सेक्रेटरी), आखिर कौन-सा कोर्स चुनें? दोनों ही प्रोफेशनल कोर्स हैं और देश में काफी प्रतिष्ठित माने जाते हैं। इनमें करियर की अच्छी संभावनाएं, आकर्षक वेतन और सम्मानजनक पहचान मिलती है। हालांकि दोनों की पढ़ाई, कार्यक्षेत्र और करियर की दिशा अलग-अलग होती है, इसलिए सही चुनाव आपकी रुचि और लक्ष्य पर निर्भर करता है।

### क्या है चार्टर्ड अकाउंटेंट

सीए कोर्स भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) द्वारा संचालित किया जाता है। यह कोर्स फाइनेंस और अकाउंटिंग क्षेत्र में विशेषज्ञता प्रदान करता है। इसमें अकाउंटिंग, टैक्सेशन, ऑडिटिंग, कॉस्टिंग और फाइनेंशियल मैनेजमेंट जैसे विषय शामिल होते हैं। सीएस बनने के बाद आप ऑडिट फर्म, बैंक, मल्टीनेशनल कंपनियों या खुद की प्रैक्टिस शुरू कर सकते हैं। भारत में सीए की काफी डिमांड रहती है, खासकर टैक्स प्लानिंग और ऑडिटिंग के क्षेत्र में।

### सैलरी और करियर ग्रोथ

शुरुआती वेतन आमतौर पर 6 से 8 लाख रुपये प्रति वर्ष होता है, जो अनुभव के साथ 15 से 25 लाख या उससे अधिक तक पहुंच सकता है। बड़े शहरों और कॉर्पोरेट सेक्टर में यह और भी ज्यादा हो सकता है।

### क्या है कंपनी सेक्रेटरी

सीएस कोर्स भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) द्वारा संचालित किया जाता है। यह कोर्स मुख्य रूप से कंपनी कानून, कॉर्पोरेट गवर्नेंस और लीगल कंप्लायंस पर आधारित होता है। सीएस प्रोफेशनल किसी कंपनी के कानूनी मामलों, नियमों के पालन और बोर्ड मीटिंग्स से जुड़े कामों को संभालता है। यह भूमिका किसी भी कंपनी में बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है।

### सैलरी और करियर ग्रोथ

सीएस के लिए शुरुआती वेतन लगभग 4 से 7 लाख रुपये प्रति वर्ष होता है। अनुभव बढ़ने पर यह 12 से 20 लाख रुपये या उससे अधिक तक पहुंच सकता है। बड़ी कंपनियों और लिस्टेड कंपनियों में इसकी डिमांड ज्यादा होती है।

### कौन-सा कोर्स चुनें

यदि आपकी रुचि गणित, अकाउंटिंग और फाइनेंस में है, तो सीए आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकता है। वहीं यदि आपको कानून, कंपनी के नियम और मैनेजमेंट से जुड़ी चीजें पसंद हैं, तो सीएस चुनना सही रहेगा। सीए और सीएस दोनों ही शानदार करियर विकल्प हैं। सही चुनाव वही है, जो आपकी रुचि, क्षमता और भविष्य के लक्ष्य के अनुरूप हो। किसी भी कोर्स को चुनने से पहले उसकी पढ़ाई, कठिनाई और करियर संभावनाओं को अच्छे से समझ लेना जरूरी है।



### सीए vs सीएस मुख्य अंतर

- **फोकस एरिया :** सीए में फाइनेंस, अकाउंट और टैक्सेशन पर ध्यान होता है, जबकि सीएस में कंपनी लॉ और कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर।
- **कार्यक्षेत्र :** सीए वित्तीय सलाह, ऑडिट और टैक्सेशन में काम करता है, जबकि सीएस कंपनी के लीगल और कंप्लायंस मामलों को संभालता है।
- **कठिनाई स्तर :** सीए कोर्स आमतौर पर अधिक कठिन और समय लेने वाला माना जाता है, जबकि सीएस अपेक्षाकृत कम समय में पूरा किया जा सकता है (हालांकि यह भी आसान नहीं है)।
- **वर्क प्रोफाइल :** सीए का काम अधिकतर नंबर और फाइनेंस से जुड़ा होता है, जबकि सीएस का काम मीटिंग्स, लीगल डॉक्यूमेंट और कॉर्पोरेट निर्णयों से संबंधित होता है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,134.32 | 22,679.40 |
| बढ़त | 1186.77 | 348 |
| प्रतिशत में | 1.65 | 1.56 |

सोना 1,55,000 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,46,000 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, गुरुवार, 2 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com

## बिजनेस ब्रीफ

### मुंबई एयरपोर्ट पर देश की पहली 'इन-टर्मिनल' त्वरित वाणिज्य सेवा शुरू

**नयी दिल्ली।** अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स ने ब्लिंकिट के साथ साझेदारी में बुधवार को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारत की पहली 'इन-टर्मिनल' त्वरित वाणिज्य सेवा (फटाफट सामान पहुंचाने) शुरू करने की घोषणा की। यह सेवा वर्तमान में टर्मिनल-2 के घरेलू प्रस्थान क्षेत्र में शुरू हो गई है, जिसके माध्यम से ऐप आधारित वितरण सेवा को सीधे हवाई अड्डे के भीतर उपलब्ध कराया गया है। इसके तहत यात्री ब्लिंकिट ऐप के माध्यम से अपनी जरूरत का सामान मंगवा सकते हैं। यह सामान हवाई अड्डे के भीतर बोर्डिंग गेट, लाउंज, फूड कोर्ट और कुछ चुनिंदा केंद्रों पर सीधे यात्री के स्थान तक पहुंचाया जाएगा।

### पीजीसीआईएल के नए सीएमडी बने राम मोहन

**नयी दिल्ली।** सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (पीजीसीआईएल) ने बुधवार को बुर्रा वामसी राम मोहन को कंपनी का नया चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वामसी की नियुक्ति एक अप्रैल, 2026 से प्रभावी हो गई है। नियामकीय सूचना के मुताबिक, बिजली मंत्रालय के आदेश के तहत नए सीएमडी का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तारीख से 31 जुलाई, 2030 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, रहेगा।

### आईनॉक्स ने किया वाइब्रेंट एनर्जी का अधिग्रहण

**नयी दिल्ली।** आईनॉक्स क्लीन एनर्जी ने मैक्वेरी कॉरपोरेट होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य शेयरधारकों से वाइब्रेंट एनर्जी का अधिग्रहण 5,000 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर पूरा कर लिया है। आईनॉक्स क्लीन एनर्जी ने बुधवार को बयान में कहा कि वैश्विक विलय एवं अधिग्रहण (एमएंडए) परिवेश में उतार-चढ़ाव के बावजूद यह अधिग्रहण रिकॉर्ड चार महीनों में पूरा किया गया। कंपनी ने कहा कि वाइब्रेंट एक विविधीकृत नवीकरणीय ऊर्जा स्वतंत्र बिजली उत्पादक है, जिसके पास कुल 1,337 मेगावाट की क्षमता का खंड है।

### दो फीसदी घटा कोल इंडिया का उत्पादन

**नयी दिल्ली।** कोल इंडिया लिमिटेड ने बुधवार को कहा कि बीते वित्त वर्ष 2025-26 में उसका उत्पादन 1.7 प्रतिशत घटकर 76.81 करोड़ टन रहा है। घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी रखने वाली इस कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 में 78.11 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया था। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, मार्च महीने में उत्पादन पिछले साल की समान अवधि के 8.58 करोड़ टन से घटकर 8.45 करोड़ टन रह गया।

# वित्त वर्ष के पहले दिन शेयर बाजार में तेजी

# सेंसेक्स 1,187 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

## पश्चिम एशिया में तनाव घटने के संकेतों से वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 103.7 डॉलर प्रति बैरल पर

**मुंबई, एजेंसी**

चालू वित्त वर्ष के पहले दिन स्थानीय शेयर बाजार में तेजी रही और बीएसई सेंसक्स 1,187 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 348 अंक की बढ़त में रहा। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ घरेलू बाजार में मजबूती आई।तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,186.77 अंक यानी 1.65 प्रतिशत बढ़कर 73,134.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय इसमें 2,017.03 अंक की तेजी दर्ज की गई और यह 73,964.58 अंक पर पहुंच गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 348 अंक यानी 1.56 प्रतिशत चढ़कर 22,679.40 अंक पर बंद हुआ।

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी बाजार की धारणा को मजबूती दी। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट, इंटरग्लोब एविएशन, अदाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, भारतीय स्टेट बैंक और इटर्नल प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एनटीपीसी, सन फार्मा, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारती एयरटेल शामिल हैं। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में 3,828 शेयर लाभ में रहे, जबकि 508 में गिरावट आई। वहीं 101 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पश्चिम एशिया संघर्ष के संभावित समाधान के संकेत वाले बयान के बाद जोखिम लेने की प्रवृत्ति में सुधार हुआ है।

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में सकारात्मक रुख था। अमेरिकी बाजारों में मंगलवार को तेजी थी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.22 प्रतिशत टूटकर 103.7 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। महावीर जयंती पर मंगलवार को शेयर बाजार बंद रहे थे। शेयर बाजार आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 11,163.06 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 14,894.72 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।



- **लाभ में रहे-** अदाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एसबीआई, ट्रेंट, इंटरग्लोब एविएशन और इटर्नल
- **नुकसान में रहे-** एनटीपीसी, सन फार्मा, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारती एयरटेल

### चांदी 9,000 रुपये मजबूत, सोना 3,500 चढ़ा




**नयी दिल्ली, एजेंसी।** मजबूत वैश्विक रूख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमत 9,000 रुपये बढ़कर 2.46 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि सोना 3,500 रुपये उछलकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 9,000 रुपये यानी 3.8 प्रतिशत बढ़कर 2,46,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सोमवार को बाजार बंद होने के समय इसकी कीमत 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 3,500 रुपये यानी 2.3 प्रतिशत बढ़कर 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।

### निवेशकों की संपत्ति 9.60 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में बुधवार को आई तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.60 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त होने के संकेतों के बीच बाजार में तेजी आई। वैश्विक बाजारों में तेजी और कच्चे तेल के दाम में नरमी से भी कारोबारी धारणा मजबूत हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,186.77 अंक यानी 1.65 प्रतिशत बढ़कर 73,134.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 2,017.03 अंक चढ़कर 73,964.58 अंक पर पहुंच गया था। शेयर बाजार में आई इस तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार 9,60,261 करोड़ रुपये बढ़कर 4,22,01,433.48 करोड़ रुपये (4,460 अरब डॉलर) हो गया।

# मार्च में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ जीएसटी संग्रह

**नयी दिल्ली, एजेंसी**




- वित्त वर्ष 2025-26 में सकल जीएसटी राजस्व 22.27 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया
- पिछले साल करीब 375 वस्तुओं पर घटी थीं जीएसटी की दरें, किए थे 5 और 18% के दो स्लैब

आयात के साथ-साथ घरेलू बिक्री एवं खरीद से प्राप्त राजस्व में वृद्धि के दम पर मार्च में जीएसटी कलेक्शन करीब नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई। इससे यह कर कटौती से पहले के स्तर दो लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। यह वित्त वर्ष 2025-26 में तीसरा सबसे अधिक मासिक संग्रह है।

सरकार द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, घरेलू सकल राजस्व में 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 1.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। वहीं आयात से प्राप्त राजस्व में 17.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 53,861 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

मार्च, 2025 में सकल जीएसटी संग्रह 1.83 लाख करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल-मार्च) में मार्च, 2026 में तीसरा सबसे अधिक संग्रह दर्ज किया गया। इससे पहले अप्रैल, 2025 में 2.36 लाख करोड़ रुपये से अधिक का अब तक का सबसे अधिक जीएसटी राजस्व दर्ज किया गया। वहीं मई में 2.01 लाख करोड़ रुपये से अधिक का संग्रह हुआ था। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में सकल जीएसटी राजस्व 8.3 प्रतिशत बढ़कर 22.27 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

बता दें कि जीएसटी की दरें करीब 375 वस्तुओं पर कम कर दी गई हैं जिससे सितंबर, 2025 से सामान सस्ता हुआ है। साथ ही, पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत के चार कर स्लैब को पांच और 18 प्रतिशत की दो कर श्रेणी में तब्दील किया गया है। इसमें चुनिंदा अति विलासिता की वस्तुओं और तंबाकू उत्पादों के लिए सर्वाधिक 40 प्रतिशत का कर निर्धारित किया गया है।

परामर्श कंपनी डेलॉयट इंडिया के साझेदार एम. एस. मणि ने कहा कि हालांकि ये संग्रह दर्शाते हैं कि उपभोग की भावना मजबूत बनी हुई है। महाराष्ट्र, कर्नाटक और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों में जहां संग्रह में मजबूत वृद्धि जारी है। वहीं हरियाणा, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में धीमी वृद्धि देखी जा रही है।

पेशेवर सेवा कंपनी ईवाई इंडिया के कर साझेदार सौरभ अग्रवाल ने कहा कि अप्रैल में हम सतर्कतापूर्ण रुख की उम्मीद करते हैं। भू-राजनीतिक चुनौतियों और वैश्विक मुद्रास्फीति के दबाव से उपभोग मांग में कमी आने के आसार हैं।

टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज के साझेदार विवेक जालान ने कहा कि जीएसटी संग्रह राजकोषीय स्थिरता को मजबूत करता है...भारत की कर प्रणाली सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विस्तार के साथ तालमेल बैठा रही है जिससे सरकारों एवं व्यवसायों दोनों को वृद्धि की स्थिरता पर भरोसा हो पाता है।

# कर्ज वृद्धि में कमी, एनपीए बढ़ने की आशंका

## सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों को दिए ऋण पर नजर रखने की जरूरत : क्रिसिल रेटिंग्स

**मुंबई, एजेंसी**

Crisil Ratings




पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने वित्त वर्ष 2026-27 में बैंकों की ऋण वृद्धि में मामूली गिरावट और कर्ज लौटाने में चूक बढ़ने का अनुमान जताया है। क्रिसिल ने बुधवार को कहा कि बैंक 2026-27 में कर्ज में 13% की वृद्धि दर्ज करेंगे। यह वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित 14 प्रतिशत की तुलना में मामूली गिरावट है।

रेटिंग एजेंसी ने यह भी कहा कि बैंकों की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (निष्पादित परिसंपत्तियां) अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई हैं और मार्च, 2027 तक 0.20 प्रतिशत बढ़कर 2.5 प्रतिशत तक हो सकती हैं।

मुख्य रेटिंग अधिकारी कृष्णन सीतारमण ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों को दिए गए ऋण पर नजर रखने की जरूरत है। खासकर उन छोटे उद्योगों के मामले में जिनका पश्चिम एशिया में बाजार है या फिर वे वहां से कच्चे माल लेते हैं। इसके साथ संपत्ति के बदले दिए गए छोटी राशि के कर्ज और कुछ बिना गारंटी वाले ऋण पर भी नजर रखने की जरूरत है। उन्होंने स्वीकार किया कि सेरेमिक और हीरा पॉलिश जैसे क्षेत्रों में इकाइयों को पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण पहले ही प्रतिकूल स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

यह पूछे जाने पर कि क्या पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर राहत पैकेज दिया जा सकता है, क्रिसिल के अधिकारियों ने केवल इतना कहा कि राजकोषीय और मौद्रिक प्राधिकरण प्रतिकूल घटनाओं के बाद उद्योग के लिए उपयुक्त कदम उठा सकते हैं। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि युद्ध लंबा चलने पर ये उपाय लागू किए जा सकते हैं।

हालांकि, राहत उपायों के सटीक प्रभाव का अनुमान लगाना फिलहाल कठिन है।

परिसंपत्ति की गुणवत्ता के अलावा, बैंकों द्वारा जमा जुटाने पर भी नजर रखने की जरूरत है क्योंकि यह ऋण वृद्धि को भी प्रभावित करेगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अंतिम ऋण वृद्धि बैंकों द्वारा जमा जुटाने के प्रदर्शन पर निर्भर करेगी।

### इरेडा का वित्त वर्ष 2025-26 में कर्ज वितरण मंजूरी अबतक के उच्चतम स्तर पर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 51,883 करोड़ रुपये का अब तक का सर्वाधिक सालाना कर्ज मंजूर किया है। कंपनी ने बताया कि बीते वित्त वर्ष में उसका ऋण वितरण भी 16 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 34,946 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। कंपनी के मंगलवार देर शाम जारी बयान के अनुसार, 31 मार्च 2026 तक कंपनी का कुल ऋण खाता 22 प्रतिशत बढ़कर 93,075 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष 76,282 करोड़ रुपये था। बयान के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान स्वीकृत ऋण की राशि पिछले वित्त वर्ष के 47,453 करोड़ रुपये के मुकाबले नौ प्रतिशत बढ़कर 51,883 करोड़ रुपये हो गई।

### 2025-26 में रेलवे ने रिकॉर्ड 167 करोड़ टन माल की ढुलाई की

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** रेल मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि भारतीय रेल ने वित्त वर्ष 2025-26 में 167 करोड़ टन माल की ढुलाई कर नया रिकॉर्ड बनाया है, जो एक साल पहले के मुकाबले 3.25 प्रतिशत अधिक है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह उपलब्धि परिचालन दक्षता में सुधार, क्षमता विस्तार और अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों द्वारा रेल परिवहन पर बढ़ती निर्भरता को दर्शाती है।

# बिजली खपत मार्च में 1.8 % बढ़कर 150 अरब यूनिट पर

**नयी दिल्ली,एजेंसी।**

देश में बिजली की खपत मार्च में 1.8 फीसदी बढ़कर 149.56 अरब यूनिट रही। बेमौसम बारिश के कारण एयर कंडीशनर और कूलर के कम उपयोग से बिजली की खपत में वृद्धि कम हुई है। एक साल पहल इसी महीने में बिजली की खपत 146.92 अरब यूनिट थी। देश भर में रुक-रुक कर हो रही बारिश से तापमान कम बना हुआ है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष मार्च में बिजली की अधिकतम मांग या आपूर्ति बढ़कर 238.37 गीगावाट हो गई। एक साल पहले फरवरी, 2025 में यह 235.22 गीगावाट थी। मई, 2024 में अधिकतम बिजली मांग लगभग 250 गीगावाट के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इससे पहले, बिजली की अधिकतम मांग 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में रही थी।पिछले साल गर्मी (अप्रैल 2025 से) के दौरान, जून में अधिकतम बिजली मांग 242.77 गीगावाट तक पहुंची थी, लेकिन यह सरकार के 277 गीगावाट के अनुमान से कम रही। विद्युत मंत्रालय ने इस वर्ष गर्मी के दौरान अधिकतम बिजली की मांग लगभग 270 गीगावाट रहने का अनुमान लगाया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, इस वर्ष मार्च में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है। बारिश से देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान में कमी आई है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# कांग्रेस जीती तो असम में घुसपैठियों की रक्षा को लाएगी कानून : मोदी

## कहा-उसका लक्ष्य बहुसंख्यक समुदाय को अल्पसंख्यक में बदलना

**गोगामुख/बेहाली (असम), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि अगर कांग्रेस असम में सत्ता में आई तो वह घुसपैठियों की रक्षा के लिए कानून लाएगी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके सहयोगी ऐसा होने नहीं देंगे। मोदी ने धेमाजी जिले के गोगामुख में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य बहुसंख्यक समुदाय को अल्पसंख्यक में बदलना और घुसपैठियों का एक स्थायी वोट बैंक बनाना है। उन्होंने कहा कि 2014 में भाजपा के सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने केंद्र में नया कानून लाने की कोशिश की थी, लेकिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने उसका विरोध किया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता खुलकर घुसपैठियों का समर्थन कर रहे हैं। वे खुलेआम कह रहे हैं कि वे घुसपैठियों की रक्षा के लिए असम में नया कानून ले आएंगे। उन्होंने कांग्रेस पर देश को उसी तरह बांटने का आरोप लगाया, जैसा विभाजन के दौरान मुस्लिम लीग ने किया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान को भी आघात पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए दो परिवार हैं-एक दिल्ली में और दूसरा असम में तथा उनकी प्राथमिकता लोगों का हित नहीं, बल्कि अपने परिवारों का हित है। मोदी का इशारा गांधी परिवार और कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई के परिवार की ओर था।

बिस्वनाथ जिले के बेहाली में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम के संसाधनों के साथ न्याय नहीं किया। जबकि भाजपा राज्य की विविध संपदा का इस्तेमाल उसके विकास के लिए कर रही है।



असम के गोगामुख में एक जनसभा के दौरान स्थानीय प्रत्याशियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

### प्रियंका गांधी का मुख्यमंत्री हिमंत पर निशाना

### कहा- असम को लूट रहा एक परिवार

**नाजिरा/तिंगखोंग (असम), एजेंसी।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा पर बुधवार को निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि इस संसाधन संपन्न राज्य में केवल एक परिवार सब कुछ लूट रहा है जबकि आम लोगों के पास कुछ भी नहीं है। वाड्रा ने यह भी आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार लोगों को डरा-धमकाकर काम कर रही है। विपक्ष के नेता और पार्टी के उम्मीदवार देबब्रत सैकिया के समर्थन में नाजिरा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला किया और उन पर अमेरिका का गुलाम होने का आरोप लगाया। उन्होंने असम में भाजपा नीत सरकार के दौरान हर मोर्चे में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाते हुए शारदा, स्मार्ट सिटी और एनसी हिल्स जैसे कई पुराने घोटालों का मुद्दा उठाया। प्रियंका ने दावा किया कि भाजपा ने कहा था कि उसने डबल इंजन वाली सरकार दी है। असल में यह दोहरी गुलामी वाली सरकार है। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका की गुलामी में लगे हैं और हिमंत विश्व शर्मा मोदी की गुलामी कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा पर चाय बागान श्रमिकों की दैनिक मजदूरी बढ़ाने के वादे को पूरा करने में नाकाम का आरोप लगाया।

### तमिलनाडु: स्टालिन ने भाजपा पर लगाया राज्य में हिंसा की 'साजिश' रचने का आरोप

**तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु),एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर उत्तर प्रदेश और मणिपुर की तरह तमिलनाडु में हिंसा भड़काने की साजिश रचने का आरोप लगाया और दावा किया कि इस साजिश को नाकाम कर दिया गया है। आगामी विधानसभा चुनावों के लिए यहां सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की एक रैली को संबोधित करते हुए पार्टी अध्यक्ष स्टालिन ने तिरुचिरापल्ली क्षेत्र में अपनी सरकार द्वारा लागू योजनाओं का विवरण दिया। उन्होंने पंचपुर बस टर्मिनल, मिनी स्टेडियम, जल्लीकट्टू मैदान, मॉडल स्कूल और संयुक्त पेयजल योजनाओं जैसी पहलों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के दोबारा सरकार बनाने के बाद, कामराज के नाम पर एक विशाल पुस्तकालय, एक टाइडल पार्क और एक ओलंपिक अकादमी का इस क्षेत्र में उद्घाटन किया जाएगा। स्टालिन ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में तिरुचिरापल्ली के लिए 26,066 करोड़ रुपये की परियोजनाएं पूरी की गई हैं और इसीलिए मैं आपसे वोट मांगने आया हूं।

### भाजपा ने द्रमुक के खिलाफ जारी किया आरोपपत्र

**चेन्नई, एजेंसी।** भाजपा के तमिलनाडु चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल ने एक 'आरोपपत्र' जारी किया है जिसमें द्रमुक सरकार पर व्यवस्थित भ्रष्टाचार, वित्तीय कुप्रबंधन और स्पष्ट हिंदू विरोधी पूर्वाग्रह रखने का आरोप लगाया गया है। भाजपा ने राज्य सरकार पर अवैध रेत खनन और विभिन्न विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया।

चेन्नई स्थित भाजपा के राज्य मुख्यालय में जारी आरोपपत्र में द्रमुक शासन के दौरान बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है, जिनमें राज्य में शराब विपणन कार्यों में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की गड़बड़ी, राजमार्ग निविदाओं में हजारों करोड़ रुपये की गड़बड़ी और व्यापक नगरपालिका घोटाले शामिल हैं। आरोपपत्र में मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के प्रशासन पर व्यवस्थागत भ्रष्टाचार और वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाया गया है। साथ ही सनातन धर्म और हिंदू देवी-देवताओं के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणियों का भी उल्लेख किया गया है।

### केरल : एलडीएफ ने सोने के टुकड़ों के लिए भगवान अयप्पा से किया विश्वासघात : राजनाथ

**कोच्चि, एजेंसी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को आरोप लगाया कि भगवान का अपना घर कहे जाने वाले केरल में भगवान सुरक्षित नहीं हैं क्योंकि सत्तारूढ़ एलडीएफ ने सोने के कुछ टुकड़ों के लिए भगवान अय्यप्पा के साथ विश्वासघात किया। वह स्पष्ट रूप से सबरीमाला सोने की चोरी के मामलों का संदर्भ दे रहे थे। परवूर विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि जिस तरह जूडस ने यीशु मसीह को धोखा दिया, उसी तरह एलडीएफ ने भगवान अय्यप्पा को धोखा दिया। उन्होंने एलडीएफ औरयूडीएफ पर केरल की जनता के साथ विश्वासघात, समाज को विभाजित करने, अर्थव्यवस्था को नष्ट करने का भी आरोप लगाया।



प. बंगाल के बीरभूम में एक जनसभा के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करतीं सीएम ममता बनर्जी।

### नामांकन दाखिल करते समय सतर्क रहें तृणमूल प्रत्याशी, नए अफसर खारिज कर सकते हैं : ममता

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा नवनियुक्त अधिकारियों को उनकी पार्टी के उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने पार्टी उम्मीदवारों से नामांकन दाखिल करते समय सावधानी बरतने को कहा है। बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में बीरभूम जिले के नानूर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर राजनीतिक लाभ के लिए केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया। बनर्जी ने कहा कि सब कुछ बदल दिया गया है, यहां नयी व्यवस्था है। निर्वाचन आयोग द्वारा नवनियुक्त अधिकारियों को आपका नामांकन खारिज करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है इसलिए नामांकन दाखिल करते समय सावधानी बरतें। ममता ने महिलाओं से भाजपा को वोट नहीं देने की अपील की। कहा कि भाजपा महिला विरोधी हैं इसलिए एसआईआर में तार्किक विसंगति का हवाला देकर उनके नाम हटाए जा रहे हैं। बनर्जी ने एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का भी स्वागत किया और कहा कि वह इससे खुश हैं।बाद में, बर्वान में एक अन्य रैली में मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा लोगों से उनके बैंक खाता नंबर मांग रही है और उन्हें चेतावनी दी कि वे उन्हें साझा न करें।

### प्रत्याशी चयन को लेकर प. बंगाल में कांग्रेस मुख्यालय में हिंसा

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन को लेकर बुधवार को यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गई, जिसमें पार्टी कार्यकर्ता घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। नाराज पार्टी कार्यकर्ता बाहरी प्रत्याशियों की उम्मीदवारी रद्द करने की मांग करते हुए प्रदर्शन कर रहे थे, जो प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच झड़प में बदल गया। उनकी मुख्य शिकायत पूर्व प्रदेश पार्टी अध्यक्ष सोमेन मित्रा के बेटे रोहन मित्रा को बल्लीगंज विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाये जाने को लेकर थी। प्रदर्शनकारियों का दावा था कि जायद हुसैन को पहले इस सीट से टिकट का आश्वासन दिया गया था, लेकिन बाद में उन्हें टिकट नहीं दिया गया। उत्तेजित कार्यकर्ताओं ने आरोप था कि प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व ने चुनाव के लिए टिकट बेचे हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### यूएई में ड्रोन हमले में एक भारतीय घायल

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में वायु रक्षा प्रणाली द्वारा बुधवार को मार गिराये गये एक ड्रोन के छर्रों से एक भारतीय नागरिक घायल हो गया। सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम के अनुसार, यह घटना उम अल कैवेन के उम अल थुओब औद्योगिक क्षेत्र के पास हुई। उम अल कैवेन सरकारी मीडिया कार्यालय ने अमीरात के संबंधित अधिकारियों द्वारा उम अल थुओब औद्योगिक क्षेत्र में एक सुविधा के पास हुई घटना पर कार्रवाई किये जाने की पुष्टि की। यह घटना वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा ड्रोन को सफलतापूर्वक मार गिराए जाने के बाद गिरे छर्रों के कारण हुई थी। एजेंसी ने कार्यालय ने बताया कि इस घटना में एक भारतीय नागरिक घायल हो गया।

### पाकिस्तान में गोलीबारी से 6 की मौत, दो जख्मी

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में कबीले के बुजुर्गों की एक बैठक के दौरान एक बंदूकधारी द्वारा गोलीबारी किए जाने से छह लोग मारे गए और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि एक लूटी गई मोटरसाइकिल को लेकर हुए विवाद को सुलझाने के लिए इस्तराना कबीले के बुजुर्ग एक वांछित संदिग्ध जुल्फिकार मरवत से मिलने के लिए खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले में गए थे। पुलिस ने बताया कि बैठक के दौरान संदिग्ध ने जिरगा (बैठक) सदस्यों पर गोलीबारी कर दी जिससे छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

### बगदाद में अमेरिकी पत्रकार अपहृत

**बगदाद।** इराकी सुरक्षाकर्मी उस अमेरिकी पत्रकार का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं जिसका मंगलवार को बगदाद में अपहरण कर लिया गया था। इराक की क्षेत्रीय समाचार वेबसाइट ने पत्रकार की पहचान शेली किटलसन के रूप में की है। इराक के गृह मंत्रालय ने कहा कि एक विदेशी पत्रकार का अपहरण किया गया है लेकिन अधिक जानकारी नहीं दी।

### पाकिस्तान-अफगान तालिबान में फिर वार्ता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने चीन में बातचीत फिर से शुरू कर दी है। चीन एक महीने से अधिक समय से जारी लड़ाई के बाद दोनों पक्षों के बीच स्थायी युद्धविराम कराने के लिए मध्यस्थता कर रहा है। चीन के मध्यस्थता प्रयासों के बारे में जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने कहा कि वार्ता का उद्देश्य मौजूदा लड़ाई को समाप्त करना है।

# गोवा क्लब आग मामले में लूथरा बंधुओं को जमानत

**पणजी, एजेंसी**

● **एक अन्य मामले में आरोपी होने के कारण अभी जेल में ही रहना होगा**

गोवा के मापुसा की एक सत्र अदालत ने बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब में भीषण आग से संबंधित मामले में उसके मालिकों सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को बुधवार को जमानत दे दी। पिछले साल इस क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी।

हालांकि दोनों भाई जेल में ही रहेंगे क्योंकि उन्हें एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया गया है। अरपोरा विलेज में स्थित इस क्लब में छह दिसंबर 2025 को आग लगने के कुछ ही घंटे बाद दोनों भाई थाईलैंड भाग गए थे। उन्हें 17 दिसंबर को थाईलैंड से प्रत्यर्पित किया गया और फिर अंजुना पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि नाइटक्लब के लिए आवश्यक अनुमतियां नहीं ली गई थीं और सुरक्षा नियमों का उल्लंघन किया गया था। लूथरा बंधुओं के अधिवक्ता पराग राव ने बताया कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्विजप्ले पाटकर ने दोनों को आग लगने से संबंधित मामले में जमानत दे दी। मापुसा पुलिस ने सोमवार को जालसाजी के मामले में दोनों को हिरासत में लिया था। आग लगने के मामले में जमानत मिलने के बावजूद दोनों जालसाजी के दूसरे मामले में जेल में रहेंगे।

## क्राउड मैनेजमेंट

### कागजों पर नियम जमीन पर बदहाली

भारत में धार्मिक उत्सव और मेलों का आयोजन केवल श्रद्धा का विषय नहीं है, बल्कि यह एक विशाल जनसमूह के प्रबंधन की कठिन चुनौती भी है। हाल ही में बिहार के नालंदा जिले में शीतला माता मंदिर में हुई भगदड़ ने एक बार फिर देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हृदयविदारक घटना में 8 महिलाओं की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंदिर में क्षमता से कहीं अधिक भीड़ और सुरक्षा प्रबंधों की कमी ने धार्मिक आस्था के अवसर को मातम में बदल दिया। भगदड़ की ऐसी घटनाएं भारत के लिए नई नहीं हैं। पिछले वर्षों में जाएं तो कई राज्यों में ऐसी त्रासदियां देखने को मिली हैं जो प्रशासन की तैयारी और भीड़ प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़ी करती हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने इस संबंध में व्यापक दिशा निर्देश जारी किए हैं लेकिन वे कागजी ही बनकर रह गए हैं।



### भीड़ में फंसने पर क्या करें

- फाइटर पोज़ : अपने हाथों को छाती के सामने रखें ताकि फेफड़ों पर दबाव न पड़े और सांस लेते रहें।
- भीड़ के साथ चलें : भीड़ के विपरीत चलने की कोशिश न करें, लहर के साथ धीरे-धीरे किनारे की ओर बढ़ने का प्रयास करें।
- दीवारों से दूर रहें : कोनों, दीवारों या खंभों के पास न चिपकें, वहां कुचले जाने का डर अधिक होता है।
- गिरने से बचें : अपने पैरों पर खड़े रहने की पूरी कोशिश करें। यदि गिर जाएं, तो सिर ढककर 'भ्रूण मुद्रा' में लेट जाएं।

### भगदड़ की हालिया प्रमुख घटनाएं

● करूर राजनीतिक रैली, तमिलनाडु (27 सितंबर 2025) : अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी (टीवीके) की रैली में भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में 41 लोगों की जान चली गई। ● चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु (4 जून 2025) : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल खिताबी जीत के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 प्रशंसकों की मौत हो गई। ● श्री लैराई देवी मंदिर, गोवा (3 मई 2025) : वार्षिक उत्सव के दौरान तड़के मची भगदड़ में 6 श्रद्धालुओं की मौत हुई और करीब 100 लोग घायल हुए। ● नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (15 फरवरी 2025) : महाकुंभ जाने के लिए प्लेटफार्म पर उमड़ी भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में 18 यात्रियों की जान चली गई। ● महाकुंभ, प्रयागराज (29 जनवरी 2025) : मौनी अमावस्या के अवसर पर अमृत स्नान के लिए उमड़ी भीड़ के दौरान संगम क्षेत्र में हुई भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई। ● तिरुमाला हिल्स, आंध्र प्रदेश (8 जनवरी 2025) : वैकुंठ द्वार दर्शन के टिकटों के लिए हुई धक्का-मुक्की में 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई।

### दिशा निर्देश तो हैं लेकिन पालन...

● क्षमता मानचित्रण और नियंत्रण : स्थल की क्षमता के अनुसार ही लोगों को प्रवेश दें, पीक ऑवर्स में कतारों का प्रबंधन करें। ● अवसंरचनात्मक मजबूती : प्रवेश और निकास द्वार चौड़े और अलग-अलग होने चाहिए। बैरिकेडिंग मजबूत हो, और जिगजैग (साँप की कतार) का उपयोग करें। ● वास्तविक समय निगरानी : सीसीटीवी, ड्रोन और सोशल मीडिया के माध्यम से भीड़ के घनत्व पर नजर रखें। ● संचार प्रणाली : अफवाहों को रोकने के लिए लाउडस्पीकर और बहुभाषी साइनेज (दिशा-निर्देश बोर्ड) का प्रयोग करें। ● आपातकालीन योजना : एम्बुलेंस, दमकल और मेडिकल टीम की पूर्व तैनाती सुनिश्चित करें। ● प्रशिक्षित कर्मी : भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और वालंटियर्स को विशेष प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। ● धार्मिक/बड़े आयोजनों में : आयोजकों को आयोजन से पहले जोखिम मूल्यांकन करना और जिला प्रशासन के साथ मिलकर एक विस्तृत भीड़ प्रबंधन योजना तैयार करनी अनिवार्य है।

# पश्चिम बंगाल में एसआईआर से जुड़ी 47 लाख आपत्तियों का कर दिया गया निपटारा

## कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने उच्चतम न्यायालय को कराया अवगत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत 31 मार्च यानी मंगलवार तक कुल 60 लाख आपत्तियों में से लगभग 47.4 लाख का निपटारा किए जाने पर बुधवार को गौर किया और इस प्रक्रिया में हुई प्रगति पर संतोष जताया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने इस प्रक्रिया की प्रगति के बारे में कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से मिले दो पत्रों का संज्ञान लिया।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हम इन तथ्यों एवं आंकड़ों से काफी खुश हैं और बहुत आशावादी हैं। उन्होंने इस बात पर गौर किया कि रोजाना करीब 1.75 लाख से दो लाख आपत्तियों का निपटारा किया जा रहा है। न्यायालय को बताया गया कि निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने या हटाए जाने के खिलाफ अपीलों की सुनवाई के लिए 19 अपीलीय न्यायाधिकरणों के गठन की अधिसूचना जारी की है। इनकी अध्यक्षता उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीश करेंगे। प्रधान न्यायाधीश ने निर्देश दिया कि न्यायाधिकरणों को निर्वाचन आयोग के रिकॉर्ड तक पूरी पहुंच दी जाए जिसमें पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के 700 न्यायिक अधिकारियों की ओर से दर्ज किए गए कारण भी शामिल होंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पक्षकारों को भी ये कारण उपलब्ध कराए जाएं। न्यायालय ने यह भी कहा कि न्यायाधिकरण प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप अपनी प्रक्रिया तय कर सकते हैं, लेकिन उन्हें दस्तावेजों की सत्यता की जांच किए बिना नए दस्तावेज स्वीकार करने से बचना चाहिए। न्यायालय ने निर्वाचन आयोग और पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को यह भी निर्देश दिया कि न्यायिक अधिकारियों, न्यायाधिकरणों के सदस्यों और कर्मचारियों को मानदेय एवं अन्य खर्चों का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उसने निर्वाचन आयोग से कहा कि न्यायाधिकरणों के परिसर की अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया जाए।



### एसआईआर से जुड़ी सभी लंबित आपत्तियों पर सात अप्रैल तक फैसला

पीठ ने उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की इस सूचना का भी संज्ञान लिया कि सभी लंबित आपत्तियों पर संभवतः सात अप्रैल तक फैसला कर दिया जाएगा। प्रधान न्यायाधीश ने इसे ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की याचिका सहित संबंधित याचिकाओं पर आगे की सुनवाई के लिए छह अप्रैल की तारीख तय की। मुख्यमंत्री की ओर से पेश वकीलों समेत याचिकाकर्ताओं की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने नाम हटाए जाने की दर बहुत अधिक करीब 45 प्रतिशत होने पर चिंता जताई। उन्होंने नए आवेदन दाखिल किए जाने और कथित प्रक्रियागत अनियमितताओं के मुद्दे भी उठाए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि न्यायाधिकरणों को काम करने दें और मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने या हटाए जाने के मामलों का निपटारा करने दें। हालांकि, पीठ ने कुछ आशंकाओं को अत्यधिक तकनीकी करार दिया और पक्षकारों को सलाह दी कि वे अपनी विशिष्ट शिकायतें अपीलीय न्यायाधिकरणों के समक्ष रखें। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि आखिरकार ऐसा नहीं है कि आपके पास कोई उपाय ही नहीं है। शीर्ष न्यायालय पश्चिम बंगाल में जारी एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित याचिकाओं के एक समूह पर सुनवाई कर रहा है।

### राज्य में 19 अपीलीय न्यायाधिकरण गठित

पीठ ने आदेश में कहा कि अब तक कुल 47 लाख से अधिक (दावों एवं आपत्तियों का) निस्तारण हो चुका है और निर्वाचन आयोग ने राज्य में 19 अपीलीय न्यायाधिकरणों के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। इनकी अध्यक्षता उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीश/न्यायाधीश कर रहे हैं। पीठ ने कहा कि अपीलीय न्यायाधिकरण उन लोगों की अपीलों पर फैसला करेंगे, जिनके नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। साथ ही निर्वाचन आयोग के अधिकारी भी कथित रूप से गलत तरीके से नाम शामिल किए जाने के खिलाफ अपील कर सकेंगे। पीठ ने कहा कि अपीलीय न्यायाधिकरण प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप अपनी प्रक्रिया विकसित कर सकते हैं।

### भोजशाला : मुस्लिमों की आपत्ति पर करें विचार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय राज्य में विवादित भोजशाला मंदिर-कमल मौला मस्जिद परिसर की वीडियोग्राफी और रंगीन तस्वीरों सहित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किए जा रहे सर्वे से संबंधित मुस्लिम पक्ष द्वारा उठाई गई आपत्तियों पर विचार करेगा। उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय की कार्यवाही में हस्तक्षेप नहीं किया, हालांकि इस बात पर जोर दिया कि वैज्ञानिक सर्वेक्षण से संबंधित सभी आपत्तियों पर प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुसार सुनवाई होनी चाहिए। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने मुस्लिम और हिंदू पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनीं।

# क्रीमिया में रूसी सेना का विमान क्रैश, 29 की मौत



क्रिमिया में दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद दो टुकड़ों में बंटा रूसी सेना का विमान, बुधवार तड़के हुए इस हादसे के बाद मौके पर बचाव और राहत कार्य में जुटीं टीमें।

**मॉस्को, एजेंसी**

● **विमान में सवार थे चालक दल के छह सदस्य और 23 यात्री**

रूस का एक सैन्य विमान उसके कब्जे वाले क्रीमिया में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार चालक दल के छह सदस्य और 23 यात्री मारे गए। रूसी समाचार एजेंसियों ने देश के रक्षा मंत्रालय के हवाले से बुधवार तड़के यह जानकारी दी।

खबरों के अनुसार, एएन-26 सैन्य परिवहन विमान क्रीमिया प्रायद्वीप के ऊपर एक निर्धारित उड़ान पर था और मंगलवार शाम लगभग छह बजे सेना का विमान से संपर्क टूट गया। क्रीमिया को रूस ने 2014 में यूक्रेन से अपने कब्जे में ले लिया था। रूस की शीर्ष जांच एजेंसी इन्वेस्टिगेटिव कमेटी ने बताया कि विमान में चालक दल के कुल सात सदस्य और 23 यात्री सवार थे। आधिकारिक बयानों से यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि दुर्घटना में चालक दल का कोई सदस्य जीवित बचा या नहीं।

रूसी समाचार एजेंसी इंटरफैक्स ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया कि प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना का कारण तकनीकी खराबी माना जा रहा है। सरकारी समाचार एजेंसियों तास और आरआईए नोवोस्ती के अनुसार, घटनास्थल पर मौजूद सूत्रों ने बताया कि विमान एक चट्टान से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हुआ। इन्वेस्टिगेटिव कमेटी ने बताया कि उसने उड़ान नियमों के उल्लंघन के आरोपों पर आपराधिक जांच शुरू कर दी है और क्रीमिया के एक पहाड़ी वन क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। एएन-26 सोवियत काल में डिजाइन किया गया एक सैन्य परिवहन 'टर्बोप्रॉप' विमान है।

## मलयालम फिल्म निर्देशक रंजीत को यौन उत्पीड़न केस में न्यायिक हिरासत में भेजा

**कोच्चि (केरल)।** कोच्चि की एक अदालत ने मलयालम फिल्मों के जाने-माने निर्देशक रंजीत को बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रंजीत को मंगलवार रात यौन उत्पीड़न के कथित प्रयास के एक मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। न्यायिक हिरासत पर भेजे जाने के बाद निर्देशक ने दावा किया कि उन पर लगाए गए आरोप झूठे हैं और वह इसे साबित कर देंगे। उन्होंने यह दावा उस समय किया जब उन्हें यहां उप कारागार के अंदर ले जाया जा रहा था। भले ही निर्देशक ने खुद को बेकसूर बताया हो, लेकिन राज्य के संस्कृति मंत्री साजी चेरियन ने संकेत दिया कि सरकार और पुलिस पीड़िता के साथ हैं तथा केरल फिल्म कर्मचारी संघ (एफईएफकेए) ने निर्देशकों और लेखकों के संघों से रंजीत की सदस्यता रद्द करने की सिफ़ारिश की। पुलिस ने बताया कि इस घटना से पीड़ित महिला गहरे सदमे में थी तथा शिकायत दर्ज कराने के लिए आगे आने से पहले उसकी काउंसलिंग करवाई गई और मनोरोग संबंधी इलाज भी करवाया गया।

● **निर्देशक ने दावा किया कि उनके ऊपर लगाए गए सभी आरोप झूठे**

## सीतारमण के खिलाफ कोर्ट ने आपराधिक मानहानि की शिकायत को खारिज किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक सोमनाथ भारती की पत्नी लिपिका मित्रा द्वारा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि की शिकायत को खारिज कर दिया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने एक आदेश में कहा कि मुझे आगे सुनवाई करने का कोई कारण नहीं दिखता और मैं इस मामले में संज्ञान लेने से इनकार करता हूं। शिकायत खारिज की जाती है। अदालत के विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है।

अदालत सोमनाथ भारती की पत्नी लिपिका मित्रा द्वारा सीतारमण के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि की शिकायत पर सुनवाई कर रही थी।

● **आप के पूर्व विधायक सोमनाथ भारती की पत्नी ने की थी शिकायत**

## मेक इन इंडिया पहल : इजराइल की रक्षा कंपनी ने भारत को लाइट मशीनगन की पहली खेप की आपूर्ति की

**यरुशलम, एजेंसी।** लाइट मशीनगन (एलएमजी) का निर्माण करने वाली इजराइल की एक प्रमुख कंपनी ने मेक इन इंडिया पहल के तहत भारत को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के साथ हल्के मशीनगन की पहली खेप की आपूर्ति की है। इजराइल वेपन्स इंडस्ट्रीज (आईडब्ल्यूआई) ने एक बयान में कहा कि 41,000 इकाइयों (लाइट मशीनगन) के एक बड़े अनुबंध के तहत पिछले सप्ताहांत 2,000 नेगेव (7.62x51) एलएमजी की पहली खेप की आपूर्ति की गई तथा इस वर्ष के अंत में 4,000 और हल्के मशीनगन की आपूर्ति निर्धारित है।

**भारत और इजराइल के बीच किया गया है 41 हजार एलएमजी के लिए बड़ा अनुबंध**

यह आपूर्ति आईडब्ल्यूआई और अदाणी ग्रुप के संयुक्त उद्यम पीएलआर सिस्टम्स द्वारा की गई जो भारत में छोटे हथियार और गोला-बारूद का निर्माण करने वाली पहली निजी कंपनी है। कंपनी ने कहा कि यह उपलब्धि भारत की मेक इन इंडिया पहल के तहत प्रौद्योगिकी हस्तांतरण प्रक्रिया के सफल समापन के बाद हासिल हुई है। यह अनुबंध में तय की गयी समय-सारणी और उच्चतम गुणवत्ता मानकों के अनुसार उन्नत प्रणालियों की आपूर्ति करने की आईडब्ल्यूआई की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह भारत के रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को सहयोग भी पहुंचाती है।

## ईडी की याचिका पर दी केजरीवाल को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से ईडी की उस याचिका पर उनका पक्ष जानना चाहा, जिसमें आबकारी नीति मामले में समन जारी होने के बावजूद जांच एजेंसी के समक्ष पेश न होने के कारण उनके खिलाफ दर्ज दो अलग-अलग मामलों में उन्हें बरी किए जाने को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने निचली अदालत के 22 जनवरी के आदेशों के खिलाफ ईडी द्वारा दायर दो याचिकाओं पर आम आदमी पार्टी (आप) के नेता को नोटिस जारी किया

## कोर्ट ने एमसीडी के गिरफ्तार उपायुक्त, एओ को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने भ्रष्टाचार के एक मामले में दिल्ली नगर निगम के एक उपायुक्त और एक प्रशासनिक अधिकारी को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विशेष सीबीआई न्यायाधीश सुधांशु कौशिक ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की उन याचिकाओं को स्वीकार कर लिया, जिनमें शाहदरा उत्तर के उपायुक्त लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक कुमार मिश्रा और दूसरे अधिकारी देवांशू कुमार गौतम की न्यायिक हिरासत का अनुरोध किया गया था। इन दोनों को मंगलवार को चार लाख रुपये के रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया गया था। विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है। इससे पहले मंगलवार को आरोपियों को एक दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया गया था।

## चंडीगढ़ में भाजपा कार्यालय के बाहर धमाका एनआईए की टीम जांच के लिए पहुंची

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब इकाई के कार्यालय के बाहर बुधवार शाम हुए विस्फोट से अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने बताया कि धमाका किसी देसी उपकरण के फेंके जाने से हुआ प्रतीत होता है। किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक टीम विस्फोट की जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने बताया कि विस्फोट शाम करीब पांच बजे हुआ। विस्फोट में सेक्टर 37 में इमारत के बाहर खड़ा एक स्कूटर क्षतिग्रस्त हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कंवरदीप कौर ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि एक छोटा, देसी किस्म का कुछ उपकरण फेंका गया।

**विशेषज्ञ बोले** तकनीकी प्रगति को जन कल्याण की व्यापक दृष्टि से तालमेल बिठाना होगा

# एआई शक्ति बनने के लिए अपनी स्वदेशी क्षमता बढ़ाए भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विशेषज्ञों ने बुधवार को दिल्ली में एक चर्चा के दौरान कहा कि वैश्विक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) शक्ति के रूप में उभरने के लिए भारत को स्वदेशी क्षमता और नैतिक शासन को आधार बनाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रौद्योगिकी व्यापक जनहित में काम करे।

एक बयान के अनुसार, दिल्ली स्थित थिंक टैंक भारत की सोच द्वारा आयोजित पुस्तक चर्चा श्रृंखला के तहत इस सत्र का आयोजन हुआ जिसमें इस बात पर ध्यान केंद्रित किया गया कि प्राचीन भारतीय ज्ञान, विशेष रूप से अर्थशास्त्र कैसे एआई के माध्यम से उत्पन्न आधुनिक भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटने के लिए एक मजबूत ढांचा प्रदान करता है।

विशेषज्ञों ने कहा कि डिजिटल युग में भारत के नेतृत्व को केवल गति से नहीं मापा जा सकता है और इस बात पर जोर दिया कि तकनीकी प्रगति को जन कल्याण की व्यापक दृष्टि के साथ तालमेल बिठाना होगा। भारत की सोच के निदेशक आर. के. पचनंदा ने कहा कि भारत से वैश्विक स्तर पर शीर्ष एआई शक्तियों में से एक बनने का आह्वान किया जाता है, लेकिन यह नेतृत्व एक ऐसे दृष्टिकोण पर आधारित होना चाहिए जहां प्रौद्योगिकी केवल दक्षता के लिए नहीं बल्कि व्यापक जनहित के लिए काम करे। थिंक टैंक में विजिटिंग फेलो और आगामी पुस्तक 'अर्थशास्त्र इन द एआई एज' के लेखक वी श्रीवत्सन ने कहा कि हर सदी को एक निर्णायक तकनीक द्वारा फिर से लिखा जाता है। कांस्य ने साम्राज्यों का निर्माण किया, बारूद ने राज्यों को नया रूप दिया, भाप ने औद्योगिक शक्ति को गति दी और आज, कृत्रिम बुद्धिमत्ता वैश्विक व्यवस्था को पुनर्गठित कर रही है। इस चर्चा में उभरती वैश्विक गतिशीलताओं का भी विश्लेषण किया गया जिसमें 'पैक्स सिलिका' की अवधारणा शामिल है जिसके अनुसार प्रौद्योगिकी तक पहुंच ही राष्ट्रीय शक्ति की सीमाएं निर्धारित करती है।

### पैक्स सिलिका-आर्थिक सुरक्षा का नया खाका

पैक्स सिलिका 21वीं सदी की आर्थिक सुरक्षा का एक नया खाका है, जो तेल और इस्पात के बजाय कंप्यूटर चिप्स और खनिजों पर केंद्रित है। इसकी शुरुआत दिसंबर 2025 में हुई थी। इसमें अमेरिका के साथ जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, नीदरलैंड, यूके, इज़रायल, ऑस्ट्रेलिया और यूएई जैसे देश शामिल हैं। भारत भी फरवरी 2026 में शामिल हो गया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज धन आगमन के योग हैं। पुराना बकाया मिल सकता है। नया निवेश सोच-समझकर करें। जीवनसाथी के साथ सुखद समय बीतेगा।

**तुला** — आज भौतिक सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा, किंतु आय भी उतनी ही रहेगी। धन का प्रवाह बना रहेगा। जीवनसाथी को कुछ विशेष उपहार दें।

**वृष** — आज आर्थिक स्थिति सुदृढ़ रहेगी। विलासिता पर खर्च हो सकता है उस पर नियंत्रण रखें। सोने-चांदी में निवेश शुभ है।

**वृश्चिक** — आज बीमा और साझेदारी के धन में लाभ संभव है। अचानक खर्च से बचने के लिए कुछ धन सुरक्षित रखें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।

**मिथुन** — आज किसी पुराने देनदार से धन वापसी संभव है। कोई नया सौदा न करें। दस्तावेजों में भूल हो सकती है।

**धनु** — आज धन में वृद्धि के योग है। कोई पुरानी समस्या का हल निकल सकता है। लंबी अवधि का निवेश शुभ रहेगा।

**कर्क** — आज मां या मातृपक्ष की ओर से आर्थिक सहायता मिल सकती है। संपत्ति संबंधी मामले आगे बढ़ेंगे। पाचन तंत्र पर ध्यान दें।

**मकर** — आज का दिन दीर्घकालिक निवेश के लिए अनुकूल है। जमीन-जायदाद संबंधी मामले सुलझेंगे। व्यापार संबंधी मामले में धैर्य रखें।

**सिंह** — आज खर्च नियंत्रित रखें। किसी मित्र को उधार देने से बचें। शेयर बाजार में सावधानी बरतें। संबंधों में अहंकार न आने दें।

**कुंभ** — आज अनपेक्षित स्रोत से धन आ सकता है। व्यवस्थित बजट बनाकर चलें। रोमांटिक संबंधों में स्थिरता आएगी।

**कन्या** — आज का दिन बचत पर ध्यान देने का है। अचानक धन की आवश्यकता पड़ सकती है। पुराने प्रेम संबंधों से बच कर रहें।

**मीन** — आज आपके द्वारा लिए गए निर्णयों की सर्वत्र प्रशंसा होगी। विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। लोग आपको अत्यधिक सम्मान देंगे।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय




**आज की ग्रह स्थिति :** 2 अप्रैल, गुरुवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा 07.41 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-हस्त 17.38 तक तत्पश्चात चित्रा।

### सुडोकू - 106 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 9 | 3 | 1 | 7 | 5 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 1 | 6 | 5 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 7 | 5 | 8 | 4 | 2 | 1 | 9 | 6 |
| 9 | 3 | 4 | 5 | 7 | 6 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 2 | 7 | 9 | 8 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 5 | 6 | 8 | 1 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 8 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 7 |

### सुडोकू -107

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 1 | | 8 | | | | |
| 3 | | | 2 | | 7 | | | 5 |
| | 5 | | | | | 4 | | 6 |
| | | 7 | | 2 | | 9 | | |
| | 9 | | 3 | | 1 | | 2 | |
| | | 5 | | 6 | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 3 | |
| | | | 4 | | 2 | | | 9 |
| | | | | 3 | | 7 | 1 | |



एक टीम के तौर पर आप हमेशा चाहते हैं कि कड़ी चुनौती पेश करें। मुझे खुशी है कि हम मैच को आखिरी ओवर तक ले गए। यह बल्लेबाजी के लिए आसान विकेट नहीं था। पिछले तीन-चार दिन से यहां बारिश हो रही है।
**-पार्थिव पटेल, गुजरात टाइटन्स के सहायक कोच**


# स्टेडियम

मुरादाबाद, गुरुवार, 2 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज का मुकाबला**

कोलकाता नाइट राइडर्स
बनाम
सनराइजर्स हैदराबाद

**समय** - शाम 7:30 बजे

# दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 141 रनों पर समेटा

## आईपीएल-2026 : अब्दुल समद ने जुझारू बल्लेबाजी कर टीम को संभाला

**लखनऊ, एजेंसी**

तेज गेंदबाजों लुंगी एनगिडी और टी नटराजन और कुलदीप यादव की धारदार गेंदबाजी से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां लखनऊ सुपर जाएंट्स को 141 रन पर समेट दिया। एनगिडी (27 रन पर तीन विकेट) और नटराजन (29 रन पर तीन विकेट) की सटीक गेंदबाजी के सामने सुपर जाइंट्स की टीम 18.4 ओवर में सिमट गई। कुलदीप यादव (31 रन पर दो विकेट) ने भी दो विकेट हासिल किए।

सुपर जाएंट्स की ओर से अब्दुल समद (36) और सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श (35) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। इन दोनों के अलावा टीम का अन्य कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद सुपर जाएंट्स की शुरुआत धीमी रही। सुपर जाएंट्स ने तीसरे ओवर की अंतिम गेंद पर कप्तान ऋषभ पंत (07) का विकेट गंवा दिया जो रन आउट हुए। मार्श ने मुकेश कुमार की गेंद पर सीधा शॉट खेला और गेंदबाज के हाथ से छूने के बाद गेंदबाजी छोर पर गेंद विकेटों से टकरा गई जबकि पंत क्रीज से बाहर खड़े थे। मार्श ने मुकेश पर पारी का पहला छक्का जड़ा। एडेन मारक्रम (11) ने भी अक्षर की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया लेकिन अगली गेंद को चूककर बोल्ड हो गए।

सुपर जाइंट्स ने पावर प्ले में दो विकेट पर 48 रन बनाए। आयुष बडोनी भी खाता खोले बिना नटराजन की गेंद पर विकेटकीपर लोकेश राहुल को कैच दे बेठे। मार्श ने एनगिडी पर एक और छक्का जड़ा लेकिन इस तेज गेंदबाज ने निकोलस पूरन (08) को बोल्ड करके सुपर जाइंट्स को चौथा झटका दिया।

मार्श भी इसके बाद कुलदीप की गेंद को हवा में खेलकर मिड ऑफ पर ट्रिस्टन स्टब्स को कैच दे बैठे जिससे सुपर जाएंट्स का स्कोर पांच विकेट पर 71 रन हो गया। उन्होंने 28 गेंद की अपनी पारी में तीन छक्के और दो चौके मारे। मुकुल चौधरी (14) ने कुलदीप पर लगातार दो चौके मारे जबकि समद ने नटराज पर चौके के साथ 13वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। कुलदीप ने मुकुल को अपनी ही गेंद पर लपककर समद के साथ उनकी 34 रन की साझेदारी का अंत किया। समद ने नटराजन की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ रन गति में इजाफा किया। नटराज ने इसी ओवर में मोहम्मद शमी (01) को भी कुलदीप के हाथों कैच कराया जबकि एनगिडी ने एनरिच नोर्किया (00) और मोहसिन खान (00) को आउट करके सुपर जाइंट्स की पारी का अंत किया।



संघर्षपूर्ण पारी के दौरान शॉट लगाते लखनऊ सुपर जाएंट्स के बल्लेबाज अब्दुल समद।



कुलदीप यादव।

**लखनऊ सुपर जाएंट्स**

**141/10** (18.4 ओवर)

- मिचेल मार्श का स्टब्स बो कुलदीप 35
- ऋषभ पंत रन आउट 07
- एडेन मार्करम बो अक्षर 11
- आयुष बडोनी का राहुल बो नटराजन 00
- निकोलन पूरन बो एनगिडी 08
- अब्दुल समद का मिलर बो नटराजन 36
- मुकुल चौधरी का एवं बो कुलदीप 14
- शाहबाज अहमद नाबाद 15
- मो शमी का कुलदीप बो नटराजन 01
- एनरिच नोर्किया का स्टब्स बो एनगिडी 00
- मोहसिन खान का मुकेश बो एनगिडी 00

**गेंदबाजी :** मुकेश 3-0-17-0, एनगिडी 3 .4-0-27-3, अक्षर 3-0-17-1, नटराजन 4-0-29-3, कुलदीप 4-0-31-2, विपराज 1-0-8-0

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 3. | मुंबई इंडियंस | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.687 |
| 4. | पंजाब किंग्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.509 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.509 |
| 6. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.687 |
| 7. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -2.907 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.171 |
| 9. | दिल्ली कैपिटल्स | - | - | - | - | - | - |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | - | - | - | - | - | - |

## हाईलाइट

### सौरव गांगुली पर फिल्म की शूटिंग शुरू



**नई दिल्ली।** भारत के महान क्रिकेटर सौरव गांगुली के जीवन पर बन रही फिल्म 'दादा' की शूटिंग शुरू हो गई है और अभिनेता राजकुमार राव इसमें दादा के किरदार में नजर आएंगे। निर्माताओं ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर इसकी घोषणा की। 'उड़ान' और 'लुटेरा' फेम विक्रमादित्य मोटवानी इस फिल्म का निर्देशन करेंगे जबकि लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग निर्माता हैं। लव फिल्म्स ने लिखा लाइट , कैमरा, क्रिकेट। दादा फिल्म की शूटिंग शुरू। मोटवानी ने भी कोलकाता के ईडन गार्डंस पर सौरव गांगुली स्टैंड की तस्वीर के साथ यह खबर साझा की।

### पहलवान हमाम हुसैन का सपना साकार

**अंबिकापुर।** करीब एक दशक तक मिट्टी के अखाड़ों पर खेलने से लेकर परिवार की मदद के लिए दूध बेचने तक जम्मू कश्मीर के पहलवान हमाम हुसैन की कड़ी मेहनत खेलो इंडिया ट्राइबल खेलों में रंग लाई जहां राष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने पहला स्वर्ण पदक जीता। जम्मू के जोरावर गांव के रहने वाले 28 वर्षीय हमाम के पिता का पांच साल पहले निधन हो गया था जिसके बाद परिवार की जिम्मेदारी उनके और उनके बड़े भाई के कंधों पर आ गई। दोनों ने मिलकर दूध बेचकर घर चलाया और इसी के साथ हमाम ने अपने कुश्ती के सपने को जिंदा रखा। यह संघर्ष आखिरकार खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में रंग लाया, जहां हमाम ने पुरुषों के 79 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में हिमाचल प्रदेश के मोहित कुमार को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

### पूर्व क्रिकेटर अनिल गुरव का निधन

**मुंबई।** द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच दिवंगत रमाकांत आचरेकर के शुरुआती शिष्यों में से एक और अपनी बल्लेबाजी के कारण दोस्तों के बीच 'मुंबई के विवियन रिचर्ड्स' के नाम से मशहूर अनिल गुरव अपनी कुछ गलत पसंद के कारण कभी उस मुकाम तक नहीं पहुंच पाए और इसका उन्हें जीवन भर पछतावा रहा। आचरेकर के सबसे बेहतरीन शिष्यों में से एक माने जाने वाले गुरव कभी क्लब स्तरीय क्रिकेट से आगे बढ़कर मुंबई टीम में जगह नहीं बना पाए। उनका का मंगलवार को यहां नालासोपारा स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। गुरव शारदाश्रम में दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और विनोद कांबली से कुछ साल सीनियर थे। कहा जाता है कि कोच आचरेकर आगे चलकर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले इन दोनों बल्लेबाजों को गुरव को नेट पर बल्लेबाजी करते हुए देखने के लिए ले जाया करते थे।

# केकेआर के स्पिनरों को दिखाना होगा दम

- सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबला आज

**कोलकाता, एजेंसी**

अपने पहले मैच में हार का सामना करने वाली कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के गुरुवार को यहां होने वाले मैच में अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेंगी। इन दोनों टीम की बल्लेबाजी काफी मजबूत है और ऐसे में गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन निर्णायक साबित हो सकता है। केकेआर की टीम अपने स्पिनरों की फॉर्म में वापसी को लेकर उत्सुक होगा जबकि सनराइजर्स को भी अपने गेंदबाजी विभाग में काफी सुधार करना होगा।

यह मुकाबला तीन बार के चैंपियन केकेआर के लिए घरेलू मैदान पर होने वाले महत्वपूर्ण दौर की शुरुआत भी है, जिसे आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए यहां सात दिन में तीन मैच और फिर 19 अप्रैल को एक और मैच खेलना है। विधानसभा चुनाव के कारण कोलकाता में लगभग एक महीने तक कोई मैच नहीं खेला जाएगा। केकेआर को इसके बाद चार मैच दूसरी टीमों के घरेलू मैदान पर खेलने हैं। उसका अपने घरेलू मैदान पर अगला मैच 16 मई को होगा और ऐसे में उसकी टीम इस चरण में लय हासिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

ईडन गार्डन्स केकेआर का गढ़ रहा है, जिसने 2008 से यहां खेले गए 95 मैचों में से 54 मैच जीते हैं। कुछ प्रमुख गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हुआ है। हर्षित राणा और आकाश दीप बाहर हो चुके हैं जबकि मथीशा पथिराना को अभी श्रीलंका क्रिकेट से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलना बाकी है। इसके अलावा 25.20 करोड़ रुपये में खरीदे गए कैमरन ग्रीन फिलहाल केवल बल्लेबाज के रूप में उपलब्ध हैं। केकेआर के गेंदबाजी आक्रमण की कमजोरी मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में स्पष्ट तौर पर नजर आई जहां उसकी टीम 220 रन का बचाव नहीं कर सकी थी।

रोहित शर्मा और रयान रिकेल्टन ने केवल 72 गेंद पर 148 रन की साझेदारी की। इस मैच में केकेआर के मुख्य स्पिनरों सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती को संघर्ष करना पड़ा था जो उनकी टीम के लिए चिंता का विषय होगा।



अभ्यास सत्र के दौरान केकेआर के मुख्य स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण।

**टीम**

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह (उप-कप्तान), फिन एलन, तेजस्वी दहिया, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, सार्थक रंजन, टिम सीफर्ट, राहुल त्रिपाठी, दक्ष कामरा, कैमरन ग्रीन, सुनील नारायण, रचिन रवींद्र, वरुण चक्रवर्ती, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, सौरभ दुबे, कार्तिक त्यागी, ब्लेसिंग मुजाराबानी, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी और उमरान मलिक।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** ईशान किशन (कप्तान), ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, अनिकेत वर्मा, आर . स्मरण, हेनरिक क्लासेन, नितीश कुमार रेड्डी, हर्ष दुबे, कामिंदु मेंडिस, हर्षल पटेल, ब्रायडन कार्स, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा, जीशान अंसारी, लियाम लिविंगस्टोन, शिवम मावी, सलिल अरोड़ा, शिवांग कुमार, ओंकार टारमाले, क्रेन्स फुलेट्रा, प्रफुल्ल हिंगे, अमित कुमार, साकिब हुसैन, जैक एडवर्ड्स और पैट कमिंस।

## अभिषेक, ईशान टी-20 रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर

**दुबई।** भारत के आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ईशान किशन आईसीसी टी20 खिलाड़ियों की बुधवार को जारी रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं। अभिषेक 875 अंक के साथ शीर्ष पर हैं जबकि ईशान के 871 अंक हैं । तिलक वर्मा छठे और भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव सातवें स्थान पर हैं।

इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर आठवें और न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट नौवे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज कोनोर एस्टरहुइजेन ने जबर्दस्त छलांग लगाई है और पहले वह शीर्ष सौ से बाहर थे लेकिन अब 39वें स्थान पर हैं। गेंदबाजों में अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान शीर्ष पर हैं जबकि भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती दूसरे और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पांचवें स्थान पर हैं। हरफनमौलाओं की सूची में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा शीर्ष पर हैं जबकि हार्दिक पंड्या दूसरे स्थान पर हैं।

**ऑरेंज कैप**



रियन रिकलटन
मुंबई 81 रन
ईशान किशन
हैदराबाद 80 रन
रोहित शर्मा
मुंबई 78 रन

**पर्पल कैप**

जैकब डफी
आरसीबी 3 विकेट
टी नटराजन
दिल्ली 3 विकेट
प्रसिद्ध कृष्णा
गुजरात 3 विकेट



## पोंटिंग ने आक्रामक खेलने को कहा था : कोनोली

**मुल्लांपुर।** गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के जरिये आईपीएल में पदार्पण करने वाले पंजाब किंग्स के बल्लेबाज कूपर कोनोली ने कहा कि मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने उन्हें आक्रामक खेलने की सलाह दी थी जबकि वह कप्तान श्रेयस अय्यर से भी सीखने को बेताब हैं। कोनोली ने 44 गेंद में नाबाद 72 रन बनाकर पंजाब को जीत दिलाई। कोनोली ने जियोस्टार से कहा मैं सुबह उठा तो नर्वस था जिससे मुझे खुशी भी हुई। मुझे अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का इंतजार था। उन्होंने कहा रिकी पोंटिंग ने मुझसे शांतचित्त होकर खेलने को कहा।



उन्होंने मुझसे आक्रामक बल्लेबाजी के लिये कहा। यह शानदार टीम प्रयास था। हमने बहुत अच्छी गेंदबाजी की थी जिससे चीजें आसान हो गई। कोनोली ने कहा मैं श्रेयस अय्यर के साथ बल्लेबाजी करके सीखना चाहता था।

## श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मंगलवार को यहां खेले गए आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पंजाब किंग्स ने इस मैच में गुजरात टाइटन्स को तीन विकेट से हराकर आईपीएल 2026 में जीत से शुरुआत की। आईपीएल ने एक विज्ञप्ति में कहा आईपीएल की न्यूनतम ओवर रेट से जुड़ी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत अपराध था।

# जापान के खिलाफ भारत शुरू करेगा अभियान

- अंडर-20 महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट

**पाथुम थानी (थाईलैंड), एजेंसी**

भारतीय अंडर-20 महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीम बृहस्पतिवार को एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप थाईलैंड 2026 में अपना अभियान जापान की मजबूत टीम के खिलाफ शुरू करेगी और इस टूर्नामेंट में खेलने के 20 साल के इंतजार को खत्म करेगी।

भारत के लिए यह एक मैच से कहीं अधिक है क्योंकि टीम ने दो दशक में पहली बार इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। मुख्य कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने शुरुआती मैच से पहले वास्तविकता और महत्वाकांक्षा दोनों पर जोर दिया। स्वीडन के कोच एलेक्जेंडरसन ने कहा हमें अच्छी तरह पता है कि भारतीय टीम के साथ हम अभी इस माहौल में नए हैं। हम जानते हैं कि हमारा सामना मजबूत विरोधियों से है और हम उनका सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा लेकिन साथ ही हमारी सोच यह है कि हम इस ग्रुप से आगे बढ़ें और विश्व कप के लिए क्वालीफाई करें। इस टूर्नामेंट के लिए भारत की तैयारी बहुत विस्तृत और व्यवस्थित तरीके से हुई है।

कजाखस्तान में खेले गए मैत्री मुकाबलों से लेकर स्वीडन में एक महीने तक चले ट्रेनिंग शिवर तक पूरा ध्यान एक ऐसी टीम बनाने पर रहा है जो बड़े स्तर की प्रतियोगिताओं की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो। कोच ने कहा हम पिछले तीन महीने से लगातार एक साथ हैं।

## लियोनेल मेसी ने दिखाया जलवा

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम की तरफ से घरेलू मैदान पर संभवतः अपने आखिरी मैच में लियोनेल मेसी ने विश्व कप फुटबॉल से पहले खेले गए मैत्री मैच में मंगलवार को यहां जाम्बिया के खिलाफ अपनी टीम की 5-0 से शानदार जीत में एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की।

ब्यूनस आयर्स के ला बोम्बोनेरा स्टेडियम में 38 वर्षीय मेस्सी ने चौथे मिनट में जूलियन अल्वारेज़ को गोल करने में मदद की और फिर 43वें मिनट में गोल किया। दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया और उनसे अर्जेंटीना को एक और विश्व कप जिताने में मदद करने की अपील लगाई। विश्व कप 11 जून से अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा। अर्जेंटीना के लिए निकोलस ओटामेंडी और वैलेन्टिन बारको ने भी गोल किए।

**विश्व कप प्लेऑफ**

**यूरोपीय प्लेऑफ में विश्व रैंकिंग में 66वें स्थान पर काबिज बोस्निया हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हारा**

# लगातार तीसरी बार जगह बनाने से चूका इटली

**जेनिका (बोस्निया), एजेंसी**

फुटबॉल की महाशक्तियों में से एक चार बार का चैंपियन इटली मंगलवार को यूरोपीय प्लेऑफ में विश्व रैंकिंग में 66वें स्थान पर काबिज बोस्निया हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हारने के कारण लगातार तीसरी बार विश्व कप फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने से चूक गया।

इटली की शुरुआत अच्छी रही थी। उसकी तरफ से मोइसे कीन ने शुरुआती गोल किया, लेकिन हाफ टाइम से पहले उसके सेंटर बैक एलेसांद्रो बास्तोनी को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। इटली के सामने 10 खिलाड़ियों से खेलने के कारण अपनी बढ़त को बनाए रखने की बड़ी चुनौती थी जिसमें वह नाकाम रहा जबकि बोस्निया ने इसका पूरा फायदा उठाया। उसके स्थानापन्न खिलाड़ी हारिस तबकोविच ने 79वें मिनट में बराबरी का गोल करके मैच को 1-1 के स्कोर से अतिरिक्त समय में पहुंचा दिया।

फुटबॉल विश्व कप में इटली का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन उसकी टीम अब अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है क्योंकि पिछले दो विश्व कप के क्वालीफाइंग प्लेऑफ में उसे क्रमशः स्वीडन और उत्तरी मैसेडोनिया ने बाहर कर दिया था।

बोस्निया ने शूटआउट में 4-1 से जीत हासिल की और 2014 के बाद पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। यह केवल दूसरा अवसर है जबकि उसने विश्व कप में जगह बनाई। पेनल्टी शूटआउट में इटली के पियो एस्पोसिटो और ब्रायन क्रिस्टांटे अपने शॉट चूक गए जबकि अमेरिका में जन्मे एस्मीर बज्रक्तरेविच ने बोस्निया के लिए निर्णायक पेनल्टी को गोल में बदल दिया। इटली के डिफेंडर लियोनार्डो स्पिनज़ोला ने कहा हमें अब भी यकीन नहीं हो रहा कि हम टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं और वह भी इस तरह से। यह सबके लिए निराशाजनक है। हमारे लिए, हमारे परिवारों के लिए और उन सभी बच्चों के लिए जिन्होंने कभी इटली को विश्व कप में खेलते नहीं देखा।



यह कहना बहुत आसान है कि टीम के लिए क्या सही है और क्या गलत। सच्चाई यह है कि इटली तीन विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा है। राष्ट्रीय टीम और क्लब दोनों के साथ अपने लक्ष्य हासिल करने में हमें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।
**-जेन्नारो गट्टूसो, इटली के कोच**

### विश्व कप में 16 वर्ष तक नहीं खेल पाएगा एक भी मैच

इटली के बाहर होने का मतलब है कि 1934, 1938, 1982 और 2006 का चैंपियन विश्व कप में कम से कम 16 साल तक एक भी मैच नहीं खेल पाएगा। इटली इससे पहले 2010 और 2014 में विश्व कप में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया था। यूरोपीय प्लेऑफ फाइनल में जीत हासिल करके स्वीडन, तुर्किए और चेक गणराज्य ने भी विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। स्वीडन ने पोलैंड को 3-2 से, तुर्किए ने कोसोवो को 1-0 से और चेक गणराज्य ने डेनमार्क को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराया।